द्वितीय वाक्पति ने हूणो का भी दमन किया । परमार इतिहास मे द्वितीय सीयक से लेकर सिन्धुराज के समय तक बराबर उनके सघर्षो के उल्लेख मिलते है।[78] गाओन्टी अभिलेख मे यह उल्लेख है कि उसने हूणमण्डलान्तर्गत स्थित वणिका ग्राम ब्राह्मणो के लिए दान किया।[79] हूणो की भजराज के हाथो पराजय और विनाशक का प्रमाणीकरण चालुक्यराज पचम विक्रमादित्य के कौथेम अभिलेख (इए0,जि0 16, पृ0 23) से भी होता है।

दक्षिण पूर्व मे वाक्पति मुन्जराज ने त्रिपुरी के कलचुरी राजा द्वितीय युवराज की युद्ध मे करारी मात देकर उसकी राजधानी पर थोडे दिना के लिए अधिकार कर लिया।[80] किन्तु कलचुरि राजधानी पर वाक्पति का अधिकार थोडे ही दिनो तक रहा और वाक्पति ने कलचुरियो से सधिकर उनका राज्य लौटा दिया[81] उदयपुर प्रशस्ति इस बात का दावा करती है कि 'लाट' कर्णट, चोल और केरल के राजे वाक्पति के पदकमल अपने शिरोरत्नो से सुशोभित करते थे।[82]

दक्षिणापथ (कर्णाट) के शासक द्वितीय तैलप के विरूद्ध युद्ध मे वाक्पति को असमान देखना पडा। सफल सैनिक विजेता के रूप मे प्राप्त उसकी यश कीर्ति दक्षिण मे लुप्त हो गया और वहॉ वह मारा गया। तैलप की मुज से छह बार मुथभेड हो चुकी थी और हर बार मुज ने उसे हराया

था। किन्तु छठी बार मुज का दु खद अत हुआ। आगे चलकर मुज का दुखद अत चिरस्थायी चालुक्य परमार शत्रुता का एक प्रमुख कारण बना।

सिन्धुराज – लगभग (996–1010 ई0) वाक्पति मजुराज के सम्भवत कोई पुत्र न था इसलिए उसने अपने छोटे भाई सिन्धुराज को अपना युवराज नियुक्त किया था जो उसकी मृत्यु के बाद राजा हुआ। वास्तव मे मुज और भोज जैसे दो महान् शासको के बीच मे पड जाने से उसका इतिवृत्त खुलकर सामने नही आ पाता।

दक्षिणी युद्ध के परिणामस्वरूप मुज की मृत्यु सारे परमार राजवश को कॉटे की भॉति चुभ रही थी। अत सिन्धुराज का पहला सैनिक अभियान तज्जन्य अपमान ओर भूमिहानि को दूर करने के लिए हुआ। पद्मगुप्त[83] कहता है कि उसने कुन्तलेश्वर द्वारा अधिकृत अपना राज्य (स्वराज्य) अपनी तलवार के बल से प्राप्त किया। ''कुन्तलेश्वर'' से कल्याणी के चालुक्य शासक सत्याश्रय से तात्पर्य है। जो तैलप द्वितीय का पुत्र और उत्तराधिकारी (997–1008) ई0 था। अपने पिता की ओर से मुज के विरूद्ध युद्ध मे वह भाग ले चुका था।[84] सत्याश्रय का अपने राज्य के दक्षिण मे चोल राजा राजराज (985–1014) से युद्ध मे फॅस जाना[85] सिन्धुराज की सफलता के लिए अच्छा अवसर साबित हुआ।

नवसहसाकचरित (11वा, 18) कोशल पर उसकी विजय का उल्लेख करता है। उससे पराजित राजा की पहचान कलचुरिवशी कलिगराज से की गयी है।[86] अपने राज्य के पश्चिम और दक्षिण पश्चिम मे सिन्धुराज ने लाट, अपरात और पुरल की विजये की । नवसहसाकचारित (10वा, 17) उसकी लाट विजय का उल्लेख करता है। लाट से समुद्र के किनारे होता हुआ दक्षिण–पश्चिम मे और आगे बढकर कोकण (अपरात) के शिलाहार राजा को भी सिन्धुराज ने पराजित किया।[87]

सिन्धुराज का दक्षिणी पश्चिमी अभियान एक दिग्विजय जैसी

उपलब्धि प्रतीत होती है। पद्मगुप्त[88] उस दिशा मे जिस विजित अतिम राज्य का उल्लेख करता है वह मुरल था। सिन्धुराज की मुरलविजय धर्मविजय मात्र प्रतीत होती है।

उत्तर मे सिन्धुराज की सर्वप्रमुख उपलब्धि हूणो का दमन प्रतीत होती है। इसका उल्लेख नवसहसाकचरित (10वा, 14) के अतिरिक्त उदयपुर प्रशस्ति (एइ0, जि01,पृ0 235) मे भी मिलता है।[89]

सिन्धुराज की सैनिक उपलब्धिया प्रभूत थी। किन्तु गुजरात के चालुक्य शासक चामुण्डराज (997–1009 ई0) से उसका युद्ध हुआ और उसमे उसकी पराजय हुई।[90] राजनैतिक और सैनिक सफलताओ मे सिन्धुराज मुज ओर भोज के बीच की योग्य कडी था।

आबू पर्वत से प्राप्त शिलालेख भी परमारो की आबू पर्वत से अग्निकुण्ड (अग्निकुल) उत्पत्ति का साक्ष्य देते है। पूर्णपाल के बसन्तगढ अभिलेख के अनुसार "वशिष्ठ के क्रोध से एक वीर उत्पन्न हुआ जिससे परमार वश की उत्पत्ति हुए। बसन्तगढ अभिलेख का अनेको अभिलेखो ने समर्थन किया है। भिनमाल, जालौर एव बागड के अभिलेखीय एव अन्य स्रोतो से भी इसकी पुष्टि होती है।

आबू शाखा के परमार शासको मे धारावर्ष सबसे प्रमुख एव प्रतापी शासक थे। इन्होने 54 वर्ष से अधिक समय तक शासन एव परमारो की कीर्ति विस्तार किया एव विद्वानो को सरक्षण दिया। आबू शाखा जालौर, बागड एव भिनमाल शाखा की राजनैतिक उपलब्धियॉ उनकी उत्पत्ति के साथ ही इसी परिच्छेद मे दी गई है।

महान भोज – (लगभग 1010–1055 ई0) मोडासा ताम्रफलक से ज्ञात होता है कि वि0स0 1067 अर्थात 1011 ई0 के कुछ पूर्व सिन्धुराज की मृत्यु और उसके पुत्र भोज का राज्यारोहण हो चुका था।

भोज के इतिहास की जानकारी के प्रचुर साधन है। 1011 ई0 से 1046 ई0 तक के उसक काम से कम आठ अभिलेख प्राप्त होते है। जो उसके दानो के सिलसिले मे उसकी अन्य राजनीतिक उपलब्धियो सहित उसके राज्यविस्तार का परिचय देते है। विद्या और सस्कृति के क्षेत्र मे वह अपने निजी कृतिव्यो और कृतियो एव लेखको को दिये जाने वाले राज्याश्रय से इतना प्रसिद्ध हुआ कि उसकी तुलना का भारतीय इतिहास मे ही क्या सारे विश्व के इतिहास मे शायद ही कोई शासक हुआ।

उदयपुर प्रशस्ति के उन्नीसवे श्लोक मे भोज की विजयो का वर्णन हुआ है। कल्याणी के चालुक्य राज्य से भोज का सघर्ष उसके सैनिक जीवन की सबसे प्रथम घटना प्रतीत होती है। उसने कर्णाट प्रदेशो से होते हुए कोकण की विजय की थी। भोज के सामन्त यशोवर्मा का कल्वन अभिलेख भी उसकी कर्णाट, लाट, ओर कोकण, विजय का उल्लेख करता है।[91] भोज ने बारज के पौत्र कीर्तिराज पर आक्रमण कर उसे आत्मसमर्पण के लिए विवश कर दिया।[92] उदयपुर प्रशस्ति और भोज के सामन्त यशोवर्मन के कल्वन अभिलेख से भी लाट पर भोज की विजय प्रमाणित है।[93] यशोवर्मन के अभिलेख मे कहा गया है कि वह नासिक जिले मे 1500 गॉवो पर भोज की ओर से शासन करता था।

उदयपुर प्रशस्ति के अनुसार भोज ने इन्द्ररथ को हराया। यह इन्द्ररथ सम्भवत वही है जिसकी चर्चा राजेन्द्र चोल (1012–1042 ई0) के तिरूवालगाडु और तिरूमले अभिलेख[94] से उसके विजित के रूप मे आई है।

उदयपुर प्रशस्ति भोज की विजयो मे तोग्गल और तुरूष्क की भी गिनती करती है। उदयपुर प्रशस्ति (एइ0, जि01 पृ0 235, श्लोक 19) और यशोवर्मा के कल्वन अभिलेख (एई0, जि0 19, पृ0 69–75) भोज की चेदीश्वर पर विजय का उल्लेख करते है।

विद्याधर चन्देल भोज जैसा ही महत्वाकाक्षी और शक्तिशाली

शासक था। जो मालवा के पूर्व मे बुन्देलखण्ड पर राज्य करता था। भोज ने विद्याधर से सीधी मुठभेड से सम्भवत बचने की कोशिश की। एक चन्देल अभिलेख[95] इस बात का दावा करता है। कि 'कलचुरि चन्द्र' और भोज ने विद्याधर की वैसी ही पूजा की जैसे कोई शिष्य अपने गुरू की करता है। विक्रम सिह के दूबकुण्ड अभिलेख[96] से ज्ञात होता है कि जिस अर्जुन ने विद्याधर चन्देल की ओर से कन्नौज राजपाल का वध किया था उसी के पुत्र अभिमन्यु की अश्वो और रथो के नियन्त्रण तथा युद्ध के शास्त्रो और धनुषबाण के प्रयोग की कुशलता भोज ने प्रशसित की।

भीम प्रथम भोज का दूसरा चालुक्य प्रतिद्वन्द्वी था। भीम भोज सघर्षो की चर्चा गुजराती जैन लेखको के बहुत ग्रन्थो मे नही मिलती। मेरूतुगकृत प्रबधचिन्तामणि[97] से उस पर विशद प्रकाश पडता है।

भोज अपनी सैनिक दक्षता, कूटनीतिक पहलो, और राजनीतिक प्रभावो द्वारा प्राय सभी दिशाओ मे विजये प्राप्त कर उसने परमार सत्ता को बेजोड बना दिया। अपनी उन्नति की चरमावस्था मे उत्तर भारत और दक्षिणापथ की शायद ही कोई सत्ता रही, जिसे कभी न कभी भोज ने मात न दी हो। उदयपुर प्रशस्ति उसका यशोगान करती हुई कहती है कि पृथु की तुलना करने वाले उस भोजन ने कैलाश पर्वत से लेकर मलयागिरी तक एक विशाल साम्राज्य का भोग किया तथा अपने धनुषबाणो से पृथ्वी के सभी राजाओ को उखाडते हुए उन्हे विभिन्न दिशाओ मे बिखेरकर पृथ्वी का परम प्रीतिदाता बना।

पाद टिप्पणी

1 नवसहसाक चरित (परिमलकृत) 11वा अध्याय पृ0 64–76।

2 धनपालकृत तिलक मजरी – प्रथम – पृ0 29।

3 अथर्ववेद पचम 18 वा0 रा0 प्रथम 54–56 वा अध्याय, आदिपर्व 175 वा अध्याय वन पर्व 82 वा अध्याय

राजबली पाण्डेय–भारती जिल्द–1–पृष्ठ 1–8

वि0 श0 पाठक–भारती जिल्द 6 (1962–63) पृष्ठ–33 और आगे

4 विशुद्धानन्द पाठक–उत्तर भारत का राजनैतिक इतिहास पृष्ठ 55

5 मनुस्मृति –10वा –43–44 पी0 वी0 काणे धर्मशास्त्र का इतिहास जिल्द 1 भाग 2 पृष्ठ–16

6 वा0 ग0 जिल्द नवी0 पृष्ठ 495

7 वही पृष्ठ 495

8 ब्लाकमन और जेर्टट कृत अग्रेजी अनुवाद जिल्द दूसरी पृष्ठ 214 और आगे।

9 राजपूताना का इतिहास–जिल्द 1 पृष्ठ 79 श्री धूमराज प्रथम वभूवभूवासवसतत्र नरेन्द्र वशे –एइ0 जिल्द 8 पृष्ठ 2101

10 विशुद्धानन्द पाठक –उत्तरभारत का राजनैतिक इतिहास पृष्ठ 553

11 डी0सी0 गागुली –परमार राजवश का इतिहास पृष्ठ 5

12 ए0 इ0 जिल्द 19वी पृष्ठ 237

13 अंग्रेजी अनुवाद जिल्द 2 पृष्ठ 214 और आगे।

14 प्रतिपाल भाटिया–दि परमाराज पृष्ठ 16

15. डी0 सी गागुली, परमार राजवश का इतिहास, पृ07

16 विशुद्धानन्द पाठक, उत्तर भारत का राजनैतिक इतिहास –555 पृष्ठ

17 विशुद्धानद पाठक उत्तर भारत का राजनैतिक इतिहास पृष्ठ–556

18 प्रतिपाल भाटिया–दि परमाराज पृष्ठ 16–17
19 AE VOL I , P 236 डी0 सी0 गागुली – परमार राजवश का इतिहास–पृष्ठ–3
20 A E VOL IX P 10
21 A E VOL IX, P 155
22 डी0सी0 गागुली, परमार राजवश का इतिहास, पृ0 15
23 A E VOL VIII, P 211
24 A E VOL VIII, P 52
25 A I Vol I P 225, VOL XXXVI, P 167
26 A I VOL IX, P 155, (श्लोक 55)
27 C V Vaıdya - History of Hındu Medıeval Indıa Vol II Page 117
28 Introductıon C I I Vol VII Part II, P-4
29 प्रतिपाल भाटिया दि परमाराज पृष्ठ–16
30 विशुद्धानद पाठक–उत्तर भारत का राजनैतिक इतिहास पृष्ठ 556
31 ब्रहमक्षय कुलीन जयति–पिगला चारिकृत हस्ताक्षर
32 ब्रहमक्षस्य ग्रो योनिर्वर्शो देवर्षिसत्कृत । क्षेमक प्राप्त राजान सस्था प्राप्स्थति है वे कलौ–मत्स्य 50वा अध्याय 88वा श्लोक
33 उदयपुर–प्रशस्ति मे–ए0 इ0 जि0 1 पृष्ठ–234
34 उदयपुर–प्रशस्ति मे–ए0 इ0 जि0 1 पृष्ठ–234
35 डी0 सी0 गागुली परमार राजवश का इतिहास पृष्ठ 14
36 A E VOL I, P 225
37. डी0सी0 गागुली परमार राजवश का इतिहास–पृष्ठ–14
38 A E VOL I, P 237, (श्लोक–7)
39. A S.I 1916-17, VOL I, P 19
40 A E VOL IX, P 10
41 वही पृ0 155, जर्रेट कृत अग्रेजी अनुवाद जिल्द दूसरी पृष्ठ 214 आगे ।

42 डी0 सी0 गागुली–परमार राजवश का इतिहास–पृष्ठ 15

43 J A S B VOL XXXI, P 114, AE VOl P 225, IA, VOl 36, P 167

44 Progress Report of the Archaeologıcal Survey of Indıa (Western cırcle) 919 पृष्ठ 54

45 डी0 सी0 गागुली परमार राजवश का इतिहास–17

46 डी0 सी0 गागुली–परमार राजवश का इतिहास पृ0 64

47 E I Vol- XIX P 177 VOl XX P 236

48 A.E VOL XIX, P 13

49 पार्थ पराक्रम द्वितीय (गायकवाडकी की आरियटल सीरीज न0 4)

50 J B B R A S VOL XXIII, P 75

51 A I.VOL XI, P 155, श्लोक 5

52 द्वयाश्रयमहाकाव्य 5वा सर्ग श्लोक 37

53 डी0 सी0 गागुली–परमार राजवश का इतिहास पृष्ठ 228–230

54 डी0 सी0 गागुली परमार राजवश का इतिहास पृष्ठ 232

55 Emperial Gazelıer of Indıa vol XI Page 380

56 E I vol XIV Page 304

57 E.I Vol XXI Page 47.

58 E.I Vol XXI Page 47

59 वही चौदहवा पृष्ठ 296

60 E.I VOL XIV, P 305-307

61 श्री मालाव स्थित महाराजाधिराज श्री देवराज (अप्रकाशित)

62 A.E VOl. XIX, P 242

63 वही, पृ0 238–242, श्लोक 9 और 12

64 प्रतिपाल भाटिया, पूर्वनिर्दिष्ट पृ0 40

65. A.E. VOL I, P 235 श्लोक 12,

66 A E. VOL 14, P 295-96

67 A S R I , 1996-17, P 19-20

68 डा0 गागुली का विचार है कि दक्षिण मे सीयक की सीमाए गोदावरी नदी तक विस्तृत थी। किन्तु यह अनुमान मात्र है। खोट्टिग के विरूद्ध उसके युद्ध सम्बन्धी साक्ष्यो से स्पष्ट है कि राष्ट्रकूट राजा नर्मदा तक आकर ही उससे भिडा। अत वही उसकी उत्तरी सीमा थी। उसकी हारने पर सीयक मे मान्यखेट लूआ, किन्तु नर्मदा के दक्षिण राष्ट्रकूटो का कोई प्रदेश उसके अधिकार मे नही आया प्रतीत होता। (पूर्व निर्दिष्ट, पृ0 31–32)

69 द्वितीय वाक्यपति का प्रथम अभिलेख (ए0ई0जिल्द 6, पृ0 50) वि0स0 1031 अर्थात 974 ई0 मे उज्जैन से प्रकाशित हुआ था। सीयक 972 तक (खलिघट्ट के युद्ध की तिथि) शासनस्थ था। अत द्वितीय वाक्पति इन्ही दोनो तिथियो के बीच राज्यासीन हुआ होगा।

70 नागपुर प्रशस्ति, ए0इ0जिल्द 2, पृ0 184, श्लोक 23, प्रबन्ध चिन्तामणि (द्विवेदी), पृ0 7 । अर्जुनवर्माकृत अमरूशतक की रसिक सजीवनी नामक टीका के अनुसार वाक्पति का दूसरा नाम मुज था– 'अस्मत्पूर्वजस्य वाक्पतिराज अपरनाम्नो मुजदेवस्य।' डा0 गागुली (पूर्व निर्दिष्ट, पृ0 34, नोट 7) द्वारा उद्धृत। नवसाहसाकचरित, प्रथम 6–7 और 11वॉ, 98–101, वल्लभदेवकृत सुभाषितावली, श्लोक 34

71 A E VOl VI, P. 51, VOl XIV, P 107, VOl VIII, IInd Apendix, P 2

72 भक्त्वाघाट घटाभि प्रकटमिव मद भेदपाटे भटाना -
जन्ये राजन्येजन्ये जनयति जनताज रण मुजराजे श्लोक 9, ए0 इ0, जि0 10, पृ0 20,

73 (श्री) माणे प्रणण्टे हरिण इव भिया गुर्णरेशे विनष्टे तत्सैन्यानास (श) रण्यो हरिर् इव शरणो य सुराणा व (ब) भूव वही, श्लोक 10

74. J A S O., बम्बई शाखा, जि0 16 पृ0 173–174

75 J A S.O , बम्बई शाखा, जि0 16 पृ0 174

76 A.E VOl XVI, P 23

77 दशरथ शर्मा, पूर्वनिर्दिष्ट पृ0 122–123 प्रतिपाल भाटिया पूर्व निर्दिष्ट, पृ0 50

78 नवसाहसाक चरित, 10वा 160, और 11वा 90, ए0 इ0, जि0 23, पृ0 101–103, ए0 इ0 जि0 1, पृ0 235, श्लोक 16

79 A E VOL XXIII, P 101-103

80 युवराज विजित्यासौ हत्वातद्वाहिनीपतीन,
खडग्मूहर्वीकृत येन त्रिपूयॉ विलीगीषुणा, उदयपुर प्रशस्ति ए0ई0 जिल्द 1, पृ0 235

81 वा0 वि0 मीराशी, कार्पस, जि0 4, पृ0 87

82 कर्णाप्लाट केरल चोल शिरोरत्न रागिपद कमल यश्चप्र

83 नवसाहसाक चरित्र, प्रथम, 74

84 A E VOL XXXIII, P 131-133

85 नीलकान्त शास्त्री, दि चोलज्, पृ0 175–177

86 डी0सी0 गागुली, पूर्वनिर्दिष्ट, पृ0 56, वा0 वि0 मीराशी, कार्पस, जि0 4 भूमिका, पृ0 118 वा, ए0 इ0, जि0 1, पृ0 33 किन्तु हाल मे इसे कोशलपति की पहचान सोमवशीराजा ययातिमहाशिवगुप्त से की गयी है। देखिये, क्वार्टर्ली रिव्यू ऑफ हिस्टोरिकल स्टडीज, कलकत्ता, 1961–62, पृ0 128

87 इण्डियन कल्चर जि0 2, पृ0 402, नवसाहसाकचरित, 10वा, 19 नरसाहसाक चरित, 10वा, 16

88 इण्डियन कल्चर जि0 2, पृ0 402, नवसाहसाकचरित, 10वा, 19 नरसाहसाक चरित, 10वा, 16

89 तस्यानुजोनिर्जिहूणराज श्री सिन्धुराजो विजयार्जित श्री श्लोक 16

90 जयसिह सूरिकृत कुमारपाल भूपाल चरित, प्रथम, 31, बाडनगर प्रशस्ति, ए0 इ0, जि01, पृ0 297, श्लो0 6

91 A.E VOl XIX, P 71-72, वा0 वि0 मीराशी, कार्पस, जि0 4, स0 50, पृ0 256

92 E A VOL XII, P 201-203, कीर्तिराज का एक अभिलेख (पाठक कममोरेशन वाल्यूम, पृ0 287–303) 1018 ई0 का0 प्राप्त है।

93 A E VOl I, P 235, श्लो0 19, ए0 इ0, जि0, 19, पृ0 69–75
साउथ इण्डियन इन्स्कृप्शन, जि0 3, भाग 3, पृ0 424, ए0 इ0 जि0 9, पृ0 233

94 साउथ इण्डियन इन्स्कृप्शन, जि0 3, भाग 3, पृ0 424, ए0 इ0 जि0 9, पृ0 233

95 विहितकन्याकुब्ज भूपालभग समरगुप्त उपास्त प्रौढ भीत्तत्ल्पभोज स कलचुरिचन्द्र शिष्यवत् भोजदेव

96 यसयातद्भुत वाहवाहनमहाशस्त्रप्रयोगादिष प्रावीण्य कविकीत्थत पृथुमति श्री भोजपृथ्वीभुजा ए0 इ0, जि0 2, पृ0 237–8, पक्ति 18,

97 प्रचिद्वि, पृ0 37 और आगे

❑❑

परमार शासकों के अभिलेख

मालवा के परमार

(1) वि0स0 1005 के हर्सोल से प्राप्त दो ताम्रपत्र जो सीयक द्वितीय से सम्बन्धित है।

(2) वि0स0 1026 अहमदाबाद ताम्रपत्र सीयक द्वितीय से सम्बन्धित है।

(3) वि0स0 1031 सन् 974 ई0 धरमपुरी प्रशस्ति जो परमार राजवश के सातवे शासक वाक्पतिराजमुज से सम्बन्धित है।

(4) वि0स0 1036 सन् 979 ई0 का उज्जैन दानपत्र भी वाक्पतिराजमुज से सम्बन्धित है।

(5) गौनरी ताम्रपत्र वि0स0 1038 सन् 981 ई0 का अभिलेख वाक्पतिराजमज से सम्बधित है।

(6) वि0स0 1043 सन् 986 ई0 का गौनरी ताम्रपत्र वाक्पतिराजमुज से ही सम्बन्धित है।

(7) वि0स0 1067 सन् 1010 ई0 का मोदसा ताम्रपत्र यह अभिलेख परमार भोज से सम्बन्धित है।

(8) वि0स0 1074 सन् 1017 ई0 का महौदी ताम्रपत्र। परमारवश के प्रतापी शासक भोज से सम्बधित है।

(9) वि0स0 1076 सन् 1019 ई0 का बेतमा ताम्रपत्र। परमार भोज से सम्बन्धित है।

(10) वि0स0 1076 सन् 1019 ई0 का बासवाडा ताम्रपत्र परमार नरेश से सम्बन्धित है।

(11) वि0स0 1078 सन् 1021 ई0 का उज्जैन ताम्रपत्र। परम प्रतापी परमार भोज से सम्बन्धित है।

(12) वि0स0 1079 सन् 1022 ई0 का देपालपुर ताम्रपत्र। प्रस्तुत अभिलेख भोज परमार से सम्बन्धित है।

(13) वि0स0 1091 सन् 1034 ई0 की सरस्वती प्रतिमा जो अब ब्रिटिश सग्रहालय लदन मे है। परमार भोज से समय मे उत्कीर्ण की गई।

(14) वि0स0 1103 सन् 1046 ई0 का तिलकवाडा ताम्रपत्र। भोजपरमार से सम्बधित है।

(15) भोजदेव के काल का कल्वन प्रस्तर अभिलेख तिथि अज्ञात है।

(16) भोजदेव का भोजपुर प्रस्तर लेख तिथि अप्राप्त ।

भोज परमार के प्राय सभी अभिलेख ॐ नम व्योमकेशा या ॐ नम समरादति के उद्‌बोधन से आरभ होते है इन दोनो ही सम्बोधनो का अर्थ शिव से है। इससे स्पष्ट होता है कि परमार नरेश भोजदेव शिव जी के परम भक्त थे।

(17) वि0स0 1112 सन् 1055 ई0 का मान्धाता दानपत्र। परमार नरेश जयसिह से सम्बन्धित है।

(18) वि0स0 1137 सन् 1060 ई0 का उदयपुर प्रस्तर अभिलेख परमार नरेश उदयादित्य से सम्बधित है।

(19) वि0स0 1138 सन् 1061 ई0 का धार प्रशस्ति उदयादित्य के शासनकाल का है।

(20) कामद स्तम्भ अभिलेख वि0स0 1140 सन् 1063 ई0 का यह अभिलेख परमार नरेश उदयादित्य के शासनकाल से सम्बद्ध है।

(21) वि0स0 1143 सन् 1066 ई0 झालरापाटन का यह अभिलेख परमार नरेश उदयादित्य से सम्बन्धित है। प्रस्तुत अभिलेख का आरभ 'ॐ नम शिवाय' की स्तुति से हुआ है।

(22) शेरगढ का वि0स0 11xx का प्रस्तर अभिलेख उदयादित्य से सम्बद्ध है।

(23) उदयपुर प्रस्तर अभिलेख तिथि अज्ञात 'ॐ नम शिवाय' से आरम्भ यह अभिलेख परमारो की अग्निकुल उत्पत्ति की उस कथा का वर्णन करता है जिसमे विश्वामित्र द्वारा वशिष्ठ की कामधेनु के हरण की बात कही गई है। अभिलेख की छठवी पक्ति मे – विश्वामित्रो वशिष्ठादहरत व (ब) ल तो यत्र गा ––––– उवाच परमारा U, U, र्थिवेदो भविष्यति। मे यह वर्णित है। इसी अभिलेख मे परमार भोज को 'भर्गभक्त' कहा गया है।

(24) महाकाल मदिर (उज्जैन) अभिलेख तिथि अज्ञात। उदयादित्य के काल का यह अभिलेख महाकाल ज्योतिर्लिंग को समर्पित है। इस अभिलेख की प्रमुख विशेषता देवनागरी लिपि का वर्णन है जो अ से ह तक की वर्णमाला एव क्ष त्र ज्ञ छोड सभी सयुक्ताक्षरो को वर्णित करती है।

(25) धारा प्रशस्ति तिथि अज्ञात।

(26) सर्पबन्ध अभिलेख तिथि अज्ञात

(27) जगददेव के शासन काल का डोगरगाव प्रस्तर प्रशस्ति वि0स0 1034

(28) जगददेव का जैनद प्रस्तर अभिलेख।

(29) वि0स0 1151 नरवर्मन का अमेरा प्रस्तर अभिलेख।

(30) विक्रम स0 1152 का नरवर्मन का देवास ताम्रपत्र।

(31) वि0स0 1157 का नरवर्मन का भोजपुर प्रशस्ति।

(32) वि0स0 1161 का नरवर्मन का नागपुर सग्रहालय अभिलेख।

(33) वि0स0 1167 का नरवर्मन का कदम्बपद्रक प्रशस्ति।

(34) वि0स0 1191 का शेरगढ से प्राप्त जैन अभिलेख।

(35) (तिथि अज्ञात) नरवर्मन के समय का विदिश प्रस्तर लेख।

(36) (तिथि अज्ञात) सूर्यदेव की स्तुति मे चित्तपा की प्रशस्ति।

(37) वि0स0 – 1192 का यशोवर्मन का उज्जैन ताम्रपत्र अभिलेख।

(38) जयवर्मन का उज्जैन ताम्रपत्र अभिलेख।

(39) वि0स0 1191 और 1200 का महाकुमार लक्ष्मीवर्मन का उज्जैन तामपत्र अभिलेख।

(40) महाकुमार लक्ष्मीवर्मन का भोपाल स्तम्भ अभिलेख।

(41) वि0स0 1216 का त्रिलोकवर्मन का विदिशा प्रस्तर अभिलेख।

(42) त्रिलोकवर्मन का ग्यारसपुर स्तम्भ लेख।

(43) वि0स0 1214 का महाकुमार हरिश्चन्द्र का भोपाल तामपत्र अभिलेख

(44) वि0स0 1235 और 1236 के महाकुमार हरिश्चद के पिप्पलिनगर ताम्रपत्र अभिलेख।

(45) वि0स0 1256 का महाकुमार उदयवर्मन का भोपाल ताम्र पत्र अभिलेख।

(46) विक्रम स0 1267 का अर्जुनवर्मन का पिप्पलिनगर ताम्रपत्र अभिलेख।

(47) वि0स0 1270 का अर्जुनवर्मन का सिहोर ताम्रपत्र अभिलेख।

(48) वि0स0 1272 का अर्जुनवर्मन का सिहोर ताम्रपत्र अभिलेख।

(49) वि0स0 1275 का देवपाल का हरसूद प्रस्तर अभिलेख।

(50) वि0स0 1282 का देवपाल का मान्धाता ताम्रपत्र अभिलेख।

(51) वि0स0 1286 का देवपाल का उदयपुर प्रस्तर अभिलेख।

(52) वि0स0 128(9) का देवपाल का उदयपुर प्रस्तर अभिलेख।

(53) वि0स0 1312 का जयसिह का राहतगढ प्रस्तर अभिलेख।

(54) वि0स0 1314 का जयसिह का अत्रु प्रस्तर अभिलेख (शिलालेख)।

(55) वि0स0 1314 का जयवर्मन का मोदी प्रस्तर अभिलेख

(56) वि0स0 1317 का जयवर्मन का मान्धाता ताम्रपत्र।

(57) वि0स0 1320 का जयसिह का विदिशा प्रस्तर अभिलेख।

(58) वि0स0 1326 का जयसिह II का पथरी प्रस्तर अभिलेख।

(59) वि0स0 1331 का जयवर्मन II का मान्धाता ताम्रपत्र अभिलेख।

आबू–चन्द्रावती के परमारों के अभिलेख

(60) वि0स0 1099 पूर्णपाल का वर्मन शिलालेख।

(61) वि0स0 1099 पूर्णपाल का वसतगढ शिलालेख।

(62) वि0स0 1102 पूर्णपाल का भरुन्द शिलालेख।

(63) वि0स0 1202 यशोधवल का अजारी शिला अभिलेख।

(64) वि0स0 1207 यशोधवल का अचलगढ शिलालेख।

(65) वि0स0 1210 यशोधवल का बाघ अभिलेख।

(66) वि0स0 1220 का धारावर्ष का केदार प्रस्तर लेख।

(67) वि0स0 1237 का धारावर्ष का हाथल ताम्रपत्र लेख।

(68) वि0स0 1237 का धारावर्ष का नाना प्रस्तर लेख।

(69) वि0स0 1240 का धारावर्ष का अजारी प्रस्तर अभिलेख।

(70) वि0स0 1245 का धारावर्ष का मन्थल प्रस्तर अभिलेख।

(71) वि0स0 1249 का धारावर्ष का वामनर जी प्रस्तर अभिलेख।

(72) वि0स0 1255 का धारावर्ष का जलोढी प्रस्तर अभिलेख।

(73) वि0स0 1271 का धारावर्ष का बुतरी प्रस्तर अभिलेख।

(74) वि0स0 1274 का धारावर्ष का कातल प्रस्तर अभिलेख।

(75) चन्द्रावती के परमारो का रोहेरा ताम्रपत्र अभिलेख।

(76) वि0स0 1277 का सोमसिह का धता छाया अभिलेख।

(77) वि0स0 1290 का सोमसिह का नाना प्रस्तर अभिलेख।

(78) वि0स0 1293 का सोमसिह का देवश्वेतर प्रस्तर अभिलेख।

(79) वि0स0 1300 का अल्हणदेव का कलाजर प्रस्तर अभिलेख (प्लेट अनुपलब्ध)

(80) वि0स0 1321 का भुला प्रस्तर अभिलेख।

(81) वि0स0 1344 का प्रतापसिह का गिरवर प्रस्तर अभिलेख।

बागड़ शाखा के परमारों के अभिलेख

(82) वि0स0 1116 का माण्डलिक का पन्हेरा प्रस्तर अभिलेख।

(83) वि0स0 1136 का चामुण्डराज का अर्थुना प्रस्तर अभिलेख।

(84) वि0स0 1137 का चामुण्डराज के समय का अर्थुना प्रस्तर अभिलेख।

(85) वि0स0 1159 चामुण्डराज के समय का अर्थुना प्रस्तर अभिलेख।

(86) वि0स0 1159 का चामुण्डराज के समय का अर्थुना प्रस्तर अभिलेख।

(87) चामुण्डराज के समय का अर्थुना प्रस्तर अभि0 (तिथि अज्ञात)।

(88) वि0स0 1165 विजय राज के समय का अर्थुना प्रस्तर अभिलेख।

(89) वि0स0 1166 विजय राज के समय का अर्थुना प्रस्तर अभिलेख।

भिनमाल के परमारों के अभिलेख

(90) वि0स0 1159 देवराज का रोपी अभिलेख।

(91) वि0स0 1117 कृष्णराज के समय का भिनमाल प्रस्तर अभिलेख

(प्लेट अनुपलब्ध)

(92) वि0स0 1123 का कृष्णराज के समय का भिनमाल प्रस्तर अभिलेख।

(93) वि0स0 1218 सोमेश्वर का किराडु प्रस्तर अभिलेख।

(94) वि0स0 1239 जयसिह का भिनमाल प्रस्तर अभिलेख।

जालौर के परमारों का अभिलेख

(95) वि0स0 1174 वीसल का जालौर प्रस्तर अभिलेख।

---

* अहमदाबाद के हर्सोल से सीयक द्वितीय के दो अभिलेख एक ही साथ प्राप्त हुए है और दोनो का उल्लेख प्रथम अभिलेख के रुप मे हुआ है। इस प्रकार अभिलेखो की कुल स0 96 होती है।

** परमार शासको के अतिरिक्त कुछ अन्य अभिलेख भी पाये गये है जैसे–चुनार के किले से प्राप्त राजा भतृहरि (जो परमार भोज के अग्रज थे और सन्यासी हो गये थे) इनकी गुफा उज्जैन मे है जहा इन्होने तपस्या किया था) से सबधित अभिलेख इस अभिलेख से भी परमारो के वशिष्ठ गोत्री एव अग्निकुल उत्पत्ति का साक्ष्य देते है। प्रस्तुत अभिलेख को अन्य साक्ष्यों के अन्तर्गत सम्मिलित किया गया है।
(कुछ प्रमुख अभिलेखो की छाया प्रति सन्दर्भ ग्रन्थ सूची के साथ सलग्न है)

परमार शासको का वश वृक्ष

मालवा के परमार (C 850–1310 ई0)

परमार उपेन्द्र

|

वाक्पतिराज @ कृष्णराज (895–920 ई0)

|

वैरिसिह (920–945 ई0)

|

सीयक (सिया) @ हर्ष (हर्षसिह) (945 73 ई0)

|

वज्रट 949–969 ई0

वाक्पति उत्पलराजमुज अमोघवर्ष, पृथ्वीवल्लभ, श्री वल्लभ मृणालवति
974–95
975, 979, 982, 986

सिधुराज @ नवसहसाक या कुमारनारायण
(995 – 1000)

भोजदेव (1000–1055)
1011, 1018, 1020, 1021, 1022,
1034–35 1049

उदयादित्य (1070–93)
1080–1081, 1082

जय सिह
1055–56–1059)

नरवर्मन
1093–1134

लक्ष्मीवर्मन

जगददेव
(1112) (जगद देव मालवा की गद्दी पर नही बैठे)

श्यामलदेवी

मोमलदेवी
1094, 1101, 1104–05, 1110, 1134

गयाकर्ण
1151

जयवर्मन
(1142–43) 1134

लक्ष्मीवर्मन
(1143–55) 1144

त्रिलोकवर्मन
1158–59

विन्ध्यवर्मन
(1187—94)
हरिश्चन्द्र (1156—86)
1157—1178—79, 1186
सुभटवर्मन (1194—1209)
अर्जुनवर्मन (1210—15)
उदयवर्मन
1186—1215
देवपाल
1215—35
जयतुगि (1235—55)
जयसिह
अर्जुनवर्मन II
(1275)
भोज द्वितीय
जय सिह IV
(ज्ञात वर्ष 1310)
जयवर्मन (1255—75)

आबू के परमार

(सन् 900 से 1300 ई0)

उत्पलराज 910–30

|

आर्यन राज 930–50

|

कृष्णराज I 950–70

|

धरणीवर्ष 970–90

ध्रुवभट 990–1000

महिपाल (1000–20 ई0)

पूर्णपाल (1040–50)

योगराज

|

रामदेव

|

दन्तिवर्मन 1050–60

कक्कलदेव III (1090–1115)

|

विक्रम सिह 1115–45

धन्धुक (1020–40 ई0)

कृष्णदेवराज II 1060–90

यशोधवल (1145–1160) 1146, 1150, 1154

प्रहलादन

धारावर्ष (1160–1220) 1180, 1183, 1188, 1192, 1198, 1214, 1216, 1219

सोमसिह (1220–40) 1221, 1232, 1235

कृष्णदेव III (1240–1260 ई0)

प्रताप सिह (1260–1285)

अर्जुन (1285–95) 1290

वागड़ शाखा के परमार

(925—1110 ई0)

वैरिसिह	डम्बरसिह	(नाम अज्ञात है)
	930—55	चच्च (कक) (955—70)
		चन्डप (970—1000)
		सत्यराज (1000—1025)
	लिम्बराज	माण्डलिक
	(1025—1040)	(1040—70
		1059
		चामुण्डराज (1070—1105)
		1080, 1101
		विजयराज (1105—1110)
		1108, 1109

किराडु भिनमाल के परमार

(950—1185 ई0)

सिधुराज
दूसल या (ऊसल)
धरणीवर्ष
|
रेवराज—1002 या (1012)
धन्धुक
कृष्णराज 1060, 1067
|
सुच्चिराज (1100—1125)
उदयराज (1125—45)
|
सोमेश्वर (1145—1165)
जयसिह 1183

जालौर के परमार

(960–1125 ई0)

वाक्पतिराज (960–985)
|
चन्दन (985–1010)
|
देवराज (1010–35)
|
अपराजित (1035–60)
|
वीजल (1060–1085)
|
धारावर्ष (1085–1109)
|
वीसल (1109–1119)
1109, 1119

* सभी तिथिया ईसवी सन् मे है। कोष्ठक मे दी गयी तिथि शासको के सम्पूर्णशासन काल, बिना कोष्ठक की तिथिया अभिलेखिक एव अन्य साक्ष्यो की उपलब्धता वर्ष पर आधारित है।

** सन् 850 से 1310 ई0 तक परमार शासको का वश वृक्ष सलग्न करने का तात्पर्य केवल यह है कि परमार शासको का आधिपत्य चौदहवी शताब्दी के आरम्भ तक रहा। इसके बाद भी परमार क्षत्रियो का वश वृक्ष निरन्तर पुष्पित पल्लवित होता चला आ रहा है। परमार क्षत्रियो का विस्तार पूरे देश मे हुआ। वर्तमान मे परमार क्षत्रिय मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, बिहार, उत्तर प्रदेश के पश्चिमी जिलो एव पूर्वी जिलो मे सुलतानपुर, जौनपुर, मिर्जापुर, वाराणसी, सोनभद्र, फैजाबाद, गोण्डा सम्पूर्ण अवध, मऊ, गाजीपुर सहित भारतवर्ष के सभी राज्यो मे है।

TWO HARSŌLĀ COPPER PLATE GRANTS OF SĪYAKA (VIKRAMA) YEAR 1005 GRANT A

I

2 4 6 8 10 12 14 16

II

18 20 22 24 26

From Facsimiles

PLATE I

TWO HARSŌLĀ COPPER-PLATE GRANTS OF SĪYAKA
(VIKRAMA) YEAR 1005) GRANT B

i

ii

DHARAMPURI GRANT OF VĀKPATIRĀJA
(VIKRAMA) YEAR 1031

i

ii

From Facsimiles

MAHAUDĪ COPPER-PLATE INSCRIPTION OF BHŌJADĒVA
(VIKRAMA) YEAR 1071

Scale. Seven-tenths

PLATE XI

MAHAUDĪ COPPER-PLATE INSCRIPTION OF BHŌJADĒVA
(VIKRAMA) YEAR 1074

Scale   Seven tenths

UJJAIN COPPER PLATE INSCRIPTION OF BHŌJADĒVA
(VIKRAMA) YEAR 1078

I

II

From Facsimiles

UDAIPUR STONE INSCRIPTION OF THE PARAMĀRA RULERS OF MĀLWĀ (UNDATED) — **PART A**

Scale : Five-eighths

PLATE XXVI

UDAIPUR STONE INSCRIPTION OF THE PARAMĀRA RULERS OF MĀLWĀ (UNDATED)—PART B

Scale Five-eighths

PLATE XXX

ŪN *ŚARPA-BANDHA* INSCRIPTION (UNDATED)

DONGARGĀON STONE INSCRIPTION OF THE TIME OF JAGADDĒVA (SAKA) YEAR 1034

Left side

2

4

6

8

Right side

2

4

6

8

From Facsimiles

DHAR SARPA-BANDHA INSCRIPTION **B** (UNDATED)

2

4

2

4

From Facsimile

MAHĀKĀLEŚVARA TEMPLE *SARPA-BANDHA* INSCRIPTION
(UJJAIN) (UNDATED)

From Facsimile

PLATE

DHĀR *SARPA-BANDHA* INSCRIPTION A (DUPLICATE AND UNDATED)

अध्याय-2

परमार कालीन सामाजिक जीवन

सामाजिक जीवन

सामान्यत किसी काल का सामाजिक जीवन उस काल की सास्कृतिक एव राजनैतिक स्थिति का परिचायक होता है। इस काल का सामाजिक जीवन मुख्यत गुप्तकाल की सामाजिक विशेषताओ को लिए हुए नवीन आयामो के साथ प्रस्तुत होता है। समाज वर्ण व्यवस्था पर आधारित था।

वर्ण अवधारणा मूलत सास्कृतिक थी, सिद्धान्तत इससे व्यक्ति की नैतिक एव बौद्धिक योग्यता का आभास होता था। स्मृतिकारो ने वणो के सामाजिक कर्तव्यो पर बल दिया है, न कि जन्म से प्राप्त अधिकारो एव विशेषाधिकारो पर इसके विपरीत जाति व्यवस्था जन्म तथा आनुवाशिकता पर बल देती है। इसमे कर्तव्यो के पालन पर जोन न देकर विशेषाधिकारो पर बल दिया गया है।[1]

धर्मशास्त्रो तथा स्मृतियो के अनुसार वेदाध्ययन करना, यज्ञ करना तथा दान देना ब्राह्मण, क्षत्रिय एव वैश्य के आवश्यक कर्तव्य थे। वेदाध्ययन यज्ञ करवाना एव दान लेना ब्राह्मणो के, युद्ध करना एव जनरक्षा क्षत्रियो के, तथा कृषि कर्म, पशुपालन एव व्यापार करना वैश्यो के विशेषाधिकार माने गये थे।[2] शूद्रो का कर्तव्य द्विजातियो की सेवा करना माना गया है।[3]

साधारणतया वर्णशब्द रग अक्षर और जाति के अर्थ मे प्रयुक्त होता है। सामाजिक दशा के सदर्भ मे वर्णशब्द जाति के अर्थ मे रूढ है किन्तु यह 'वर्ण' शब्द जातिशब्द का पर्याप्त नही है। प्राचीन काल से ही वर्ण चार है – ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र। परन्तु जातिया एव उप जातिया अनेक है – जैसे कायस्थ, तेली, अग्रवाल आदि। वर्ण व्यवस्था की परम्परा का उद्‌गम ऋग्वेदिक काल मे हुआ।[4] जो परमार काल तक आते–आते

अनेक जातियो एव उपजातियो मे विभक्त हो गया। यह वृद्धि देशकाल एव रीतिरिवाजो, व्यवहारो के कारण हुई। परमार नरेश वर्णाश्रमधर्म की रक्षा करना अपना कर्तव्य मानते हुए प्रशासन चलाते थे। इसी कारण वे व्यवस्थित वर्ग विमधर्म आदि विशेषणो से अलकृत थे।[5] उदयादित्य और नरवर्मन की तो यह घोषणा थी "मेरे खड्ग वर्ण की रक्षा के लिए सदैव तैयार है।"[6]

ब्राह्मण – समाज के चारो वर्णो मे ब्राह्मणवर्ण का सर्वोच्च स्थान था। दशवी शताब्दी के अरब यात्री अलबरूनी ने लिखा है, "समाज मे ब्राह्मणो का सर्वोच्च स्थान होता था।[7]

ब्राह्मणो की कई उपजातिया थी यथा गुगली[8] अवस्थी कर्नाट[9] श्रीमाली[10] और नागर[11] आदि। गुगली लोग वैष्णव धर्म को मानने वाले एव कृष्ण मदिर के पुजारी थे। गुगली उपाधि धारी ब्राह्मण आज भी द्वारिका मे पाये जाते है[12]। डी0आर0 भण्डारकर के अनुसार – गुगली ब्राह्मण मूलत नागर जातीय ब्राह्मण थे"[13] परन्तु गौरी शकर ओझा और सी0पी0 वैध के मतानुसार वे क्षत्रिय थे।[14]

हलायुध ने अपनी पिगलसूत्रवृत्ति मे वाक्पतिराजमुज को ब्राह्मक्षत्रिय शब्द से अभिहित किया है।[15] हमारे प्राचीन ग्रथ विष्णु पुराण[16] और वायु पुराण[17] आदि मे भी ब्रह्मक्षत्रिय शब्द का उल्लेख मिलता है। किन्तु ये ब्रह्मक्षत्रिय मूलत कौन थे इस बारे मे साधारणतया कुछ भी कहना कठिन है। इस सदर्भ मे विविध विद्वानो के विविध मत है। डी0आर0भण्डारकर के अनुसार "ये मूलता ब्राह्मण थे किन्तु बाद मे क्षत्रियो का व्यवसाय अपना लेने के कारण ब्रह्मक्षत्रिय कहलाये।[18] आर0सी0 मजुमदार के अनुसार 'ये ब्रह्मक्षत्रिय कुल वैवाहिक सम्बन्धो के परिणाम थो अर्थात ब्राह्मण और क्षत्रिय स्त्री पुरूषो के विवाह से जो सताने उत्पन्न हुई वे ब्रह्मक्षत्रिय कहलायी।[19] कीलहार्न महोदय ने मजुमदार महोदय का समर्थन करते हुए कहा कि ब्रह्मक्षत्रिय ब्राह्मण और क्षत्रिय वर्णो की मिश्रित सतान थे।[20] सी0वी0 वैध के

अनुसार "जिन क्षत्रियो को अपने गोत्र और प्रवर्तक ऋषि का नाम स्मरण था कालातर मे वे ब्रह्मक्षत्रिय कहलाये।[21]

ब्राह्मण जातियो की विविधता के विविधकारण प्रतीत होते है उनके भेद स्थानकृत गोत्रकृत तथा वैदिक शास्त्रकृत आदि थे। इस समय मगध, मध्य देश दक्षिणराढ (बगाल) पौण्डरिक (उत्तरकुरू), लाटदेश, मथुरा, अहिच्छत्र, मान्यखेट और कर्नाटक आदि क्षेत्रो से आकर ब्राह्मणो ने मालवा मे शरण ली थी।[22] कर्नाटक आदि स्थानो के नामो से अविहित ब्राह्मणो की उपजातिया आज भी मिलती है। महाभष्यकार पतजलि के अनुसार वेदो की कुल 1121 शाखाओ का उल्लेख पाया जाता है किन्तु परमार इतिहास के स्रोतो से हमे कुछ ही शाखाओ का सकेत मिलता है जैसे व्रहवृच,[23] वाजसनेयमाध्यदिन[24] कठ, कॉघुम, शाखायन, राणायनीय,[25] जोरअ आश्वलायम[25] आदि।

इसी प्रकार ब्राह्मणो के भिन्न भिन्न गोत्र भी होते थे जिनका उल्लेख अभिलेखो मे मिलता है जैसे – भारद्वाज[27], गर्ग[28], भृगु, गौतम[29], कात्यायन, पाराशर[30], अभि[31], अगस्त्य[32], वशिष्ठ[33], शाण्डिल्य, मारकण्डेय[34], कश्यप, वत्स, धैमेय, चापलिय[35] और गोपालिय[36] आदि। नागर जाति के ब्राह्मण गोपालिय गोत्र के होते थे।[37]

परमारकालीन ब्राह्मण भी अपने नाम के आगे पदविया लगाते थे। उनकी ठाकुर, अवस्थी, द्विवेदी[38], शर्मा[39], स्वामिन[40], उपाध्याय[41], दीक्षित[42] आदि पदवियो का उल्लेख मिलता है। कुछ ब्राह्मण शुद्ध पडित जैसे विशेषण भी धारण करते थे। कुछ पदविया वैदिक कर्मों के अनुसार ही बनती थी। जैसे श्रोत्रिय। श्रोत्रिय ब्राह्मण वेद द्वारा निर्दिष्ठ 6 कर्तव्यो का पालन करते थे। इसी प्रकार अग्निहोत्रीय वे होते थे जिनके घरो मे रात दिन एक अग्नि कुण्ड मे यज्ञ की अग्नि प्रज्वलित रहती थी।[43]

धर्मशास्त्रो के आदेशानुसार[44] अध्ययन, अध्यापन, यज्ञ करना एव कराना तथा दान देना और दान लेना ब्राह्मणो के प्रमुख छह कर्तव्य माने जाते थे। वेदो के विभिन्न शाखाओ के अध्ययन के कारण ही द्विवेदिन, त्रिवेदिन और चतुर्वेदिन आदि ब्राह्मणो की अनेक उपाधिया मानी गयी।[45]

राज्य की ओर से ब्राह्मणो को भूमिदान मिलता था। परमारवश के शासको के अभिलेख इस दान व्याख्या के प्रत्यक्ष प्रमाण है। सीयक द्वितीय ने गोपालीय गोत्र के नागर जातीय ब्राह्मण लल्लोपाध्याय को कुम्मारोटक गाव[46] वाक्यपतिराज मुज ने बसताचार्य को पिप्परिका (तडार)[47] नामक गाव भोज ने देल्ह को नलतडाग एव अत्रिगोत्री ब्राह्मण वच्छल को किरिकैका[48] और यशोवर्मा ने भरद्वाज गोत्रीय ब्राह्मण धनपाल को वडोड और उथवणक नामक गावो का दान दिया था।[49] प्राय इस तरह की दान व्यवस्थाओ से ही ब्राह्मणो का जीवनयापन होता था।

ब्राह्मण लोग पुरोहितो के रूप मे कार्य करते थे तथा विशेष परिस्थितियो मे राजाओ को धार्मिक सलाह दिया करते थे।[50] परन्तु आपत्तिकाल मे ब्राह्मण क्षत्रिय एव वैश्य वर्गों के व्यवसाय भी अपना सकते थे। अलबरूनी के अनुसार ये कपडे और सुपाडी के व्यापार का कार्य अपना सकते थे परन्तु वास्तवित विक्रय कार्य वे स्वय न करके अपने नाम से वैश्यो के माध्यम से करते थे।[51] किन्तु इस बात के भी प्रमाण है कि ब्राह्मण लोग स्वय भी व्यापार करते थे। इस प्रकार का एक व्यापारी ब्राह्मण सिघलदीप से विभिन्न प्रकार के व्यवसायो के बाद उज्जैन वापस लौटा था।[52] विभिन्न प्रकार के व्यवसायो मे कुछ व्यवसाय ब्राह्मणो के लिए यथा – पका हुआ चावल, मास, दूध, दही, साग तरकारी और शराब आदि बेचना आपत्तिकाल मे भी वर्जित थे।[53]

ब्राह्मण लोग मत्री बनकर अपने परामर्श से राजा एव राष्ट्र की सेवा करके अपने राजनैतिक कार्यों का भी सपादन करते थे। आबू के परमार

शासक प्रताप सिह का ब्राह्मणमत्री बेल्हण था।[54] इसी प्रकार मालव के परमार शासक अर्जुनवर्मन एव जयवर्मा द्वितीय के सधि विग्रहिक (मत्री) क्रमश पडित विल्हण[55] और मालाधार थे।[56] युद्ध आदि विषयक जो सभाये होती थी उनमे भी ये लोग भाग लेते थे। सभा मे राजा के दाहिनी और ये अपना स्थान ग्रहण करते थे।[57] कही–कही ब्राह्मणो के भी शासको के पद पर आसीन होने के उल्लेख मिलते है।[58]

कुछ ब्राह्मण दूतक का भी कार्य करते थे। ठक्कुर विष्णु सीयक द्वितीय के हरसोल ताम्रपत्र[59] के तथा ठाकुर वामन स्वामी पुरूषोत्तम यशोवर्मा के कात्वन शिलालेख के दूतक[60] थे।

शासको द्वारा प्रकाशित अभिलेखो की रचना एव उन्हे उत्कीर्ण करने का कार्य भी प्राय ब्राह्मण ही करते थे। आबू शासक पूर्णपाल के बसतगढ शिलालेख को मातृशर्मन[61] ने, मालवशासक भोज के काल्वन लेख को योगेश्वर[62] ने और देवपाल के मान्धाता शिलालेख को हरसुदेव ने लिखा था।[63] इसी प्रकार अर्जुनवर्मन के भोपाल शिलालेख को पडित वप्पैराज ने उत्कीर्ण किया था[64]

समाज के अन्य वर्णो की अपेक्षा ब्राह्मणो को कुछ विशेष सुविधाये प्राप्त थी। अन्य वर्णों की अपेक्षा ब्राह्मणो का राज्य को कम कर देना पडता था। आबू शासक सोमसिह के एक शिलालेख से विदित होता है कि इन्होने ब्राह्मणो को कर मुक्त कर दिया था।[65] अलबरूनी के अनुसार भी ब्राह्मण वर्ग कर से पूर्णत मुक्त था।[66] बागड के परमारशासक चामुण्डराज ने भी अन्य वर्गों की अपेक्षा ब्राह्मणो के साथ अत्यधिक उदारता का व्यवहार किया था। किसी भी अपराध के बदले ब्राह्मणो को प्राणदड नही दिया जाता था। ब्राह्मण यदि किसी की हत्या कर देता था इसके लिए उसे दडस्वरूप गरीबो को भिक्षादान करना, स्वय उपवास करना तथा ईश्वर प्रार्थना करनी पडती थी। लेकिन यदि वह किसी मूल्यवान वस्तु का अपहरण करताा तो उसे अन्धा

करके उसका दाहिना हाथ और बाया पैर कटवा दिया जाता था।[67] पी0वी0 काणे महोदय ने भी ब्राह्मणो के इन विशेष सुविधाओ का उल्लेख किया है।[68]

क्षत्रिय– ब्राह्मणो के बाद दूसरा स्थान क्षत्रियो का था। इसके मुख्य कर्तव्य दान देना, यज्ञ करना, विधध्ययन तथा समाज के अन्य तीन वर्णों की रक्षा करना था। शिक्षा के क्षेत्र मे इनको ब्राह्मणो के ही समान वेद वेदागो एव अन्य शास्त्रो के अध्ययन का अधिकार प्राप्त था। वे स्वय तो वेदाध्ययन कर सकते किन्तु दूसरो को वेदाध्ययन कराने का अधिकार नही प्राप्त था।[69]

परमार चाहमान, चौलुक्य शासक व उनके सामन्त ब्राह्मणो को प्राय हलाबाह भूमि खेत आदि दान देते तथा गोचर भामि सुविधा प्रदान करते थे। इससे यह स्पष्ट होता है कि बहुत से ब्राह्मणा कृषि तथा पशुपालन भी करते थे।

आब् के धारावर्ष परमार के विष्सठ 1237 के आथक ताम्रपत्र से ज्ञात होता है कि शैवधर्म के आचार्य भट्टारक हीसल उग्रदमके को साहिलावाडा ग्राम तथा गोचर भूमि की सुविधा दी गई थी।[70]

प्रशासन सामान्यत क्षत्रिय वर्ग द्वारा ही सचालित होता था। प्रशासक, सेनापति और योद्धा प्राय क्षत्रियवर्ग से ही चुने जाते थे। उदयपुर प्रशस्ति मे उपेन्द्र कृष्णराज को द्विजो मे श्रेष्ठ कहा गया है।[71] इसी प्रकार एक शिलालेख मे यशोवर्मन को क्षत्रिय शिरोमणि कहा गया है। इससे यह प्रतीत होता है कि सामान्यत क्षत्रिय वर्ग के सदस्य ही शासक पदो पर अधीन होते थे।

परमारकाल तक क्षत्रियो के भी कई भेद हो गये जिनमे, हथुण्डी[72], देवण[73] प्रागवाट, यवर्कुट, ओइसवाल, श्रीमाल[74], परमार, प्रतिहार, चालुक्य, चाहमान, सोलकी आदि का उल्लेख मिलता है।

इस काल मे और इससे कुछ समय पूर्व एक नई जाति का उदय हुआ। यह जाति राजपूत राम से प्रसिद्ध हुई। प्राचीन क्षत्रियो के समान देश के वर्णाश्रमधर्म तथा हिन्दू सस्कृति की रक्षा करना उन्होने अपना कर्तव्य समझा। ललिताविग्रहराज के अनुसार चतुर्थ विग्रह राज अपने मित्र राजाओ, ब्राह्मणो, देवस्थानो और तीर्थों की तुर्को से रक्षा करना अपना विशेष कर्तव्य समझता था।[75] यद्यपि कर्तव्य की दृष्टि से यह जाति क्षत्रिय ही थी तथापि इसे प्राचीन क्षत्रियो की सतान मान लेना उचित नही होगा। जैसे ही इस जाति की प्रधानता समाज मे स्वीकृत होने लगी धर्माधिकारियो, ब्राह्मणो, विद्वानो एव चारणो (भाटो) ने इनका सम्बन्ध सूर्य, चन्द्र, इन्द्र अग्नि इत्यादि हिन्दू देवताओ से जोड दिया।परन्तु यूरोपीय एव कुछ स्थानीय विद्वानो ने उनकी उत्पत्ति के दैवी सिद्धात को स्वीकार नही किया है।

सी0वी0 वैद्य राजपूतो को विशुद्ध क्षत्रिय की सतान मानते है। ओझा जी ने मध्ययममार्ग अपनाते हुए कहा कि राजपूतो की नसो मे क्षत्रिय रक्त तो था ही, परन्तु इसके साथ ही कुषाण, हूण शक आदि अनार्य जातिया भी इनमे धुलमिल गई थी। वि0स0 1226 के विजोलिया अभिलेख मे चाहमानो को वत्सगोत्री ब्राह्मण बताया गया है।[76] सूडा[77] व अचलेश्वर[78] अभिलेखो मे क्रमश जालौर और चन्द्रावती के चाहमानो को ब्राह्मण बताया गया है। इन राजपूतो को ब्राह्मण बतलाने के पीछे यह कारण रहा होगा कि "कुछ राजपूतो के गोत्र उनके पुरोहितो के गोत्रो के आधार पर माने गये थे।[79]

परमार राजा क्षत्रिय थे उन्होने अतर्विवाह द्वारा भारत के विभिन्न राजवशो से सामाजिक सम्बन्ध स्थापित किये। उदयादित्य की पुत्री का विवाह गुहिल राजा से हुआ था, जगद्देव ने अपनी कन्या का विवाह पूर्वी

बगाल के एक वर्मन राजा से किया। अर्जुनवर्मन की पहली राज्ञी कुतल नरेश की पुत्री थी और उसकी दूसरी राज्ञी एक चौलुक्य राजकुमारी थी। गगनरेश नरसिह प्रथम (1253–1286 ई0) ने मालव राजा की पुत्री सीता देवी से विवाह किया।[80] एक गुजरात राजकुमार ने परमार राजवश की एक राजकुमारी से विवाह किया था।[81]

मिताक्षरा के अनुसार जिन क्षत्रियो और वैश्यो के अपने गोत्र व प्रवर नही (ज्ञात) होते उन्हे अपने पुरोहितो के गोत्र व प्रवर अपना लेने चाहिए।[82] यह वर्ग शासक वर्ग था अत इन्हे भी कुछ विशेष अधिकार प्राप्त थो आपत्तिकाल मे क्षत्रिय भी वैश्यो का व्यवसाय अपना सकते थे। भोज परमार के शासनकाल मे क्षत्रिय जातीय मेमाक के कृषि करने का अभिलेखीय उल्लेख मिलता है।[83]

चोरी करने पर इनका दाहिना हाथ एव बाया पैर काट लिया जाता था। बडे अपराधो के लिए इनके लिए मृत्युदड की सजा भी दी जाती थी।[84]

वैश्य— वर्ण व्यवस्था स्थापित होने के साथ ही वैश्य कृषि, व्यापार और वाणिल्य कर्म करते थे। वर्णाश्रम व्यवस्था मे इनका स्थान तीसरा था। परमार काल मे इन्हे वणिक भी कहा जाता था। क्योकि व्यापार करना इनका प्रमुख कर्तव्य माना जाता था।[85]

पुरातन प्रबन्ध सग्रह से ज्ञात होता है कि नाडोल राज्य के सस्थापक चाहमान लक्ष्मण ने किसी श्रेष्ठी की पुत्री से विवाह किया था इससे उत्पन्न पुत्र को कोषाध्यक्ष बनाया गया और उन्हे वैश्य कहा गया।[86] राजकीय भण्डारो के अधिकारियो को भण्डारी कहा जाने लगा और वे ओसवाल माने जाने लगे। अग्रवाल माहेश्वरी, जायसवाल और खण्डेलवालो का भी उद्भव इसी प्रकार (क्षत्रिय पुरूष और वैश्य स्त्री) क्षत्रियो से ही माना

जाता है।[87] शीलादित्य के अभिलेख[88] और कुबलयमाला तथा कन्हडदेव प्रबन्ध जैसे ग्रन्थो मे व्यापार करने वाले लोगो को वैश्य की सज्ञा दी गई है। श्रीमाल, किरातकूय और ओसिया जैसे नगरो की समृद्धि के कारण वैश्य ही थे। परन्तु वैश्यो के कुछ परम्परागत व्यवसाय यथा कृषि एव पशुपालन और धीरे धीरे शूद्र भी अपनाने लगे थे।[89] जबकि वैश्य इनसे विमुख होने लगे। सम्भवत वैश्य इन वरूवसायो का परित्याग इस कारण करने लगे क्योकि इसमे हिसा की सभवना बनी रहती थी वैश्य वर्ण मे भी व्यवसाय और स्थान विशेष के आधार पर अनेक जातिया व उपजातिया बन गयी। प्रागवाह[90] उपकेश[91] श्रीमाल[92] धर्कट[93] इत्यादि वैश्य जातियो ने धार्मिक और साहित्यिक जीवन को ठूसर[94] माहेश्वरी[95] आदि वैश्य जातिया प्राचीन वैदिक धर्म की ही अनुयायी बनी रही जबकि अन्य अनेक वैश्य जातियो ने जैन धर्म अपना लिया था। जिन वैश्यो की दशा सोचनीय हो गयी थी उस वर्ग को मनु एव वौधायन ने शूद्रो की श्रेणी मे रखा है।[96] अलबरूनी ने भी उपर्युक्त धर्मशास्त्रो का समर्थन किया है। इससे यह प्रतीत होता है कि समाज मे वैश्यो एव शूद्रो की स्थिति मे बहुत अतर नही था। परन्तु वास्तव मे ऐसी बात नही है। समरागणसूत्रधार मे विभिन्न वर्गों के गृह निर्माण के सदर्भ मे वैश्यो का निवास स्थान ब्राह्मण और क्षत्रियो से निम्न श्रेणी मे किन्तु शूद्रो से श्रेष्ठ होना उल्लिखित है। अलबरूनी ने भी लिखा है कि शूद्रो के साथ वैश्यो को भी वेदाध्ययन का अधिकार नही था।[97] किन्तु अलबरूनी का यह विचार भी अनुमन्य नही है क्योकि लक्ष्मीधर ने वैश्यो के वेदाध्ययन क्रे अधिकार का स्पष्ट उल्लेख किया है।[98] समस्त परमार साक्ष्यो से स्पष्ट है कि वैश्यो की स्थिति शूद्रो से उच्च थी।

व्यापार एव कृषि पशुपालन वैश्यो के मुख्य व्यवसाय थे। ये अलग–अलग समूह बनाकर व्यापार करने के लिए ये वणिक एक देशा से दूसरे देश को जाते थे। व्यापारियो के ऐसे समूह को प्राचीन काल मे श्रेणी कहा जाता था। रास्ते मे अपने जीवन निर्वाह के लिए खाद्य सामग्री ले जाते

थे।[99] इन व्यापारियो के लिए दूध, दही, मक्खन, नील, नमक, मदिरा, शस्शास्त्र और विष आदि का व्यापार करना वर्जित था।[100]

एक स्थान पर स्थिर होकर व्यवसाय करने वाले कास्यकार और स्वर्णकार जैसे अनेक वैश्य जातियो के भी नाम मिलते है। विशेष पर्वो पर ये लोग राज्य को एक निश्चित धनराशि कर के रूप मे देते थे।[101]

राजनैतिक कार्यो मे भी वैश्यो का हाथ होता था। नगर शासन व्यवस्था मे उन्हे राजकीय कर्मचारियो के रूप मे नियुक्त किया जाता था।[102] वे मदिरो के सरक्षक के रूप मे धार्मिक कृत्यो की देखभाल करते थे, जिनका उल्लेख महाजन गोष्ठि के नाम से उल्लेख मिलता है।[103] समाज के अन्य वर्गो की अपेक्षा वैश्य वर्ग अधिक सम्पन्न होता था। देवपाल के शासन काल मे केशव नामक एक व्यापारी ने अपनी व्यक्तिगत सम्पत्ति से एक शिव मदिर एव उसी के समीप एक तालाब का निर्माण करवाया था।[104]

तत्कालीन अभिलेखो मे अग्रवाल थाखाट एव धनर्कुट नामक जातियो के उल्लेख मिलते है।[105] दशरथ शर्मा के अनुसार ये लोग वैश्यो की ही एक शाखा है।

शूद्र– प्राचीन आयार्चो के अनुसार शूद्रो का मुख्य कर्तव्य द्विजो की सेवा और सहायता करना था और इनके भरणपोषण का उत्तरदायित्व द्विजो पर था।[106] यदि शूद्र उच्च वर्गो की सेवा से अपनी या अपने कुटुम्ब की जीविका नही चला पाता था, तो वह बढईगीरी, चित्रकारी, पच्चीकारी और रगसाजी जैसे उद्योगो द्वारा जीविको पार्जन करता था।[107]

कथाकोष प्रबन्ध और देशी नाम माला जैसे मध्यकालीन ग्रथो मे दस्तकारी अथवा खेती मे लगी हुई कई जातियो की गणना शूद्रो मे की गयी है। इनमे कुम्हार, माली, तम्बोली, तेली, नाई, लुहार, खाती, सुनार, ठठेरे, दर्जी, गडरिये आदि प्रमुख है।[108] जब वैश्यो ने व्यापार वाणिज्य को अपनी जीविका का प्रधान आधार बना लिया तब शूद्रो ने खेती, पशुपालन और

दस्तकारी के पेशे भी अपना लिये। शैव और जैन धर्म के सुधारको ने शूद्रो के प्रति हीनभाव नही अपनया। इससे शूद्रो की स्थिति मे न्यूनाधिक सुधार हुआ। इस समय के कुछ तात्रिक गुरू स्वय शूद्र थे। नवी शताब्दी के टीकाकार मेघातिथि ने शूद्रो को द्विजो की सेवा से मुक्ति का समर्थन किया है और उन्हे व्यक्तिगत सम्पत्ति का अधिकार भी दिया है। उसने शूद्रो के लिए बिना मन्त्रोच्चारण के सस्कारो के पालन करने का प्रावधान भी किया है।[109] इस काल मे शूद्रो को मन्दिरो की व्यवस्था से सम्बन्धित किये जाने के भी उदाहरण मिलते है। उन्हे ग्राम और नगर की सुरक्षा समितियो का सदस्य भी बनाया जाता था।[110]

कालातर मे शूद्रो मे भी इनेक उपाजियो का विकास हुआ यथा मेहर जाति जिसका उल्लेख चाहमान अभिलेखो मे हुआ है। कामा से प्राप्त नवी शती के एक अभिलेख मे कुम्भ्कारो, शिल्पियो और मालियो की श्रेणियो का उल्लेख मिलता है।[111] स्थानीय सघो जिनके माध्यम से शिल्पियो, कुम्हारो रगसाजो, आदि के आर्थिक क्रिया कलाप सपन्न होते थे श्रेणी कहा जाता था।[112]

कायस्थ– पूर्वमाध्यमिक अभिलेखो से 'कायस्थो' की सामाजिक स्थिति का ज्ञान होता है। धर्मशास्त्रो एव गुप्तकालीन अभिलेखो मे कायस्थ लेखको के रूप मे उल्लिखित है।[113] लेखको के रूप मे कायस्थो का सर्वप्रमुख उल्लेख कनुसुआ अभिलेख मे हुआ है। इस प्रशस्ति की रचना रामिकान्गाज नामक कायस्थ ने की थी।[114] गो0ही0 ओझा के अनुसार ब्राह्मण, क्षत्रिय इत्यादि जातियो के जो लोग लेखक या अहलकारी का काम करते थे वे कायस्थ कहलाये। कालान्तर मे उनका विकास एक स्वतत्र जाति के रूप मे हुआ।[115] कायस्थ जाति की उत्पत्ति के विषय मे विद्वानो के विभिन्न मत है। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बगाल के कायस्थो को शूद्र माना है।[116] व्यास

स्मृति मे कायस्थ नाइयो, कुम्हारो इत्यादि शूद्रो के साथ परिगणित हुए है।[117] इलाहाबाद तथा पटना उच्च न्यायालय ने इनको द्विज बताया है।[118]

भविष्यपुराण तथा पद्मपुराण ने कायस्थो को क्षत्रिय की सतान कहा है।[119] 'उदयनसुन्दरी' कथा से ज्ञात होता है कि बालम कायस्थ क्षत्रिय जाति के है।[120] पूर्वमध्यकाल के अभिलेख लेखन का कार्य मुख्यत कायस्थो ने किया है। अल्कट के वि0स0 1010 के अभिलेख का लेखक कायस्थ पाल वेल्लक था।[121] वि0स0 1051 के बालेरा दानपत्र को लिखने वाला कायस्थ कचन था।[122] कायस्थ कवियो का भी उल्लेख मिलता है। चाहमानदुर्लभ राज के वि0स0 1056 के विणसरिया अभिलेख मे गौड कायस्थ कवि कल्पा का उल्लेख है।[123] वि0स0 1213 से नाडौल से प्राप्त प्रताप सिह के ताम्रपत्र मे गौड कायस्थ पण्डित महिपाल का उल्लेख हुआ है।[124] अनेक अभिलेखो मे इन्हे ठाकुर उपाधि से विभूषित किया गया है। नाडोल से प्राप्त वि0स0 1198 के अभिलेख मे ठाकुर पेथड का उल्लेख है।[125] नरहड से प्राप्त वि0स0 1215 के अभिलेख मे ठाकुर श्री श्रीचन्द्र का उल्लेख है।[126] नाणा से प्राप्त वि0स0 1257 के अभिलेख से ज्ञात होता है कि गौड कायस्थ उदय सिह ने ब्राह्मणो की कपिल मे 33 द्रम्म हौर 6 विशोपक उसकी व्यवस्यार्थ दिये थे।[127] ठाकुर उपाधि तथा दान से ऐसा प्रतीत होता है कि इस काल तक समाज मे इनकी स्थिति सम्मानपूर्ण हो गयी थी। कायस्थ परमार राजा विजयराज का सधि विग्रहिक था।[128] उदयपुर के विक्टोरियाहाल से प्राप्त परमार अभिलेखो मे रूद्रादित्य और उनके पौत्र कहिपाल को कायस्थ–कुजर कहा गया है।[129] शायद ऐसा कायस्थ अभिलेख लेखको के कारण है।

कालातर मे कायस्थो मे भी उनके निवास स्थानो के आधार पर अनेक क्षेत्रीय उपजातिया बन गई। यथा– मथुरा के निवासी माथुर, गौड (बगाल) के निवासी गौड कहलाये।

अन्त्यज– समाज का निम्नतम वर्ग अन्त्यज माजा जाता था। मनु ने शूद्रो के लिए भी इस शब्द का प्रयोग किया था। अत्रि ने निम्नलिखित सात अन्त्यजो का उल्लेख किया है– रजक (धोबी), चर्मकार, नट (बास का काम करने वाला) चाण्डाल, कैवर्त (मछली मारने वाला) मेद और भिल्ल।[130] व्यास स्मृति मे चर्मकार, भट, भिल्ल, रजक, पुष्कर, नट, विराट, मेद, चाण्डाल, दास, श्वपच तथा कोलिक इन 12 अन्त्यजो की सूची प्राप्त होती है।[131] अलबरूनी ने भी 12 अन्त्यजो का उल्लेख किया है– नट, बरूड कैवर्त, जलोपजीवी, व्याध, तन्तुवाय रजक, चर्मकार, हाडी, डोम, चाण्डाल व वघातु।[132] इनमे से प्रथम 5 की स्थिति अपेक्षाकृत ऊची थी। इनमे परस्पर वैवाहिक सम्बन्ध होते थे अतिम चार के साथ अन्य अन्त्यजो का सम्बन्ध नही होता था। इन्हे अपने – अपने व्यवसायो के आधार पर पृथक जातियो के रूप मे माना जाता था। मछुये जैसी कुछ जातियो का उल्लेख भोज ने भी किया है।

अन्त्यजो का सामाजिक स्थान उनके व्यवसाय तथा स्वतत्रता के आधार पर निश्चित होता था। भेद मेवाड के जगली व पहाडी क्षेत्रो मे रहते थे इस क्षेत्र मे इनका प्रभाव था। भील अन्त्यज भी अरावली के पहाडी क्षेत्रो मे रहते थे। इसी प्रकार दक्षिण पूर्वी क्षेत्र से मीना जाति थी। ये लोग लूट खसोट से जीविकोपार्जन करते थे। बावरी जाति का उल्लेख जालौर के वि0स0 1239 के एक अभिलेख[133] मे हुआ है। दशरथ शर्मा का मत है कि सभवत लक्ष्मण चाहमान को नाडोल राज्य की स्थापना मे मीना भील और बावरियो ने सहायता प्रदान की थी।[134]

'उपमितिभव प्रवचकथा' मे अन्त्यजो का यत्र तत्र उल्लेख है। मातगो के घर बहुत गदी बस्तियो मे होते थे।[135] यहा पर यह भी सकेतित है कि सामाजिक जीवन मे उच्चतम स्थिति महाराज की और निम्नतम स्थिति चाण्डालो की। यद्यपि अभिलेखो मे उनके जीवन से सम्बन्धित विस्तृत सूचनाये नही मिलती तथापि साहित्यिक ग्रथो मे इस पर प्रकाश डाला गया है।[136]

अन्त्यजो के अतिरिक्त शबर भील किरात आदि कुछ जगली जातियो के भी उल्लेख मिलते है। ये अपने हाथो मे सदैव धनुषबाण लिये समूह बनाकर जगल मे धूमा करते थे।[137] भील जाति के लोगो का मुख्य व्यवसाय कृषि एव चित्र बनाया था। इसके अतिरिक्त ये पथविचलित लोगो के मार्गदर्शक का भी कार्य करते थे। इस जाति मे जुआ का खूब प्रचलन था। शबर जाति का मुख्य व्यवसाय शिकार करना होता था। वे लोग सिह चर्म पहनते थे तथा स्त्रिया गुजाफल (घुमची) को तागे मे गूथकर आभूषण स्वरूप गले मे पहनती थी।[138]

स्त्रियो की दशा– समाज मे स्त्रियो का स्थान– परिवार रूपी रथ के सफल सचालन के लिए स्त्री और पुरूष रूपी दो पहियो का होना आवश्यक होता है। यद्यपि समाज मे स्त्रियो को सम्मानपूर्ण स्थान प्राप्त था तथापि पुत्री जन्म को अच्छा नही माना जाता था। ज्ञान पचमीकथा[139] तथा उपमितिभव प्रवचकथा[140] के अनुसार अधिक सख्या मे पुत्रियो का होना नरकवत था। साधारणतया लोग पुत्र प्राप्ति की ईच्छा करते थे।[141] पुत्र जन्म पर उत्सव इत्यादि मनाये जाते थे और देवताओ की पूजा की जाती थी।[142] परमारकाल मे मे यत्र नार्यस्तु पूर्ज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता[143] के सिद्धात का पालन किया जाता था। उनके कर्तव्यो की इतिश्री केवल पारिवारिक जीवन तक ही नही हो जाती थी। सामाजिक जीवन से भी इनका पूर्ण सम्बन्ध रहता था।

राजाभोज ने इनके कर्तव्यो के बारे मे कहा है कि "स्त्री प्रत्येक समय पुरूष की सहयोगी होती है। पुरूष के कार्यों मे कुशल सलाहकार का, कर्तव्यो मे दासी का, स्नेह देते हुए माता का, अपनी क्षमाशक्ति द्वारा मानो पृथ्वी का, धर्मकार्यो मे पत्नी का और शय्या पर मानो वेश्या का व्यवहार करती हुई, स्त्री कुल का उद्धार करती है।[144] पुत्र जन्म के समान पुत्री के जन्म पर भी नृत्यगान का आयोजन करके परमार लोग अपनी प्रसन्नताये मे प्रकट करते थे।[145]

नारी शिक्षा– उच्च परिवारो मे उत्पन्न कन्याओ की शिक्षा का उचित प्रबन्ध किया जाता था। उनकी शिक्षा मे सगीत, गायन, वादन, नृत्य और चित्रकला इत्यादि सम्मिलित थे। उनको धार्मिक व दार्शनिक विवादो मे भाग लेने का अवसर भी प्राप्त होता था परन्तु यह सामान्यत न होकर विरलता था। सामान्य परिवारो मे स्त्रिया अशिक्षिता रहती थी। कुछ ऐसी स्त्रियो के उदाहरण भी उपलब्ध है जो दर्शन, धर्म तथा साहित्य मे रूचि रखती थी। योगेश्वरी नामक महिला उज्जैन के एक शैव आश्रम की प्रमुख थी।[146] परमारशासक उपेन्द्रराज के दरबार मे सीता नामक कवियित्री रहती थी जिसने उस नरेश की प्रशसा मे अनेक गीत लिखे थे।[147] परमारशासक उदयादित्य के झालरापाटन अभिलेख की लेखिका पडिता हर्षुका थी।[148] गार्हस्य धर्म की शिक्षा के अतिरिक्त लडकियो को वेद पुराण, उपनिषद नाट्यकला एव सगीत कला की भी शिक्षा दी जाती थी।[149] कुछ स्मृतिकारो ने स्त्रियो के लिए वेदाध्ययन का निषेध किया है[150] परन्तु परमारकालीन स्त्रियो को वेदाध्ययन का अधिकार प्राप्त था। इस काल मे कवियित्री सीता ने वेद पुराण, रघुवश महाकाव्य, वात्सायन कामसूत्र तथा चाणक्य राजनीतिशास्त्र का विशेष रूप से अध्ययन किया था। विवाह पूर्व कन्याये अपने माता पिता के सरक्षण मे रहती थी।[151]

विवाह–

विवाह गृहस्थ आश्रम का आरम्भ एव सामाजिक जीवन की एक महत्वपूर्ण मान्यता है। विवाहोपरान्त पति ही कन्या का स्वामी होता था। व्यवस्थाकारो ने सगोत्र और सपिण्ड विवाह को वर्जित बताया है। वर परीक्षण मे जाति, गोत्र, पिण्ड, प्रवर, शिक्षा, आयु, गुण, धन जन्मस्थल इत्यादि प्रमुख विचारणीय बिन्दु थे। विवाह मे माता पिता बधू को सम्पत्ति आभूषण इत्यादि उपहार मे दते थे।[152]

ऐसे उदाहरण भी उपलबध है जब राजपरिवारो के वैवाहिक सम्बन्ध पारस्परिक युद्धो के उपरान्त की गई सन्धियो का परिणाम होते थे।[153] यथा परमार शासक उदयादित्य की पुत्री श्यामलदेवी का विवाह मेवाड के गुहिल शासक विजय सिह से इसी उद्देश्य से किया गया था।[154]

परमारशासक उदयादित्य ने चाहमान द्वितीय विग्रहराज से राजमती अथवा राजदेवी नामक एक राजकुमार का विवाह करके चाहमानो से मित्रता स्थापित की थी।[155]

मेघातिथि के अनुसार लडकी का विवाह आठ वर्ष की आयु मे होना चाहिये।[156] अभिलेखो मे विवाह योग्य वर्ष का विवरण उपलब्ध नही होता। सोमदेव ने पुत्री के विवाह की आयु 12 वर्ष बतायी है।[157] अर्णोराज की 18 वर्षीय पुत्री का विवाह कुमारपाल चौलुक्य से लुआ था।[158] तिलकमजरी से ज्ञात होता है कि कभी–कभी बालिकाओ के उत्पन्न होने के पूर्व ही उनके विवाह निश्चित कर दिये जाते थे।[159]

इस काल मे अतर्जातीय अनुलोम विवाह के भी कतिपय उदाहरण भी उपलब्ध होते है – नाडोल के शासक लक्ष्मण ने एक वैश्य कन्या से विवाह किया था।[160] स्वयवर प्रथा अपवाद स्वरूप ही अपनाई जाती थी।

अभिलेख से ज्ञात होता है कि रानिया धार्मिक तथा जनकल्याणकारी कार्यो के लिए दान देने मे रुचि लेती थी। परमारशासक पूर्णपाल की विधवा बहिन लाहिनी ने सूर्य मन्दिर का जीर्णोद्धार और वटपुर मे एक बावडी का निर्माण करवाया था।[161] धारावर्ष की रानियो श्रृगारदेवी व गीगादेवी ने एक बावडी बनवाकर शातिनाथ के मदिर को भेट की थी।[162]

समाज और परिवार मे 'माता' का अत्यधिक गौरवपूर्ण स्थान था।[163] पूर्वगामी युग के समान लोग अपने माता पिता के धार्मिक कल्याण एव पुण्यार्जन हेतु दान दिया करते थे। परमार शासक यशोवर्मन ने अपनी माता सोमलादेवी की जयन्ती के अवसर पर भूमिदान किया था।[164]

दहेज

इसके अतिरिक्त विश्वकर्मा, मर्जन्य, जयन्त, इन्द्र, यम, आदि की भी भिन्न–भिनन प्रकार के पुष्पफलो से अर्चनाये होती थी। सुगन्धित पुष्प चन्दन से विश्वकर्मा, घी, दूध, दही, से कार्तिकेय, चावल, उरद, गेहूॅ आदि धान्यो से पर्जन्य, आम्र, द्राक्षा, खजूर, जैसे फलो से जयन्त, मालती और मल्लिका के पुष्पो से इन्द्र, लाल चन्दन और पुष्पो से सूर्य, जम्बीर, नीबू और नारगी के पीले पुष्पो से सत्य नारायण देव, शहद और खीर से भगवान पूजन और मछली, मदिरा एव भागयुक्त भोज्य पदार्थ से यम की पूजाये की जाती थी।[113]

राम और परशुराम का भी उल्लेख मिलता है। राम का सकेत भूमिदान के प्रसग मे दान दी हुई भूमि की रक्षा करने के सम्बन्ध मे मिलता है।[114]

गाय[115].–

गाय अत्यन्त प्राचीन काल से ही पूजनीय मानी जाती थी। भूमिदान की विधिपूर्ण करने के लिए देवपूजन के साथ–साथ गाय की प्रदक्षिणा की जाती थी। आबू के परमार शासक यशोधवल के एक लेख[116] की शिला पर दुग्धपान करते हुए बछडे के साथ गाय की प्रतिमा अकित पायी गयी है। सन्तानोत्पत्ति की कामना से लोग बछडा सहित गाय ब्राह्मणो को दान भी देते थे।[117]

जैन धर्म –

इस धर्म के जन्मदाता ऋषभदेव माने जाते है। यद्यपि उत्तरभारत मे यह धर्म पतनोन्मुख हो चुका था, परन्तु परमार क्षेत्रो मे इसे राजाओ और बहुत बडी सख्या मे जनता का प्रश्रय प्राप्त था। विष्णु और शिव की तरह जिन भगवान वीतराम की भी "ओ" द्वारा स्तुति की जाती थी।[118] आदिनाथ, नेमिनाथ, ऋषभनाथ, शान्तिनाथ और जरनाथ आदि भिन्न–भिन्न तीर्थकरो के नामो के माध्यम से जिन भगवान की प्रार्थनाये और उपासनाये की जाती थी।[119] अनेक परमार शासको ने जैनाचार्यों को अपने यहा आश्रय दिया तथा जैन मदिरो का निर्माण करवाया था। 933 ई0 मे देवसेन ने धारा स्थित पार्श्वनाथ के मदिर मे रहकर अपनी पुस्तक दर्शनसार की रचना की थी।[120] जैनाचार्य अमितगति, महासेन और धनेश्वर को वाक्पतिराजमुज का प्रश्रय प्राप्त था।[121] सिन्धुराज के महमात्य पर्पट का गुरु महासेन जैन ही था।[122]

मुनिरत्नसूरि विरचित आम्मारस्वामी चरित के अनुसार मानतुग और देवभ्रद सूरि भोज के मन रूपी मानसरोवर के दो राजहस थे।[123] जैनाचार्य प्रभाचन्द्र भोज की श्रद्धा का अत्यन्त पात्र था जिसने धारा मे उसकी चरण पूजा की थी।[124] जैन कवि धनपाल के सम्पर्क मे आने पर इस धर्म के प्रति भोज की आस्था दृढ हो गयी थी।[125] भोज के ही आदेश पर धनपाल ने अपनी तिलक मजरी नामक पुस्तक की रचना की गयी थी। पुन उसने दिगम्बर पुलचन्द्र जैन को अपना सेनापति बनाया था।[126] एक बार धनपाल से जैन धर्म के बारे मे विचार विमर्श करने के बाद भोज इतना अधिक प्रभावित हुआ कि उसने उसे शैव और वैष्णव से भी श्रेष्ठ सिद्ध किया। जैन धर्म की महत्ता बताते हुए उसने एक स्थल पर कहा है कि जिस वस्तु को विष्णु अपनी दो, शिव तीन, ब्रह्मा आठ, स्कन्द बारह, लकेश्वर बीस और इन्द्र हजारो नेत्रो से नही देख सकते,

उसको जैन विद्वान केवल अपनी एक ज्ञानचक्षु के द्वारा ही देख लेता है।[127] कच्छपद्यातवशी विक्रमसिह के दूवकुण्ड अभिलेख से ज्ञात होता है कि भोज की ही सभा मे जैनाचार्य शान्तिषेण ने अम्बरसेन आदि जैन विद्वानोको शास्त्रार्थ मे परास्त किया था।[128] इस धर्म के बारे मे धनपाल का भोज से विचार विमर्श प्राय हुआ करता था।[129] अभयदेव को भी भोज का राज्याश्रय प्राप्त हुआ था।[130] भोज के उत्तराधिकारी जयसिह ने प्रभाचन्द्र को आश्रय दिया था।[131]

भोज और जयसिह के बाद जैन धर्म के सरक्षको मे नरवर्मन का प्रमुख स्थान है। अपने पूर्वजो की ही तरह अन्य सम्प्रदायो के साथ–साथ उसने इस धर्म को भी प्रश्रय दिया। उसी के समय जैन विद्वान समुद्रघोष ने मालवा मे तर्कशास्त्र का अध्ययन किया, जिसकी विद्या से आकर्षित होकर नरवर्मन उसका परमभक्त बन गया।[132] समुद्रघोष इतना प्रसिद्ध विद्वान था कि विद्वत सभा के उसके भाषणो के अवसर पर नर वर्मा के अतिरिक्त चालुक्य शासक सिद्वराज भी उपस्थित रहता था। सूर प्रजा को भी वहॉ सम्मानपूर्ण स्थान प्राप्त था।[133] जयन्त काव्य के अनुसार नरवर्मन ने जैनाचार्य जिन वल्लभ के चरणो पर अपना मस्तक झुकाया था।[134] इस धर्म की उन्नति के लिए उसने अथक प्रयास किया था। जिन वल्लभ की विद्वता से प्रसन्न होकर नरवर्मन ने उपहार स्वरूप उसे तीन लाख पारुत्थद्रम प्रदान किया था।[135] रत्नर्भूरि ने भी शव आचार्य विद्या शिव वादी के साथ शास्त्रार्थ कर यश कीर्ति प्राप्त की थी।[136]

नरवर्मा के बाद कुछ समय तक यहॉ चालुक्य शासक कुमार पाल के संरक्षण मे ही जैन धर्म की उन्नति हुई। क्योकि जयवर्मा के निर्बल होने के कारण उसके राज्य पर कुमारपाल ने अपना आधिपत्य जमा लिया था। दूसरी ओर आबू के शासक विक्रम सिह को भी भारकर उसकी गद्दी पर अपने अधीनस्थ उसके भतीजे यशोधवल को सिहासनारूढ किया। इस प्रकार करीब

सम्पूर्ण परमार राज्य पर कुमार पाल की विजय पताका फहराने लगी। कुमार पाल हेमचन्द्र का अत्यन्त प्रिय पात्र था और उसी के प्रभाववश उसने जैन धर्म को सभी प्रकार का प्रोत्साहन दिया था।[137]

विन्ध्यवर्मा के समय इस धर्म को पुन परमारो की छत्रछाया और आश्रय प्राप्त हुआ। जैन सिद्धान्त और व्याकरण का गम्भीर अध्ययन करने वाले धारा निवासी धरसेन के शिष्य महावीर को विन्ध्यवर्मन का प्रश्रय प्राप्त था।[138] इस समय पडित आशाधर भी धारा मे आकर जैन विद्वान महावीर शिष्य बना था।[139] विन्ध्य वर्मा के सरक्षण मे इसने कई ग्रन्थो का प्रणयन भी किया था।[140] इनके अतिरिक्त जिनपतिमूरि और सुमतिर्गाण को भी उस राजा को प्रश्रय प्राप्त था।[141]

इसके बाद सुभट वर्मा सिहासनारूढ हुआ, परन्तु वह जैन धर्म का कट्टर विरोधी था तथा उसे आमूल समाप्त ही कर देना चाहता था। चालुक्य राज्य पर आक्रमण कर उसने गुजरात तथा दमोई मे स्थित असख्य जैन मन्दिरो को विध्वस किया और उनमे स्थित 109 स्वर्णकलशो को लूटकर अपने साथ मालवा ले आया था।[142]

अर्जुन वर्मन की छत्रछाया मे यह धर्म उन्नति के पथ पर पुन अग्रसर हुआ। इस सदर्भ मे आशाधर ने कहा है कि अर्जुन वर्मन के समय मालवा मे जैन श्रावक अधिक सख्या मे विद्यमान थे। उन्ही श्रावक के साथ जैन सिद्धान्त को और अधिक पुष्ट और परिष्कृत करने के लिए वह (आशाधर) स्वय नलकच्छपुर नामक स्थान मे जाकर रहने लगा था,[143] उसने इस धर्म के सिद्धान्तो को लेकर कई पत्रिकाओ का प्रणयन किया जिनमे जैन सन्यासियो के कर्त्तव्य स्यादवाद का आध्यात्मिक विवेचन और जैन अर्हतो के उपदेशो के उल्लेख है।[144]

देवपाल और जैतुगीदेव ने भी पडित आशाधर को अपने यहाँ आश्रय दिया था। उनके आश्रय मेही उसने विशिष्ठास्मृति नामक ग्रन्थ पूर्ण किया था।[145] तेरहवी सदी मे देवेन्द्र उज्जैन के जैन मठ का सचालक था।[146] उसने वीरपाल और भीम सिह को 1245 ई0 मे जैन धर्म मे दीक्षित कर उन्हे क्रमश विद्यानन्द सूरि एव धर्मकीर्ति उपाध्याय की उपाधियो से अलकृत किया था।[147]

परमारो के समय जैन धर्म की केवल साहित्यिक उन्नति ही नही हुई बल्कि अन्य अनेक ठोस कार्य भी हुए थे। कई जैन मन्दिरो का निर्माण भी हुआ था। भोज के समय मुकतावली नामक गाव के अधिकारी रानकआमा ने श्वेतपाद नामक स्थान पर निर्मित जैन मन्दिर तथा मुनियो का खर्च चलाने के लिए सुव्रतदेव को कुछ भूमि, दो तेल की मिले, चौदह दुकाने और चौदह द्रम (सिक्का) दान दिया था। इस दान से प्राप्त आय से मदिर पूजा, नैवेद्य तथा वहा स्थित श्रावको का जीवन यापन होता था।[148] आबू के शासक धारा वर्ष की पत्नी श्रृगार देवी ने पार्श्वनाथ के मदिर के कुछ भूमि दान दी थी।[149] विजयराज के शासनकाल मे जैनाचार्य भूषण ने उथवणक (अर्धुणा) गाव मे वृषभनाथ के मदिर का निर्माण कराकर उसमे मूर्ति प्रतिष्ठित की थी।[150] प्रहलादनदेव ने पहलादनपुर मे पाल्हविहार नामक एक जैन मदिर का निर्माण करवाया था। इस मदिर मे पार्श्वनाथ की स्वर्ण प्रतिमा भी प्रतिष्ठित की गयी थी।[151] इस प्रकार कृष्णराज के राज्य काल मे बर्द्धमान नामक व्यक्ति ने एक जैन मदिर मे वीरनाथ के नाम से एक जैन प्रतिमा प्रतिष्ठित की थी।[152]

पूजा उपासना एव मदिर निर्माण के साथ–साथ इस धर्म से सम्बन्धित अनेक उत्सव भी मनाये जाते थे। आबू शासक सोम सिह के समय अष्टायिका नामक एक जैनोत्सव का उल्लेख मिलता है।[153] आठ दिन तक मनाये जाने के कारण ही सम्भवत इस उत्सव का नाम अष्टायिका रखा गया

था। इसमे नेमिनाथ की पूजा आदि के विभिन्न क्रम होते थे। चैत्रमास कृष्णपक्ष की तृतीया को चन्द्रावती के श्रावक जिन अहोम की पूजा आदि द्वारा इस उत्सव का आरम्भ करते थे। इसमे चार जाति के श्रावक भाग लेते थे। जिसमे आधी सख्या प्रागवाट और आधी जोसवाल, श्रीमाली एव धर्कुट जाति के श्रावको की होती थी। ये विभिन्न गावो के होते थे तथा भिन्न–भिन्न दिनो पर भिन्न (निश्चित) गावो के श्रावको की गोष्ठी नेमिनाथ की पूजा करती थी। यह उत्सव वार्षिक होता था तथा श्रावको की गोष्ठिया अष्टायिका के लिए ही नियुक्त होती थी।[154]

पच कल्याणिका नामक एक दूसरे जैनोत्सव का भी उल्लेख मिलता है।[155] यह उत्सव नेमिनाथ के गर्भारोहण, जन्म, तप (दीक्षा) ग्रहण, ज्ञान और मोक्ष प्राप्ति करने की अलग–अलग पाच तिथियो पर मनाया जाता था।

व्रत एवं उत्सव

देवी देवताओ की पूजा अर्चना के साथ–साथ उनसे भी मनाये जाते थे। इनके मनाने की परम्परा के दो क्रम होते थे। तिथिक्रम और ऋतुक्रम। जहॉ तक तिथिक्रम से मनाये जाने वाले व्रतोत्सवो का सम्बन्ध है इस क्रम मे सामान्यतया कुछ तिथियो पर तो सभी भागो मे वे सम्पन्न किये जाते थे ओर सभी भागो मे वे सम्पन्न किये जाते थे और कुछ मास विशेष मे मनाये जाते थे। प्रत्येक मास की तिथि विशेष पर मनाये जाने वाले व्रतो एव उत्सवो मे षष्ठी, अष्टमी, एकादशी, त्रयोदशी और चतुर्दशी वाले उत्सवो की ओर निर्देश किया जा सकता है।

षष्ठी तिथि मे व्रत रहकर सप्तमी को सूर्य पूजा करके पारण किया जाता था। यदि सप्तमी और अष्टमी दोनो तिथियॉ एक ही दिन पड जाती

तो भी सप्तमी युक्त अष्टमी मे पारण किया जाता था।[156] अष्टमी के दिन सामान्यतया लोग व्रत पूर्वक भगवान शिव की पूजा करते थे।[157]

एकादशी –

विष्णु से सम्बन्धित इस व्रत को ग्रहस्थ और सन्यासी अलग–अलग विधियो से मनाते थे। दो दिन एकादशी योग होने पर प्रथम दिन गृहस्थ और दूसरे दिन सन्यासी लोग इसका व्रत करते थे। यह व्रत दशमी विद्धा और द्वादशीविद्धा दो प्रकार का होता था दशमी विद्धा का द्वादशी मे और द्वादशीविद्धा एकादशी का त्रयोदशी मे पारण किया जाता था। इस व्रत मे दिन मे केवल एक बार जल ग्रहण किया जाता था। दुबारा जल पीने से व्रत भग समझा जाता था।[158]

त्रयोदशी एव चतुर्दशी –

इनमे क्रमश प्रदोष एव शिवरात्रि के व्रत किये जाते थे।[159]

इनके अतिरिक्त तिथि क्रम के अतर्गत कुछ ऐसे व्रतोत्सवो का उल्लेख मिलता है जो विशेष मासो की तिथि विशेषो मे मनाये जाते थे।

चैत्रमास –

कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को लोग अपने–अपने घरो मे सेहुड के पौधो को श्वेतकमल और रक्त ध्वजाओ से सजाकर एक प्रकार का उत्सव मनाते थे। इस उत्सव के पीछे यह विश्वास था कि इस दिन इस प्रकार की प्रक्रिया करने से पाप कर्म दूर हो जायेगे।[160]

वर्षप्रतिपदा –

नर्व वर्ष का प्रारम्भ इसी तिथि से होता है। इस दिन लोग नवीन वस्त्राभूषण पहनकर ब्रह्मा, शकर, सप्तसागर, शेषनाग और यक्षो की पूजा करते थे।[161]

स्कन्दषष्ठी –

को स्कन्द (कार्तिकेय) की पूजा की जाती थी। उसकी प्रतिमा के सामने लोग दीप जलाकर नृत्यगान आदि करते थे। वही खेलने के लिए एक मुर्गा भी छोड दिया जाता था। इस पूजा के सम्बन्ध मे लोगो का ऐसा विश्वास था कि स्कन्द की कृपा से वे तथा उनकी सन्ताने सदैव निरोग रहेगी।[162] अलबरूनी ने इस पूजा का उल्लेख करते हुए बताया है कि षष्ठी पूजा के बाद सप्तमी तिथि मे ब्राह्मणो को दूध और दही दान किया जाता था।[163]

अशोकाष्टमी –

उत्सव मे अशोक के फूल से कामदेव की पूजा की जाती थी। यह तीर्थ यदि पुनर्वसु नक्षत्र से युक्त हो तो उस दिन विशेष प्रकार से पूजा का उपक्रम किया जाता था। जिसमे लोग अशोक की आठ कलियो को पीसकर पीते थे। सम्भवत इन्ही कारणो से भोज ने इस पर्व को अशोकाष्टमी के नाम से अभिहित[164] किया है।

उपर्युक्त पूजाओ के अतिरिक्त रात्रि मे स्त्रिया चन्द्रमा की विशेष रूप से पूजा करती थी, चतुर्थि तिथि की रात्रि मे आरम्भ होकर अष्टमी तक के चार दिनों तक यह पूजोत्सव मनाया जाता था। इस विशेष पूजा के कारण ही इस तिथि को अष्टमीचन्द्रक कहा जाता था।[165]

मदनत्रयीदशी –

स्त्रियॉ केसरिया रग के वस्त्र पहनकर बडे उत्सव के साथ रति सहित कामदेव की मूर्ति की पूजा करती थी। यह उत्सव तीन दिनो तक चलता था। इस आयोजन को मदनोत्सव और बसन्तोत्सव भी कहा जाता था।[166] इसमे लोग नृत्यगान नाटक आदि खेलते थे। पारिजात मजरी नाटिका इसी अवसर पर खेली गयी थी।[167] अलबरूनी ने इस उत्सव के बहद (बसन्त) के नाम से उल्लेख किया है।[168]

बैशााख मास – के उत्सव

अक्षय तृतीया –

शुकल तृतीया का नाम अक्षयतृतीया है। ऐसा विश्वास है कि इस तिथि मे किय गये शुभकार्य अक्षय होते है। कुशतिलादि से इस दिन तर्पण किया जाता था तथा रात्रि मे वासुदेव का पूजन भी किया जाता था।[169]

ज्येष्ठ मास .–

के कृष्णपक्ष मे होने वाले किसी भी व्रत एव उत्सव का उल्लेख नही मिलता बल्कि शुक्ल पक्ष मे किये जाने वाले कुछ व्रतोत्सवो का (उल्लेख) विवरण उपलब्ध होता है।

अरण्यषष्ठी ·–

व्रत में षष्ठी तिथि को स्त्रियॉ अपने हाथो मे पखा लेकर जगल (वाटिका) मे विहार करती थी।[170] जगल का पर्यायवाचक शब्द अरण्य है। सम्भवत इसी से इस पर्व को अरण्यषष्ठी का नाम दिया गया है।

गगा दशहरा —

उत्सव दशमी तिथि को मनाया जाता था। लोगो का ऐसा विश्वास है कि इसी दिन स्वर्ग से गगा (नदी) ने पृथ्वी पर आगमन किया था। इसी दिन लोग निश्चित रूप से गगा नदी मे अथवा गगा के नाम पर किसी तालाब या बावली मे स्नान करते थे।[171] आजकल भी लोग इस तिथि को यह उत्सव मनाते है।

चतुर्दशी तिथि को स्त्रिया वैधत्व से बचने के लिए बट सावित्री का व्रत एव पूजा करती थी।[172] चण्डेश्वर के अनुसार इस दिन चावल एव फलो से परिपूर्ण एक घडा उपलेपित भूमि पर रखा जाता था। ताम्रपत्र पर उत्कीर्ण ब्रह्मा और सावित्री की प्रतिमा को इस घडे पर रखकर पुष्प धूप दीप से पूजा की जाती थी। पूजा के बाद एक शुद्ध चरित ब्राह्मण को दम्पत्ति को भोजन कराकर वस्त्र एव दक्षिणाए दी जाती थी।[173]

ज्येष्ठमास की पूर्णिता आदि ज्येष्ठा नक्षत्र से युक्त हो तो उस दिन विशेष प्रकार से स्नान एव पूजन किया जाता था। जिसे महाष्येष्ठीव्रत कहा जाता था।[174]

आषाढ मास .—

हरिशयनी .— शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि यदि अनुराधा नक्षत्र के प्रथम चरण से शुरू हो तो उस दिन विष्णु का शयन उत्सव मनाया जाता था और उसे हरिशयनी एकादशी कहा जाता था। ऐसा विश्वास था कि इस दिन विष्णु अपनी योगनिद्रा मे आविष्ट होते है।[175]

श्रावण मास की पूर्णिमा को एक विशेष प्रकार का आयोजन किया जाता था जिसमे द्विजाति भाग एक विशेष सस्कार की पूर्णता के लिए रनान ,

पूजन, हवन आदि कार्य करते थे।[176] इसे श्रावणी कहा जाता था। धार्मिक जनता आज भी यह कार्य करती है जिसकी छटा काशी के घाटो पर देखी जा सकती है।

भाद्रमास :—

कृष्ण जयन्ती — कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि रोहिणी नक्षत्र से युक्त होने पर जयन्ति के नाम से सम्बोधित की जाती थी। इसी दिन कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया जाता था। झूले मे भगवान कृष्ण की प्रतिमा रखकर उसका पूजन कर बडे धूमधाम से नृत्यगान आदि उत्सव मनाया जाता था।[177] इसी दिन रात्रि मे मिट्टी की बेदी पर रोहणी के साथ चन्द्रमा की प्रतिमा स्थापित करके पुष्पफल आदि से पूजा की जाती थी और शख मे जल लेकर चन्द्रमा को अर्ध्य भी दिया जाता था।[178]

हरितालिका :—

व्रत मे शुक्ल पक्ष की तृतीया को स्त्रियॉ व्रत रखकर शिव पार्वती की पूजा करती थी तथा शिव पार्वती की कथा सुनकर रात्रि मे नृत्यगान द्वारा जागरण करके प्रात काल प्रतिमा को जल मे विसर्जित करती थी, प्रतिमा विसर्जन के बाद पारण किया जाता था।[179] चतुर्थी तिथि यदि स्वाति नक्षत्र से युक्त होती थी तो उस दिन चन्द्रमा का दर्शन नही किया जाता था, क्योकि इसके दर्शन मात्र से झूठा कलक लगता है। इस तिथि को हरिताली चतुर्थी कहा जाता था।[180]

इन्द्रध्वजोत्सव :—

को कई नामो से सम्बोधित किया जाता था। इसका उल्लेख समरागण सूत्रधार मे इन्द्रध्वजोत्सव और राजमार्तण्ड मे इन्द्रध्वजपूजा तथा

इन्द्रोत्थापन के नाम से मिलता है।[181] इनमे से जो भी नाम अगीकार किया जाय तात्पर्य केवल इन्द्र देवता की प्रसन्नता के लिए पूजा पूर्वक ध्वजोत्तोलन का आयोजन करना मात्र था। महाभारत और द्वयाश्रयमहाकाव्य जैसे ग्रन्थो मे भी इस उत्सव का उल्लेख मिलता है।[182] शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि मे स्थिर एव उदित सौम्य ग्रहो को देखकर यह पूजा आरम्भ की जाती थी।[183] 32 हाथ या 28 हाथ अथवा 24 हाथ के कपडे का एक बडा तिकोना ध्वज बनाया जाता था जिस पर आयुधो और आभूषणो से युक्त उत्तम प्रकार के वर्णों मे यक्ष देवता आदि के चित्र चित्रित किये जाते थे। ये चित्र शुभ सूचक माने जाते थे। कपडे का रग सफेद, पीला, लाल अथवा बहुरगा होता था। इसमे सफेद रग विजय देने वाला पीला मान प्रतिष्ठा देने वाला, बहुरगा जय और लाल वर्ण शस्त्र प्रकोप देने वाला माना जाता था।

इस कपडे को उत्तम कोटि के एक डडे से लगाकर एक उत्कृष्ट ध्वजा का रूप दिया जाता था। जिस कार्य को करने के लिए चतुर कारीगरो को नियोजित किया जाता था। नैवेद्य आदि से पूजित एव सुगन्ध मालाओ से अलकृत इस ध्वज की ब्राह्मणो को आगे रखते हुए पूजा करायी जाती थी। जो स्वास्तिवाचन से प्रारम्भ होती थी। विविध पूजोपरान्त रात्रि मे गाप्तवाय तथा नटो एव नर्तकियो के नृत्य सहित ध्वजा के आगे रात्रिभर जागरण किया जाता था। सूर्योदय होने के बाद पुरोहित वर्ग अग्निकुड के पचम सस्कार (हवन कुड को झाडना, लीपना, तीन रेखाए करना, रेखा करने से उमडी हुई मिट्टी की बाहर फेकना तथा पुन जल छिडकना) द्वारा अग्नि स्थापना करता था। तदनन्तर हवन के लिए उपयोगी सामग्री (धृत, धृतपात्र, गन्धपुष्प, धूपदीप, नैवेद्य, पलास समिधा, हवन करने के लिए साकल्य द्रव्य) एकत्र की जाती थी। अग्नि के दीप्त होकर धूमरहित हो जाने पर हवन करतेथे। हवनोपरान्त दिग्पालो के लिए बलिया दी जाती थी।

यह उत्सव दस दिनो तक चलता था। इसमे सम्भवत अन्य भी अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जाते थे। अन्तिम दिन राजा विशिष्ट वस्त्राभूषण आदि से अलकृत होकर "ओ नमो भगवति" वागुले सर्वविटप्रमर्दनि स्वाहा" मन्त्र पढते हुए ध्वज को उठाते समय शुभ–अशुभ लक्षणो की परीक्षा की जाती थी। ध्वज पूर्व दिशा की ओर होने पर मत्री क्षत्रिय वर्ग एव राजाओ को तथा दक्षिण दिशा मे होने पर वैश्यो को धन धान्य आदि सिद्धियो को प्राप्त कराने वाला माना जाता था। अन्य अनेक भविष्यसूचक चिह्नो की परीक्षाए की जाती थी। ध्वज के नीचे गिर जाने पर राजा की मृत्यु की सूचना समझी जाती थी। अन्तिम दिन रात्रि मे विधानपूर्वक पुरोहित द्वारा ध्वज का विसर्जन किया जाता था।[184]

इस सन्दर्भ मे यह ज्ञातव्य है कि इस उत्सव के समय बन्दियो को बन्धनमुक्त कर दिया जाता था।[185] लोगो का ऐसा विश्वास था कि इससे अच्छी वर्षा होगी तथा देश धनधान्य से पूर्ण रहेगा।

शुक्ल पक्ष की द्वादशी तिथि के श्रवण नक्षण से युक्त रहने पर विजया द्वादशी या श्रवण द्वादशी कहा जाता था। इस तिथि से मुख्य रूप से स्नान एव विष्णु पूजन आयोजित होता था। ऐसा विश्वास था कि इस दिन के स्नान एव पूजन विधि से दस वर्षों मे प्राप्त होने वाले पुण्य एक ही दिन प्राप्त हो जायेगे।[186]

अश्विनमास :–

पितृ पक्ष :– कृष्ण पक्ष को पितृ पक्ष के नाम से अभिहित किया जाता था। इसमे पित्तरो का श्राद्धकर्म किया जाता था। अमावस्या को विशेष रूप से श्राद्ध और पिण्डदान किया जाता था।[187]

इस मास का सर्व प्रमुख उत्सव दुगोत्सव होता था। यह महोत्सव प्रतिपदा तिथि से प्रारम्भ होकर नवमी तक मनाया जाता था। उत्सव सप्तमी तिथि के मूल नक्षत्र से विशेष रूप से आरम्भ होता था। अष्टमी को व्रत रहकर नवमी तिथि मे देवी को पशुबलि अर्पित की जाती थी। नृत्यगान से युक्त इस उत्सव के अन्तिम तीन दिन बडे महत्व के होते थे। चौथे दिन दशमी का श्रवण नक्षत्र मे दुर्गा की प्रतिमा विसर्जित की जाती थी।[188]

प्रेतचतुर्दशी –

चतुर्दशी को सूर्य के तुला राशि और चित्रा नक्षत्र मे होने पर विष्णु की पूजा की जाती थी। इस दिन विष्णु पूजन करने से मनुष्य को प्रेत आदि दुरात्माओ का भय नही रहता।[189] सम्भवत इसी से इस तिथि को प्रेत चतुर्दशी के नाम से सम्बोधित किया गया है।

पूर्णिमा को विष्णु की पूजा करके रात्रि मे जुआ खेला जाता था। लोगो का विश्वास था कि इस दिन द्यूतक्रीडा द्वारा लक्ष्मी (धन) का आगमन होता है। इस तिथि को कौमुदी महोत्सव अथवा कोजागर के नाम से सबोधित किया जाता था।[190]

कार्तिक मास –

दीपावली .– अमावस्या की रात्रि मे लक्ष्मी का विशेष रूप से पूँजन किया जाता था। इस दिन लोग रात्रि मे अपने–अपने मकान, सडक, नदी के किनारे और देव मन्दिर आदि विभिन्न स्थानो पर दीपक जलाते थे। साथ ही लक्ष्मी के सामने आटे का विशेष प्रकार का दीपक जलाया जाता था। ऐसा विश्वास था कि इस तिथि मे लक्ष्मी अपनी योग निद्रा से जागृत होती है, इस तिथि को सुतरात्रि और यक्षरात्रि के नाम से भी सम्बोधित किया जाता था।[191]

शुक्लपक्ष की द्वितीया तिथि को स्त्रियां अपने-अपने भाइयों को विशेष स्नेह की दृष्टि से मिष्ठान खिलाती थी तथा भाई उन्हें उपहार स्वरूप द्रव्य आदि कुछ वस्तुएं देते थे।[192] इस त्योहार को मातृ द्वितीय कहते थे।

देवोत्थानी एकादशी को चन्द्रमा के रेवती नक्षत्र के अन्तिम चरण मे होने पर विष्णु का जागरणोत्सव मनाया जाता था। इस दिन लोग स्नान एवं विष्णु पूजा करके ब्राह्मणों को दान देते थे।[193] आबू शासक धारा वर्ष के मंत्री कौविदास ने इसी दिन शैव भट्टारक को भूमिदान दिया था।[194] अलबरूनी ने भी इस उत्सव का उल्लेख किया है। वह कहता है कि इस दिन लोग अपने शरीर में गोबर लगाते और गाय के दूध, मूत्र और गोबर (पंचद्रव्य) से आचमन करते थे।[195]

इस तिथि को ईख के मध्य विष्णु की प्रतिमा रखकर पूजी जाती थी। तदन्तर प्रसाद के रूप में उस ईख के लोग चूसते थे।[196]

आकाशदीप :-

कार्तिक मास की प्रतिपदा से लेकर पूर्णिमा तक देवताओं एवं पितरों को लक्ष्य कर आकश में ऊँचे बांसों की सहायता से बांस की पिटारियों में रखे हुए दीपक जलाये जाते थे। इस प्रकार का दीपदान चौराहों, देव मंदिरों और ब्राह्मण ग्रहों में किया जाता था। ये दीपक घी या तिल में जलाये जाते थे। इन्हें आकाश दीप कहा जाता था।[197]

इसके अतिरिक्त प्रातः काल ब्रह्ममुहूर्त में लोग स्नान करते थे। लोगों की यह धारणा थी कि कार्तिकमास के स्नान से चन्द्र एवं सूर्य ग्रहण में स्नान करने का फल प्राप्त होता है।[198]

माघमास –

वरचतुर्थी – शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि का वर चतुर्थी और कुन्दचतुर्थी के नाम से उल्लेख मिलता है। इस दिन प्रात काल स्त्रिया स्नानादि नित्यक्रिया से निवृत्त होकर स्वच्छ परिधान मे कौन्दी देवी की पूजा के लिए जाती थी। स्नान करती हुई स्त्रिया "उलु–उलु" शब्दोच्चारण भी करती थी, जो कामदेव के आवाहन का सकेत माना जाता था। कुन्द पुष्पो से देवी की पूजा करके आटे से बने हुए भोज्य पदार्थ नैवेद्य के रूप मे अर्पण किये जाते थे।[199]

शुक्ल सप्तमी तिथि को माघ सप्तमी अथवा सौर सप्तमी के नाम से सम्बोधित किया जाता था। इस दिन सूर्य भगवान की पूजा विशेष रूप से की जाती थी।[200]

शुक्ल पक्ष के पचमी तिथि को कलियुग की आरम्भ की तिथि मानकर कुशतिलादि से तर्पण और श्राद्ध आदि किया जाता था।[201]

इसी पक्ष की अष्टमी को भीष्म पितामह की पूजा एव उनके नाम से तर्पण किया जाता था।[202] इसे भीमाष्टमी के नाम से सबोधित किया जाता था।

पूर्णिमा को विशेष विधि पूर्वक स्नान किया जाता था। इस तिथि का माघी पूर्णिमा के नाम से भी सबाधित किया जाता था।[203]

फाल्गुन मास :–

शिव रात्रि – कृष्ण चतुर्दशी को लोग उपवास करके रात्रि के चार प्रहरो मे शिव भगवान की पूजा करते थे। जागरण को आनन्दमय बनाने के लिए नृत्यगान आदि विभिन्न कार्यक्रम भी किये जाते थे। इस पूर्व को महारात्रि के नाम से भी सम्बोधित किया जाता था।[204]

शुक्ल पक्ष की द्वादशी को सूर्य कुम्भ राशि का, चन्द्रमा गुरु का और पुष्यनक्षत्र होने पर विष्णु की विशेष पूजा की जाती थी। द्वादशी का पुष्यनक्षत्र से योग होने क कारण इसे पुष्यद्वादशी कहा जाता था। घी का प्राशन करके हविष्यपदार्थ का नैवेद्य लगाकर भगवान विष्णु की कथा श्रवण की जाती थी।[205]

कार्तिकेय पूजा –

फाल्गुन पूर्णिमा को कुम्भ राशि को सूर्य होने पर लोग स्नान करके कार्तिकेय की पूजा एव परिक्रमा करते थे। अन्त मे प्रतिमा को रथ पर रखकर लोग जुलूस निकालते थे।[206]

तिथिक्रम के अतिरिक्त ऋतुकर्म से भी मनाये जाने वाले अनेक उत्सवो के उललेख मिलते है। जो कि निम्नलिखित है।

बसन्त ऋतु के उत्सव –

शालमली क्रीडा :– इस क्रीडात्सव मे किसी निश्चित दिन स्त्री एव पुरूषो के अलग–अलग वर्ग अपने–अपने अपने आखो मे कपडे की पट्टियां बाधकर शाल वृक्षो के समीप लुका छिपी (आख मिर्चानी) का खेल खेलते थे।[207] इसके अतिरिक्त इस ऋतु का एक प्रमुख उत्सव धूतमजिकोत्सव था। धूत आम का पर्यायवाचक शब्द है और मजिका का तात्पर्य तोडना। इस उत्सव मे स्त्रिया आभ्रमजरी को तोडकर उससे अपना श्रगार करती थी, तथा शैष समय नृत्यगान आदि मे बिताती थी।[208]

उदकदवैडिका उत्सव :– आधुनिक होली की तरह ही यह होता था। इसमे लोग पिचकारियो से एक दूसरे पर रग छोडते थे जो कि सुगन्धित जल से बनाये जाते थे।[209]

नवलतिका – बसन्त ऋतु मे मनाया जाने वाला एक विशेष उत्सव होता था। इसमे स्त्रिया आम की मन्जरियो को लेकर अपने प्रियतम के साथ मधुरभाषण कर उन्हे आकर्षित करती थी। सरस्वती कठाभरण मे आम्रमजरी के स्थान पर पलाशपत्र शब्द का उल्लेख मिलता है, जिससे यह प्रतीत होता है कि आमृमजरी की जगह पर पलाश पत्र से भी काम लिया जाता रहा होगा।[210] श्रगार प्रकाश मे भी इस उत्सव का नवलतिका के नाम से उल्लेख मिलता है।[211]

पाचालानुयान :– बसन्त ऋतु मे किसी विशेष दिन स्त्रिया किसी विशेष देवी प्रतिमा के पास एक जुलूस मे होकर जाती थी और वही नृत्यगान आदि करती थी।[212] राघवन ने तमिलसाहित्य मे इस उत्सव का "पावे" के नाम से उल्लेख किया है। पावे का अर्थ होता है गुडिया इससे प्रतीत होता है कि इस उत्सव मे गुडिया के खेल का तथा गोण्डाली नृत्यगान विशेष का आयोजन किया जाता था।[213]

ग्रीष्म ऋतु के उत्सव –

उद्यान यात्रा :– ग्रीष्म ऋतु मे लोग किसी निश्चित दिन बगीचे मे जाकर भोजन करते और आनन्द मनाते थे।[214]

सलिलक्रीडा :–

उद्यान की बावलियो मे जाकर लोग मनोरजनार्थ एक दूसरे पर जल को उछालकर इस उत्सव का आयोजन करते थे।[215] धनपाल ने इस क्रीडोत्सव का उल्लेख किया है।[216]

वर्षाऋतु के उत्सव –

शिखंडिलास्य :– वर्षाकाल मे मेघो के सर्व प्रथम आगमन पर उन्मत्त मयूरो के नृत्य को देखकर लोग आनन्दित होते एव उत्सव मनाते थे। इसे नावाम्बुदाभ्युदय के नाम से भी सम्बोधित किया जाता था।[217]

कदम्बयुद्ध – उत्सव मे स्त्री पुरूष दोनो परस्पर कदम्बवृक्ष की कोमल टहनियो को लेकर आपस मे मनोरजनार्थ युद्ध करते थे।[218]

शरदऋतु के उत्सव –

नव पत्रिका – उत्सव शरदऋतु के आरम्भ मे मनाया जाता था। इसमे स्त्री–पुरूष नवोद्‌भूत घोसो पर बैठकर भोजन एव मनोरजनार्थ हसी–मजाक करते थे।[219]

विशखादिका उत्सव :– मनाने के लिए दम्पत्तिवर्ग विकसित कमलो वाली बावलियो मे जाकर दातो से कमलनाल को काटते थे। इस क्रिया को पहले पति और बाद मे पत्नी करती थी।[220]

उन उपर्युक्त उत्सवो के अतिरिक्त भ्रमर क्रीडा, चन्द्रिका लालन, हसलीलावलोकन और सरितपुलिनकेलि आदि छोटे–छोटे अनेक उत्सवो के नामोल्लेख मिलते है।[221]

हेमन्तऋतु के उत्सव :–

देवतादोलावलोकन एव क्रीडाशकुन्तसघात नामक केवल इन दोनो उत्सवो का ही उल्लेख मिलता है। प्रथम उत्सव मे लोग देव मन्दिरो मे विशेष रूप से सज्जीकृत झूले मे भगवान का दर्शन करते थे। द्वितीय उत्सव मे तीतर बटेर तथा मुर्गों आदि की लडाइया कराकर आनन्दोत्सव मनाये जाते थे।[222]

उपर्युक्त तिथियो और ऋतुक्रमिक उत्सवो के अतिरिक्त चन्द्र एव सूर्य ग्रहण तथा संक्रान्तियो के अवसरो पर भी व्रत और उत्सव मनाये जाते थे। इन अवसरों पर स्नानादि के विशेष आयोजन किये जाते थे।[223]

दान व्यवस्था

परमार राजाओ एव उनकी प्रजाओ ने केवल देव पूजन , मदिरो निर्माण तथा उनका जीर्णोद्धार ही नही कराया बल्कि उन्होने मुक्तहस्त से ब्राह्मणो को दान भी दिया उनमे मुक्तहस्त से ब्राह्मणो को दान भी दिया उनमे भूमिदान मुख्य थे।

लोग स्मृति और पुरणो के दान सम्बन्धी नियमो का पालन करते थे। स्मृति लेखको का मत है कि दान देना गृहस्थो का मुख्य कर्त्तव्य है। "दानमेव गृहस्थानाम।" बृहस्पति –स्मृति मे कहा गया है कि भूमिदान से मनुष्य को स्वर्ग की प्राप्ति होती है और वह अपने सब पापो से मुक्त हो जाता है।[224] महाभारत मे भूमिदान को सर्वश्रेष्ठ दान कहा गया है।[225] तत्कालीन अभिलेखो को देखने से स्पष्ट होता है कि स्वर्गप्राप्ति के उद्देश्य से ही भूमिदान किये जाते थे।[226] दान दी हुई भूमि से प्राप्त सभी वस्तुए विभिन्न प्रकार का भाग भोगकर[227] आदि भी दान ग्रहणकर्ता को मिलती थी। अर्थात उन भूमियो से जो कर राजा को प्राप्त होते थे। उन्हे वसूल करने का अधिकार अब दान ग्रहण करने वाले व्यक्ति को ही प्राप्त हो जाता था।[228] अन्य दोनो के विपरीत भूमिदान की कुछ व्यावहारिक विधिया थी। जिनके अनुसार दान की सूचना उस गाव के निवासियो, राज कर्मचारियो तथा अन्य सम्बन्धित लोगो को दी जाती थी।[229] यह घोषणा इसलिए की जाती थी कि दान दी जाने वाली भूमि के बारे मे किसी प्रकार के सन्देह की सभावना न रहे।

एक बार दान मे दी हुई भूमि का या उसके एक हिस्से का भूलकर भी किसी दूसरे ब्राह्मण को फिर से दान कर देने पर राजा इसकी सूचना पाते ही प्रायश्चित करता था और प्रथम दान ग्रहण करने वाले ब्राह्मण को उस भूमि या उसके अश का मूल्य चुकाता था। अत दान देते समय अन्य

ब्राह्मणे के प्रदत्त हिस्सो को छोडकर ही (अवशेष) भूमि का दान दिया जाता था। भोज, जयसिह और देवपाल आदि शासको के अभिलेखो[230] मे उल्लिखित "देव ब्राह्मण भुक्तिवर्णम" वाक्य इसी बात का सकेत करता है।

भूमिदान किसी निश्चित अवधि तक के लिए नही होता था। बल्कि सृष्टि के अस्तित्व तक इसका स्थायित्व माना जाता था। सीयक, वाक्पतिराजभुज, भोज आदि ने अपने–अपने दान सकल्पनो मे "आचन्द्रावर्कार्णव क्षितिरामकालम्" की घोषणाए की थी।[231]

दान पत्रो पर दाताओ के हस्ताक्षर होते थे। सीयक, भुज, भोज, जयसिह आदि नरेशो ने हस्ताक्षर के लिए "स्वहस्तो य ––––– नाम ––––– स्य" आदि लिखते थे।[232] मदिरो के खर्च निर्वाह, देशान्तर से आये हुए ब्राह्मणो के भरण पोषण एव शैक्षिक क्षेत्रो के विद्यार्थियो और शिक्षको की आवश्यकतापूर्ति के लिए भी दान दिये जाते थे।[233] वाक्पतिराजभुज के शासनकाल मे व्यवसायी महासाधनिक ने उज्जैन की भट्टेश्वरी देवी के मन्दिर का खर्च चलाने के लिए सेम्युलपुर नामक गाव दान दिया था।[234] शिक्षा की उन्नति के लिए जयसिह ने अमरेश्वर पट्टशाला के लिए दान दिया था।[235]

दान के लिए देश, काल और पात्र का विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।[236] असमय मे अथवा अनुचित पात्र को दान देने से दान का फल नष्ट हो जाता है।[237] परमारवशीय शासको ने अपने दानो के सम्बन्ध मे इन बातो का ध्यान दिया था। दान के लिए स्थान निश्चित होते थे। पवित्रतीर्थ, नदी नट देवालय आदि दान देने के स्थल होते थे। पवित्र तीर्थो मे कुरुक्षेत्र,[238] गया[239] और वलकलेश्वर[240] आदि उल्लेखनीय है। कभी–कभी राजा लोग अपनी राजधानी में रहकर भी दान देते थे।[241] देश के साथ–साथ समय का भी विशेष ध्यान दिया जाता था। दान के लिए अधिकाशत धार्मिक पर्व ही उचित समय

माने जाते थे। प्राय सूर्य अथवा चन्द्रग्रहण के अवसर पर भूमि दान दिया जाता था। सूर्यग्रहण[242] पर महाकुमार हरिश्चन्द्र एव अर्जुन वर्मा ने और चन्द्रग्रहण[243] पर वाक्पतिराजमुज और यशोवर्मा ने ब्राह्मणो को भूमिदान किया था। मन्दिरो के लिए देवाग्रहार के रूप मे भूमिदान किया जाता था।[244]

विजय प्राप्ति :– के उपलक्ष्य मे भी दान कार्य किया जाता था। भोज ने अपनी कोकणविजय के उपलब्ध मे भूमिदान दिया था।[245] उपर्युक्त अवसरो के अतिरिक्त अन्य अनेक तिथियो पर दान दिये जाते थे। वाक्पतिराजमुज ने भाद्रशुक्ला चतुर्दशी को[246] भोज ने माघतृतीया[247] को देवपाल और महाकुमार हरिश्चन्द्र ने क्रमश भाद्र एव वैशाख मास की पूर्णिमा[248] को तथा जयवर्मा ने मार्गशीर्ष शुक्ल तृतीया को ब्राह्मणो को भूमिदान दिया था।[249]

विशेष तिथियो के अतिरिक्त सामाजिक सस्कारो के अवसर पर भी भूमिदान की प्रथा प्रचलित थी। यशो वर्मन ने अपने माता–पिता के वार्षिक श्राद्ध की तिथियो पर ब्राह्मणो को भूमिदान दिया था।[250] पुत्रोत्पत्ति के उपलब्ध मे भी भूमिदान का कार्य किया जाता था।[251]

देशकाल के अतिरिक्त दान के सम्बन्ध मे पात्र का भी ध्यान रखा जाता था। दान प्राय वैदिक तथा उत्तमगोत्र प्रवरवाले ब्राह्मणो को ही दिये जाते थे। इनके प्रमाण देवपाल और जयवर्मा द्वितीय जेसे अनेक राजाओ के अभिलेखो से प्राप्त होते है।[252]

दानविधि :– दानार्पण के लिए कुछ आवश्यक शास्त्रीय विधिया भी होती थी। जिनक अनुसार भूमिदान देने वाला व्यक्ति नदी आदि किसी जलाशय में स्नानोपरान्त स्वच्छ श्वेत वस्त्र पहनकर देव, ऋषि और पितरो के लिए पर्तण एव भगवान शकर की पूजा करके समिधा और कुशतिलादि से हवन करता था।

तत्पश्चात वह गाय की तीन बार प्रदक्षिणा करके उत्तम कुल गोत्र वाले वैदिक ब्राह्मणो को भूमि दान देता था।[253] अलबरूनी ने भी ब्राह्मणो को दिये जाने वाले भूमिदानो का उल्लेख किया है।[254]

भूमिदान के अतिरिक्त अन्य वस्तुए भी दान मे दी जाती थी। भोज के सामन्त यशोवर्मन ने एक जैन मन्दिर के पुजारी सुव्रतमुनि को मन्दिर का खर्च चलाने के लिए भूमि के अतिरिक्त दो तेल की मिले, व्यवसायिओ को चौदह दुकाने (दुकानो से प्राप्त होने वाले कर) और चौदह (दुकानो से प्राप्त होने वाले कर) और चौदह द्रम (सिक्के) दान मे दिया था।[255] इसी प्रकार जन्न नामक एक तेली (पटेल) ने सैधवदेव नामक शिव मदिर मे चार पैली तेल शिव उत्सव के अवसर पर दान दिया था।[256]

आबू शासक प्रताप सिह ने पट्टविष्णु के मन्दिर का खर्च चलाने के लिए अनेक व्यवस्थाए की थी।[257] वागड के शासक चामुण्डराय ने एक शिव मदिर के सम्बन्ध मे चैत्रमास मे मनाये जाने वाले उसके वार्षिकोत्सव के लिए पीतल के बर्तन बनाने वाले (ठठेरो) से प्रतिमास एक–एक द्रम, शराब खाने से प्रति चुम्बुक चार रूपक, द्युतगृह से दो रूपक, प्रतिवर्ष तेल से एक पाणक तेल, प्रतिरमक नारियल से एक नारियल, प्रतिभूटक नमक से एक माणक नमक और प्रतिपटक घी से एक पालिका घी दान के रूप मे देने की व्यवस्था की थी।[258] इसी प्रकार मीनमाल के शासक कृष्णराज ने जगत स्वामी नामक सूर्यमदिर के लिए भूमि के अतिरिक्त अनाज की व्यवस्था की थी।[259]

इस प्रकार इस समय के लोगो की दान शीलता ने धर्म को अपने चरमोत्कर्ष पर पहुँचा दिया था। महाराज वर्मन के बारे मे उल्लेख मिलता है कि उसने अपने दान कार्यों द्वारा एक पैर वाले धर्म को अनेक पैरो वाला बना दिया।[260]

उपर्युक्त विवरणो के एकत्र समवाय को धार्मिक सहिष्णुता का मूर्तरूप कहा जा सकता है। इसकी विवेचना मे यह ज्ञातव्य है कि तत्कालीन शासक एव प्रजा दोनो ही वर्ग अपने व्यक्तिगत धर्मों के अतिरिक्त अन्य सम्प्रदाय एव धर्मों को भी प्रश्रृयात्मक महत्व की दृष्टि से देखते थे। इस सन्दर्भ मे यह भी जानने योग्य बाते है कि अपने अभिमत सम्प्रदाय से भिन्न सम्प्रदायो के व्रतो एव उत्सवो मे भी लोग भाग लेते थे। यह बात अलग है कि स्त्री प्रधान व्रतो एव उत्सवो मे स्त्री ही भाग लेती थी। ऐसे भी अनेक व्रतोत्सव आयोजित होते थे। जिनमे सामूहिक रूप से सभी लोग भाग लेते थे और किसी प्रकार का भेदभाव नही होता था। उदाहरणार्थ इन्द्रध्वजोत्सव आदि।

सीयक द्वितीय के एक शिलालेख मे शिव और विष्णु दोनो की स्तुतियॉ साथ–साथ की गयी है।[261] इसी प्रकार भोज शिवभक्त होते हुए वैष्णव एव शाक्त सम्प्रदायो के साथ–साथ जैन धर्म का भी आश्रयदाता था। जैनाचार्य सूरिभानतुग और देवभद्र भोज के मनरूपी सरोवर के दो राजहस कहे गये है।[262] यद्यपि यह सकेत तो कुछ उत्युक्तिपूर्ण मालुम पडता है कि धारा के अब्दुल्लाह चगाल की कब्र के हिजरी सन् 859 (ई0 स0 1455) के लेख के अनुसार भोज ने मुसलमानी धर्म ग्रहण करके अपना नाम अब्दुल्ला रख लिया था। गुलदस्ते अब्र नामक उर्दू की एक पुस्तक के अनुसार भी भोज अब्दुल्लाशाह फकीर की करामातो को देखकर मुसलमान हो गया था।[263] परन्तु किसी भी समकालिक विश्वस्त प्रमाण के अभाव मे यह इस्लामी मुल्लाओ की कॅपोल कल्पना के अतिरिक्त और कुछ भी नही प्रतीत होता। भोज जेसे विद्वान धार्मिक शिव भक्त और प्रतापी शासक का बिना कारण ही अपने वशानुगत धर्म को छोडकर मुसलमानी मजहब की शरण लेना असम्भव प्रतीत होता है।

यह अवश्य सम्भव प्रतीत होता है कि उसने अपने राज्य की विभिन्न धर्मावलम्बनी प्रणाओ की तरह मुसलमानो को पूर्ण धर्म सहिष्णु दृष्टि से देखा हो जिससे बाद के मुसलमानो मुल्लाओ ने उसकी इस्लाम धर्म मे आस्था का भ्रम कर लिया हो।

पाद टिप्पणी

1 डी0 सी0 गागुली–परमार राजवश का इतिहास पृष्ठ 64

2 A S I 1929-30 P 187

3 P R A S W C 1919, P 65

4 E I 9, P 188-92 गोपीनाथराव–Elements of Hındu Iconography P 342

5 वरदा 2 पृष्ठ 54

6 Early chauhan Dynasty Page 263

7 देवीभागवत, पचम स्कन्द, अध्याय 30,31

8 त्रिपुरारहस्य महात्म्यखड, अध्याय 8, श्लो0, 53–102।

9 ABORI VOL IV, P 99

10 IA VOL XX, P 312

11 JBBRAS VOL XXII, P 78

12 मूलेन प्रतिपूजयेद भगवती चण्डा शुचण्डाकृति ———
ABORI, VOL, XXXVL, P 327

13 द्रष्टव्य, मारकण्डेयपुराण का देवी महात्म्य अध्याय।

14 ABORI VOL XXXVI, P 327-28

15 ओ ओ नयो मारत्यै, प्रासादार्थ माधुर्य समाधिसमता दय – युवयौर्य गुणसन्ति वाग्देव्यौ तैपि सन्तु न । EI VOL II, P 182-

16 ति0 म0 पृ0 37, IA. VOL VI, P 51, VOL XIV P 160

17 The Socıo Relıgıous Condıtıon of North Indıa, P 253

18 दृयाश्र्यमहाकाव्य, सोलहवा, 61

19 The Socıo-Religious condıtıon of North Indıa, P 250

20 Sachau Vol I, P 120

21 ABORI VOL XXXVI P 312, Verse 5

22 IA, VOL XX, P 312

23 कनकामा महाशक्ति देवीता लुसमुद्भवा। सुवर्णसख्या नकुली बाग्देवी रत्नभूषणा।। त्रिपुरारहस्य, महात्म्यखड अध्या0 67, श्लो0 63–64

24 ति0 म0, पृ0 63

25 The Socio Religious condition of North India-P 226-27

26 E I. Vol xv P 138 C II Vol III No 6

27 C I I Part II Page 43

28 C I I. Page-43 E I Vol XI P 181 Vol III Page 48 Vol VIIIP 320

29 EI VOL XI, P 181, VOL III, P 48, VOL XVIII, P 329, IA VOL XIV, P 160, VOL VI, P 48, VOL IXIX, P 352, JASB VOL VII, P 736, IH VOL VIII, P 305

30 तत्रादित्य प्रतापे गतवति सदन, स्वर्ग्गिणा भर्ग्गभक्ते व्याप्ताधोरव धात्री रिपुतिमिरभरैर्म्मौललोकस्तदाभूत C I I VOL.II, P 81, EI VOL I, P 236

31 JASB VOL X, P 241, IA VOL XX, P 311; EI VOL I, P 233, VOL XIV, P 297

32. गगाम्बु संतिक्त भुजगभक्त
मालैक्लैन्दोरम्लाकुराभा,
यन्मूध्नि नर्मेक्ति कल्पवल्या
मातीवभूलै स तथास्तु शम्भु – E 1 Vol I P 233

33 वृतगगन सिधुपुट्ट शैक्तसुता शलमजिका समग
जयति जगभयमण्डप मूलस्तम्भो महादेव
भोजदेव प्रणीत तत्वप्रकाश पृष्ठ–85

34 JASB Vol VII P 736 EI Vol III P 48 IHQ-Vol- VIII P 311, I A Vol XIX P 352 Vol VI P 53 Vol XVI P 254

35 JASB Vol VII P 737 ARASı 1918-19 part I P 17 5 IA Vol- XI P 221 E1 Vol II P 184

36 I A VOL XI, P 221

37 IA Vol XI P 222 Vol L VI P 51 E1- Vol- XIX P 71 JASB Vol XVIII P 347

38 Asıatıc Research Vol- XVI P 285- PARTH PARAKRAM VYAYOG of Prahaladandeva Apendıx No 3

39 तत्वप्रकाश, त्रिवेन्द्रम सस्कृ त सिरीज, ग्रन्थाक 58

40 JASB VOL VII, P 737

41 केदार रामेश्वर सोमनाथ सुडीर कालानल रूद्रसत्के। सुराश्रत (ऐ) व्यक्ति च य समन्त्ताद्यथार्थ सज्ञा जगती चकार EI VOL. I, P 236

42 रेउ, राजा भोज, पृ0 92

43 श्री भोजराज रचित त्रिभुवन नारायणस्यदेवगृ है
यौ विरचयतिस्म सदाशिव परिचर्या स्वशिवलिप्सु
Vıenna Orıental Journal, Vol XXI, P 143

44 नागरी प्रचारिणी पत्रिका, भाग 3, पृ0 1—18

45 द्रष्टव्य अष्टम परिच्छेद (धार्मिक वास्तुकला)

46 वृषभ प्रति मोगार्थ मार्गे विशोपको दत्त
EI VOL XXI, P 42

47. JASB VOL X, P 241-42

48 चकार आयतनं शम्भोरमोनिधि समसर तत् सन्निधाने—हनुमत् धौत्रपाल गणेश्वरान स्थापयाभास कृष्णादीननु—कुलीशमथम्बिका
IA VOL XX, P 312

49 BOM GAZ VOL I, PART I, P 472

50 IA VOL XI, P 220

51 I bıd, P 220

52 बलदेव उपाध्याय, भारतीय दर्शन, पृ0 547

53 धवल भस्म ललाटिकाभि अदामालिका परिवर्तन प्रचलकरत–लाभि पाशुपत व्रतधारिणीभि कादम्बरी, पृ0 424

54 AK Majumdar, P 293

55 Collected Works of Bhandarkar, Vol IV, P 166

56 EI VOL XI, P 39

57 Collected Works of Bhandarkar, Vol IV, P 172

58 IA VOL XI, P. 220

59 AK Majumdar, P 294

60 IA VOL XI, P 220

61 Bom Gaz VOL I, Part I, P 473, EI VOL V, Appendıx P 93-689

62 V S Pathak, Hıstory of Saiva cults ın Northern Indıa, P 21

63 उदकग्रालकस्तय महाव्रतधारोमुनि
दिनकरो नाय य साक्षात्कपालीव शकर
Pr AIOC, 1919, P. 324

64 शूकर, नृसिह वामन, राम, वासुदेव, और कृष्ण

65 वायुपुराण पृष्ठ 97, 98

66 ओ वियुच्चककडार केसर सटाभिन्नाम्बुद श्रेणय
शोण नेत्रहुताशडम्बर धृत सिहाकृते शाड्र्ण्गिण
EI VOL XIX, P 241.

67 चन्द्रावती परकुलौदधिदूर मग्नाम्,

उर्वी वराह इव य स दधार

IA VOL XLV, P 78

68 वैश्वरूपय समस्यस्य मीना आकृति कैतवात्

एवा भिन्न निर्मिताशेष विश्वो विष्णु पुनातु व

EI VOL II., P 182

69 EI VOL XIX, P 177, VOL XX, P 236

70 I bıd VOL XVIII, P 323

71 IA VOL XLV, P 77, JBBRAS, VOL XXIII, P 78

72 IA VOL VI, P 51, VOL XIV, P 160

73 EI VOL XIX P 241

74 ABORI, VOL XXXVI, P 312 Verse 35

75 अनय बामन शीरिं वैकुण्ड पुरूषोत्तमम्

वासुदेव हृषीकेश माधव मधुसूचदनम्

साराह पुण्डरीकाक्ष नृसिह दैत्य सूदनम्

दामोदर पद्मनाभ केशव गरूणहवणम्

ABORI. VOL XXXVI, P 321, Verse 19-20.

76 JBBRAS. VOL XXIII, P 78, JAOS VOL.VII, P 25

77. HISTORY OF BENGAL VOL I, PL-II NO 7

78 EI VOL. VIII, P. 243.

79 नारायण चतुर्बाहु शख चक गदाधरम्

ABORI VOL XXXVI, P 321, Verse 122

80 IA. VOL XLV, P 77.

81. EI. VOL. X, P. 109, Lıne 20

82 Pro Rep. ASI Western Circle. 1906-7, P 26

83 ASR (Cunnıngham) VOL II, P 270.

84 ABORI, VOL XXXVI, P 314-16, 320-22,

85 Collected Works of Bhandarkar, Vol IV, P 221

86 मकरो भगवान देवो भास्कर परिकीर्तित

मकर ध्यान योगाश्च मगाहयेवे प्रकीर्तिता भविष्य पुराण अध्या0 134,

The Socio-Religious Condition of North India, P 257

87 Socio Religious Condition of North India, P 257

88 Sachau, VOL I P 121

89 Bom Gaz, VOL I, Part I, P 472

90 EI VOL XXII, P 59-60, Bom Gaz VOL I Part I, P 472

91 यस्योदयास्त समये सुरमुकुट निस्पृष्ठ करचरण कमलौस्मि्

करूते स जलि त्रिनेत्र स जयतिधाम्ना निधि सूर्य

Bom Gaz VOL I, Part I P 472

92 स0 सू0, छत्तीसवा अध्याय

93 स0 सू0 छत्तीसवा अध्याय

EI VOL. XXII P 160

94 Sachau, VOL I, P 10

95 ति0 म0, पृ0 207, 209, नवसहासाकचरित, द्वितीय 82–83

IA VOL XVI, P 354

96 दिनमिव्यपिनी कृष्णा शुक्ला चैन तु सप्तमी ।

उपाव्या सा महापुण्या अवश्मेघकल्प्रवा ।।

दियिव्यामिनी षष्ठी सप्तम्या अष्टमी मवैत् ।

षष्ठया सौरव्रत कुर्यावष्टम्यामेव पारणम् ।।

ABORI VOL XXXVI, P. 314

97 EI. VOL. IX, P 13

98. I bid. VOL. XXII, P 61

99 Bom Gaz VOL I, Part I, P 472

100 IA VOL XX, P 312, JBBRAS VOL XXIII, P 78

101 EI VOL I, P 234

102 भोजविरचित शालिहोत्र,

JASB VOL VII, P 736, JBBRAS, VOL XXIII, P 78

IA VOL XX, P 311

103 ABORI, VOL XXXVI, P 332

104 JBBRAS VOL XXIII, P 78

105 IA VOL XX, P 312

106 हवनात्मक महारुद्र प्रयोग, पृ0 138–52, 69

107 वही, पृ0 138–52 ।

108 IA VOL XX, P 312

109 I bid P 312

110 ABORI, VOL XXXVI, P 318-20

111 ABORI VOL XXXVI, P 320

112. ति0 म0 पृ0 55ए बल्लालकृत, जगदीशलाल, भोज प्रबन्ध, पृ0 295 ।

113 स0 सू0, 36 । 4–25 ।

114 EI VOL XI, P 181, XVIII, P.320, VOL III, P 48

IA VOL XIV, P 160, VOL XVI, P 252, VOL. VI, P 48

IHQ. VOL VIII, P 305

115 JBBRAS. VOL XXIII, P 75, JASB. VOL.VII, P 737

PC Tawney, P. 58,

116. IA, VOL. LVI, P 12

117. ति0 म0, पृ0 52

118 ओ ओ नमो वीवरागाय।

स जयतुजिन भानुर्मव्य राजीवराजी ।।

जनित वर विकाशोदत्त लोक प्रकाश ।

EI VOL XXI, P 50

119 Asıatıc Researches, VOl XVI, P 312

120 भारती, फरवरी 1955, पृ0 116–17 ।

121 Peterson's Fourth Report, Introductıon, P 3

122 नाथूराम प्रभी, पृ0 412

123 Peterspm's Thırd Report P 91, Verse 23

124 Epıgraphıa Carnatıca, VOL II, P 35

125 PC Tawney, P 52

126 I bıd, P 46

127 द्वाम्या यन्न हरि वमिर्न चहर सृष्टा न चौवाष्टनिर्यन्न

द्वादशभिर्गुहो न दशकन्धेन लकापति।

– प्रचि0 मू0 पाठ, पृ0 39

P C Tawney, P 57

128 आख्यानाधिपतौ वुधादविगुणै श्री भोजदेवनृपै।

अमिभव्यम्बर से सपण्डित शिरोरत्नादिव्धन्मदान।।

योऽनेक्तत् शतशो व्यजेण्ट पटुताभीष्टौयमी वादन ।

शास्त्राम्योनिधि पारगोऽभवदता श्री शान्तिषेणो गुरु।।

EI VOL II P 239

129 P.C Tawney - P 36-42

130. Petensıon's Forts Report Introductıon P 4

131 नाथूराम प्रेमी पृष्ठ – 289

132 Peterson's Third Report, P 95, Verse 8

133 Peterson s Third Report, P 95, Verse 9-10

134 भारत के प्राचीन राजवश, पृ0 144—145

135 द्रष्टव्य परिच्छेद शिक्षा एव साहित्य

136 रेउ, राजाभोज, पृ0 318 ।

137 विशेष विवरण के लिए द्रष्टव्य, A K Majumdar, P 314

138 नाथूराम प्रेमी, पृ0 347 ।

139 भारत के प्राचीन राजवश, पृ0 157, नाथूराम प्रेमी, पृ0 347
Bhandarkar's Report on the Search for the Sanskrit
Menscript, 1883-84, P 104

140 द्रष्टव्य शिक्षा एव साहित्य

141 भारती, फरवरी, 1955, पृ0 122 ।

142 History of the Parmara Dynasty. P 196

143 श्री मद्भुर्जनम्पाल राज्ये श्रावकसकुले
निजधर्मोदपार्थ यौ नलकच्छपुरेऽवसत् ।
Political History of Northern India, P 116

144 द्रष्टव्य, शिक्षा एव साहित्य

145 भारत के प्राचीन राजवश, पृ0 161

146 IA VOL XI, P 255

147 IA VOL XI, P 255 (Historical Record of Jain)

148 EI VOL. XIX, P 72-73

149 भारत के प्राचीन राजवश, पृ0 79
Jainism in Rajasthan, P 25

150. तेनाकारि मनोहर जिनगृह भूषणम्
श्री वृभभनाथ नाम्न प्रतिष्ठितं भूषणेन बिम्बमिदम् ।
EI VOL XXI, P 54

151 D C Gangulı, Hıstory of the Parmara Dynasty, P 319-20

152 Jaınısm ın Rajasthan, P 25

153 EI VOL VIII, P 200

154 I bıd, P 200

155 I bıd P 200-201

156 षठयापुपोण्य य सभ्यक् सप्तम्यामर्क मर्कमर्चयेत्--
दिनाभिव्यापिनी षष्ठी सप्तम्याष्टमी भवेत्
षष्ठया सौरव्रत कुर्यादण्टम्यामेव पारणम्
ABORI VOL XXXVI P 308 314 Verse 1-53

157 ABORI. VOL. XXXVI, P 308, Verse 3

158 I bıd, P 315-16

159 I bıd, P 308, Verse-3

160 ABORI VOL XXXVI, P 334, Verse 240

161 कृ0 क0 नियतकालकापड् पृ0 377–82 कृ0 र0, पृ0 103–8

162 वही, पृ0 382–83, वही, पृ0 119

163 Sachau,VOL II, 176.

164 ABORI VOL XXXVI, P 333, Verse, 233-35.

165 स्पृहयन्तीव्रतक् अष्टमीचन्द्रक सहि चैत्र चतुर्थित –
अष्टमचतुर्थयाम् उदीयमान कामिनीमिरम्यच्यते
राघवन, श्रंगार प्रकाश, पृ0 649

166 ABORI VOL. XXXVI, P 233. Verse 236-37

167 EI. VOL. VIII, P 96

168 Sachau, VOL. II, P. 178.

169 ABORI, VOL XXXVI, P. 317, Verse 84, EI VOL XIV, P 198

170 ABORI VOL. XXXVI, P 335, Verse 251

171 I bıd, P 335-336, Verse 252-60.

172 ज्येष्ठमसि चतुर्दश्या सावित्रीव्रतमुत्तमय्
अवैधव्य कर्वन्ति स्त्रिय श्रद्धा समन्विता
ABPRO VOL XXXVI, P 335, Verse 349

173 कृ० र०, पृ० 195

174 राघवन, श्रगार प्रकाशण पृ० 654

175 ABORI VOL XXXVI, P 314, Verse 61

176 I bıd, P 327, Verse 178-79

177 I bıd, P 320-22, Verse 113-40

178 ——— पूज्यदेव सचन्द्रा रोहिणी तथा
शख तोय समादाय—— चन्द्रायार्ध निवेदयेत
ABORI VOL XXXVI, P 323 Verse 134-35

179. ABORI VOL. XXXVI, P 323, Verse 141-44

180 I bid, P 323, Verse 144

181 स० सू० सत्रहवा अध्याय
ABORI. VOL XXXVI, P 324-27 Verse 145-177

182 महाभारत, आदिपर्वण चौसठवा अध्याय, तीसरा 8

183 ABORI VOL XXXVI, P. 323, Verse 145

184 ABORI, VOL XXXVI, P 323-27, Verse, 145-77
स० सू०, 17/20–212

185 स० सू०, 17/134

186 ABORI. VOL XXXVI, P 320, Verse III-12

187 BP. Majumdar, P. 286.

188 ABORI. VOL. XXXVI, P 327-28, Verse 180-184.

189 ABORI, VOL XXXVI, P 329, Verse 191-98

190. I bid. P. 328, Verse, 190

191 स० क०, पृ० 579, ति० म०, पृ० 221ण राघवनण श्रगार प्रकाश पृ० 657 ABORI VOL XXXVI, P 329

192 ABORI VOL XXXVI, P 329

193 ABORI VOL XXXVI, P 315

194 IA VOL XLIII, P 193

195 Sachau, VOL II, P 177

196 राघवन, श्रगार प्रकाश, पृ० 658

197 ABORI VOL XXXVI, P 330, P 330 Verse 204-5, 208-9

198 ———— चन्द्रसूर्यग्रहोपमान्

कार्तिके सकक्ते मासे प्रात

ABORI VOL XXXVI, P 331, Verse 215

199 राघवन, श्रगार प्रकाश पृ० 653,

ABORI, VOL XXXVI, P 331, Verse 216-17

200. ABORI VOL XXXVI, P 332

201 I bıd, 332, Verse 225-26

202 I bıd, P 332, Verse 225-26

203 I bıd, P 3331-32, Verse, 218-21

204 IA VOL LVI, P 51

205 ABORI VOL XXXVI, P 333

206 I bıd, P 332, Verse 227-29

207 एकमेव कुसुमनियर शाल्मलीवृक्षमानित्यत्र

मुनिमीलित काणिभि. लैलता कीडा कीडैक शाल्मली

राधवन, श्रगार प्रकाश, पृ० 651

208 राघवन, श्रगार प्रकाश, पृ० 652

209 गन्धोकवकपूर्ण वशनाडी न्त्डगकादिभि चूना
प्रियजनाभिषेक कदमेन कीडा उदकदवैदिया
राघवन, श्रगार प्रकाश, 653

210 यत्र कस्ते प्रिय इति पृच्छद्भि पलाशा दिन वल तामि
प्रियो जनो हयते सा चूतलतिका
राघवन, श्रगार प्रकाश, पृ0 653

211 राघवन, श्रगार प्रकाश, पृ0 653

212 वही, पृ0, 654

213 वही, पृ0 654

214 राघवन, श्रगार प्रकाश, पृ0 655

215 वही, पृ0 655

216 ति0 म0, पृ0 15

217 राघवन, श्रगार प्रकाश, पृ0 655

218 वर्षासु कदम्बनी पर्धारद्रकादि कुसुमे प्रहरणभूतै द्विधा
बल विभज्य कामिना कीडा कदम्बयुद्धानि
राघवन, श्रगार प्रकाश, पृ0 656

219 राघवन, श्रगार प्रकाश, पृ0 656

220 राघवन, श्रगार प्रकाश, पृ0 657

221 वही, पृ0, 658

222 राघवन श्रगार प्रकाश, पृ0 659

223 ति0 म0, पृ0 148, JASB VOL VII P 737
JAOS. VOL. VII, P. 32-33

224 Brihaspati smritı, 13 15

225 अति दानानि सर्वाणि पृथिवीदानमुच्यते

महाभारत, अनुशासन पर्व, 62/12

226 षष्ठिवर्ष सहप्राणि स्वर्गे तिष्ठति भूमिद

भूमि स प्रतिगृहणाति यश्च भूमि प्रयच्छति

उमौ तौ पुण्यकर्माणी स्थित स्वर्गगामिनौ

EI VOL IX P 117, JASB VOL VII, P 736,

IA VOL XVI, P 252

227 विशेष विवरण के लिए द्रष्टव्य, राज्य की आय के साधन

228 दीयमान भाग भोगकर हिरण्यादिक माज्ञा--- समुपनैतव्य

स----- सहिरण्यभागभोगकर सोपरिकर सर्वादायसमेत सनिधिनिदीप

प्रदत्त /IA VOL VI, P 48, 53

229 E I VOL XIX, P 236, VOL IX, P 103, VOL XVIII, P 320,

VOL XI, P 181, JASB VOL VII, P 736

230 सुमुपगतान्समस्त राजपुरूषान् ब्राहमणोतरान् प्रतिनिवासि पट्टकिल

जनपदार्दीश्च समादिलत्यस्तु व सविदितम्

JA VOL XVI P 254, VOL XIV, P 160

EI VOL XI, P. 182, VOL XVIII, P 322, VOL III, P 48

IHQ VOL VIII, P 311

231. IHQ VOL. VIII, P 305, EI, VOL. III, P 48

VOL. IX, P 103, 117

232 EI. VOL. XIX, P 236, VOL. XI-P 181

VOL. III, P 48, VOL XVIII P 320

IA VOL XIV P 160 VOL VI, P 48, JASB VOL.VII, P 736

233. EI. VOL. XI, P 181.

234 IA. VOL. XIV. P 160

235 सर्वादाय समेतश्च श्री अमरेश्वर पट्टशाला ब्राह्मणेभ्य भोजनादि निमित्तम

EI VOL III P 49

236 The Socio-Religious Condition of North India, P 302, F N 6

237 I bid, F N 7

238 ARASI, 1902-3, P 256

239 EI VOL XXV, P 317

240 I bid, vol XIX, P 71

241 IA VOL VI, P 48

242 JASB VOL VII P 737, JAOS VOL VII, P 32-33

243 IA VOL XIV, P 160, VOL XIX, P 353, Pr AIOC 1919, P 324

244 ति0 म0, पृ0 148

245. "कोकणग्रहण विजय पर्वणी"

EI VOL XI P 182, VOL XVIII, P 323

246 "भाद्रपद शुक्ल चतुर्दस्या,"

IA VOL VI, P 51

247 "माधवसित तृतीयायाम्"

IA VOL. VI, P. 53

248 EI VOL IX, P 109, JASB VOL VII, P 737-38

249 EI. VOL IX, P 122.

250 IA VOL. XIX, P 349, 353

251 I bid, VOL XVIII, P 130

252 EI VOL. IX, P, 102 117.

253 IA VOL. XVI, P. 252, VOL VI, P 51, EI VOL. XI, P 182, JASB. VOL. VII, P 736

254 Sachau, VOL II, P. 147

255 तैल पाणक हय वागकष्ट्टाश्चतुर्दश

हया ऐव शात्र चतुर्दश ददाति

EI VOL XIX P 73

256 तैलिकान्वय पट्टकिल चाहिलसुत पट्टाविलजनकेन

श्री सैन्धवदेव पर्वनिमित दीपतैल चतु पल मेक--- कीत्वा

JASB VOL X P 242

257 IA VOL XLV, P 79

258 EI VOL XIV, P 302-3

259 Bom Gaz VOL. I, Part I, P 472

260 प्रतिप्रभात दत्तैग्रमिपदै स्वयम्

अनेकवदता निन्ये धर्मो येनेकपार्दाभ

EI VOL IX, P 121,

JAOS VOL VII, P 25

261 EI. VOL XIX, P 236, VOL II, P 132

262 Petersıon's Third Report, P. 91

263 रेउ, राजाभोज, पृ0 96

❑❑

अध्याय–4

शिक्षा साहित्य एवं कला

शिक्षा साहित्य एवं कला

शिक्षा और साहित्य के विकास की दृष्टि से परमार काल अपने पूर्ववर्ती और परवर्ती राजवशो मे विशिष्ट स्थान रखता है। परमार राजवश के शिक्षा और साहित्य के बारे मे तत्कालीन अभिलेखो से ज्ञान प्राप्त होता है। परमार शासक स्वय तो विद्या और साहित्य अनुरागी तो थे ही उन्होने विद्वानो को पर्याप्त सरक्षण भी प्रदान किया। परमार भोज की मृत्यु पर एक समकालीन कवि ने यह कहा कि "आज भोजराज के दिवगत हो जाने पर धारा (नगरी) निराधार हो गयी है, सरस्वती निरालम्ब हो गयी है और सभी पण्डित (अपने आश्रय से) टूट गये है।"

"अद्य धारा निराधार निरालम्बा सरस्वती।

पण्डिता खण्डिता सर्वे भोजरात दिवगते।।

परमार भोज की बहुमुखी प्रतिभा और उसके अधीन मालवा की बहुश्रुति (ख्याति) ध्यान मे रखते हुए गयारवी शताब्दी का प्रथमार्द्ध भारतीय इतिहास मे भोज का युग कहा जा सकता है।[1]

वास्तव मे परमार नरेशो के विद्या और साहित्य के प्रति लगाव का परिचय उनके अभिलेख लेखन शैली से ही प्राप्त होने लगता है। परमार अभिलेखो का आरम्भ उनके ईष्ट अराध्य की वन्दना से होता है। महान भोज एक सहिष्णु शासक थे उन्होने व्यक्तिगत रूप से शैव हाते हुए अन्य सभी धर्मो के प्रति अनुराग प्रदर्शित किया। भोज परमार के अभिलेख 'ओं जयति व्योम केशा' या 'ओ नम समरारति' के उद्‌बोधन से आरम्भ होते है जो भगवान शिव के प्रति उनके समर्पण एव निष्ठा के द्योतक है–

(1) ओ (।।) जयति व्योमकेशासो य सर्ग्गाय वि(वि) भर्त्ति ता (ताप)। एदवी सि (शि) रसा लेखा जगही (ही) जाकुराकृति (तिम्) ।। (1।।)

(2) तन्वतु व स्मराराते कल्याण मनिस (श) जरा। कल्पान्त समयोद्यामत डिद्वलयपिगला ।। (2।।)

(3) परम भट्टारक महाराजाधिराज परमेश्वर श्री सीयकदेवपादानुध्यात् परम भट्टारक महाराजधिराज

(4) परमेश्वर श्री वाक्पतिराजदेव पदानुध्यात् परमभट्टारक महाराजधिराज

(5) परमेश्वर श्री सिन्धुराज देव पादानुध्यात् परमभट्टारक महाराजधिराज परमेश्वर श्री भोजदेव

× × × ×

(6) रु भगवन्त भवानीपति समभ्यच्चर्य ससारस्यासारतादृष्टवा (वा) (।।) वाताभ्रविभ्रममिद वसुधधिपत्य

(7) मापातमात्रमधुरी विषयोपभोग। प्राणास्तुणाग्रजलवि बि दुसमा नराणा धर्म्म सखा परमहोपरलोकयाने भ्रमत्ससार (चक्रागधाराधारमिमा श्रिय (यम्) प्राप्य ये न ददुस्तेषा पश्चात्ताप पर फलामि ।

× × × ×

स्वहस्तोय श्रीभोजदेवस्य (।)[2]

उपरोक्त अभिलेख भोदजेव का देपालपुर ताम्रपत्र है। जिसमे सबसे पहले परमार भोज के अराध्य देव शिव की अर्चना आरम्भ की दोनो पक्तियो मे की गयी है। पुन महान भोज के पूर्वजो श्री सीयक देव श्री वाक्पति राजदेव श्री सिन्धुराज के प्रति सम्मान प्रकट करने के बाद भोजदेव का नाम

आया है। अभिलेख की नवी व दशवी पक्तियो मे भूमिदान का उल्लेख है जो दानग्रहीता के जीवित रहने तक का है। अत मे भोजदेव का नाम उत्कीर्ण है जो यह सिद्ध करने के लिए है कि अभिलेख के अत मे अभिलेख उत्कीर्ण कराने वाले राजा का नाम होना चाहिए।

इसी तरह झालरापाटन का जगद् देव का अभिलेख ओ नम शिवाय की स्तुति से और डोगरगाव प्रशस्ति भी ओ नम शिवाय से आरम्भ होता है।

जैनद पाषाण प्रशस्ति जो कि जगददेव के समय का है 'ओ नम सूर्याय' की स्तुति से आरम्भ होता है।

उपरोक्त सभी अभिलेखो मे अभिलेख लेखन की मान्य परम्पराओ का पालन–पहले मगलाचरण फिर परिचय प्रकाशन विषय तिथि और अत मे उपसहार और उत्कीर्ण कराने वाले का नाम उत्कीर्ण रहता था किया गया है।

इसी तरह भोजदेव के कल्वन ताम्र लेख मे – सूर्यग्रहणे सागरतरग चचल जीवलोकच्छा यासमा लक्ष्मी' उत्कीर्ण है जिससे यह स्पष्ट होता है कि उक्त अभिलेख सूर्यग्रहण की तिथि का उत्कीर्ण हुआ।

नरवर्मन उदयादित्य अर्नुनवर्मन और स्वय भोज आदि न सिर्फ विद्वानो के समादरकर्त्ता थे अपितु स्वय की उच्चकोटि के विद्वान थे– महानभोज ने साहित्य की सभी विधाओ मे लेखन कार्य किया जिनमे प्रमुख है।

(1) व्याकरण और अलकार शास्त्र–सरस्वती कंठाभरण श्रृगार प्रकाश और प्राकृतव्याकरण

(2) योगशास्त्र – पातजलयोग सूत्रवृत्ति (राजमार्तण्ड)

(3) काव्य और नाटक–कूर्मशतक चम्पूरामायण (भोजचम्पू) और श्रृगारमजरी

(4) शिल्प शास्त्र – समरागणसूत्रधार और कृत्यकल्पतरु

(5) शैवागम–तत्वप्रकाश

6) ज्योतिष और वैधक – भुजबलनिबध राजमृगाक

(7) कोश– नाममालिका और शब्दानुशासन।

अनेक युद्धो के विजेता और समसामयिक राजनीति मे सतत रुचि लेने वाले महाराजधिराज कविराज शिष्ट शिरोमणि धारेश्वर श्री भोजदेव की उपरोक्त साहित्यक कृतिया उसकी असीम शारीरिक और बौद्धिक शक्ति की और वशजो ने शिक्षा और साहित्य के विकास का जो प्रकाशपुज प्रज्वलित किया वह आज तक मानव सभ्यता एव साहित्य को प्रज्जवलित कर रहा है।

सामान्यत अभिलेखो की रचना विजयो दानो उत्सवो एव अवसर विशेष पर ही की जाती थी इसलिए ततकालीन शिक्षा और साहित्य पर अभिलेखो मे विस्तृत वर्णन प्राय नही मिलता है परन्तु तत्कालीन साहित्यिक साक्ष्यो के परवर्ती साहित्यिक साक्ष्यो के समर्थन से परमारकालीन शिक्षा और साहित्य के चतुर्दिक विकास की पुष्टि होती है।

प्रशस्ति एवं अभिलेख रचनायें:–

शिक्षा और साहित्य के क्षेत्र मे शिलालेख एव ताम्रपत्रो का भी कुछ कम महत्व नही है। विषयगत दृष्टि से ऐतिहासिक परिचय प्राप्त करने के लिए इनका विशेष महत्व है। सुविधानुसार ये भिन्न–भिन्न भाषाओ और

भिन्न–भिनन विधियो से उत्कीर्ण करवाये जाते थे। सामान्य विशेषताए निम्नलिखित है–

मगलाचरण –

प्राय प्रत्येक अभिलेख के प्रारम्भ मे अपने सम्प्रदाय के अनुसार अपने इष्टदेव की स्मरण से सम्बन्धित मगलाचरण का प्रयोग किया जाता था। ये मगलाचरण कही छन्दोबद्ध और कही गद्यमय रचना के रूप मे उद्धृत किये जाते थे। कही–कही इन मगलाचरणो के अनेक श्लोक मिलते है।[3]

परिचय –

मगलाचरण के बाद शिलालेख लिखाने वाले राजा के पूर्वपुरूषो के सक्षिप्त परिचय के साथ प्रकाशक का निजी परिचय दिया जाता था। राजाओ के पारस्परिक सम्बन्धो के परिचय के लिए अनुध्यात, या पदानुध्यात पद के प्रयोगो का बाहुल्य रहता था।[4]

प्रकाशन विषयः–

अभिलेखो के लिखाने का उद्देश्य मुख्य रूप से शिलालेखो के मध्य भाग मे रहता था। ये उद्देश्य कई प्रकार के होते थे। यथा विजयो के उल्लेख,[5] दान सम्बन्धी विवरण[6] एव श्राद्ध आदि सामाजिक अवसरो का ज्ञापन।[7]

उपसहार–

प्राय प्रत्येक प्रशस्ति के अत मे कुछ सामान्य बाते होती थी। अधिकांशत अभिलेखों मे जीवन के प्रति दार्शनिक विचार उपलब्ध होते है। जीवन को जलबिन्दुवत क्षणिक माना जाता था।[8] दान के सम्बन्ध में यह विश्वास

था कि भूमिदान करने वाला व्यक्ति मृत्युपरान्त स्वर्ग प्राप्त करता है तथा दान दी हुई वस्तु का हरण करने वाला नर्कवास या उसी प्रकार की अन्य अधोगति प्राप्त करता है।[9] इस सदर्भ मे यह भी ज्ञातव्य है कि अभिलेखो मे कथनो की पुष्टि के लिए पूववर्ती अभिलेखो मे सन्निहित श्लोक एव अन्य विवरण लिखवाये जाते थे।[10] अभिलेखो के इस प्रकार के अश कुछ तो उनकी रचना करने वालो द्वारा निर्मित होते थे[11] और कुछ शास्त्रीय ग्रन्थो से उद्धृत होते थे।[12] इसी कारण तत्कालीन अभिलेखो मे पुररूक्तिया बहुश मिलती है। कही–कही तो ऐसा प्रतीत होने लगता है कि उपस्थित लेख–पूर्वपठित शिलालेख का अनुलेख मात्र है। इस प्रकार के अभिलेखो मे अभिलेखकर्त्ता के नाम आदि का भिन्नता मात्र के अलावा कोई नवीन बात नही मिलती।[13]

ख – शिक्षा

शिक्षा का अर्थ एवं उद्देश्य –

मानव का सर्वांगीण विकास शिक्षा के बिना सभव नही है। इसके द्वारा विकसित बुद्धि ही पशु और मनुष्य के अतर का स्पष्ट करती है। परमार वशीय शासको के युग तक भारतीय शिक्षण पद्धति का सम्यक विकास हो चुका था।

भारतीय साहित्य मे सर्वप्रथम "शिक्षा" शब्द ऋग्वेद मे आया है।[14] राहुल सास्कृत्यायन के अनुसार उक्त स्थल मे प्रयुक्त शिक्षा का अर्थ "देना" है।[15] अन्यत्र शिक्षाका अर्थ है विद्या प्राप्ति के लिए गुरू के निकट जाना।[16] यही व्यवहार मे भी प्रचलित है।

जहाँ तक भारतीय विचारको का मत है धर्म अर्थ काम और मोक्ष चारो पुरूषार्थो की प्राप्ति ही शिक्षा का उद्देश्य है। यह उद्देश्य शिक्षा को धर्म के साथ जोडता है। धर्मविहीन शिक्षा विषतुल्य समझी जाती है। भोज प्रबन्ध[17] मे कहा गया है कि जो मनुष्य धर्म से विमुख है वह बलवान होते हुए असमर्थ, शास्त्रज्ञ होते हुए मूर्ख और धनवान होते हुए भी निर्धन है। ऐसा प्रतीत होता है कि परमारकाल के पूर्व शिक्षा का जो अर्थ एव उद्देश्य स्थिर हो चुका था। वही इस युग मे भी मान्य है।

प्रारम्भिक एवं उच्च शिक्षा—

साधारणतया छ वर्ष की अवस्था से बालको की शिक्षा आरम्भ की जाती थी।[18] प्रारम्भिक शिक्षा मे अक्षरज्ञान आदि कराया जाता था। छात्र के पूर्ण व्युत्पन्न हो जाने पर विद्या विशेष आदि का आरम्भ होता था। विद्यारम्भ सस्कार के विषय मे शुभ समय का विशेष रूप से ध्यान दिया जाता था। आद्रा, श्रवण, स्वाती, चित्रा, हस्त, भूल, पूर्वात्रय, रेवती, अश्लेषा पुनर्वसु, मृगशिरा, घनिष्ठा और अश्विनी नक्षत्रो एव बुध गुरु और शुक्रवार के दिन विद्यारम्भ करवाया जाता था।[19] अध्ययन आरम्भ करने के पूर्व विद्यार्थी हरि, लक्ष्मी, सरस्वती आदि देवी, देवताओ की स्तुति करके अपना अध्ययन कार्य आरम्भ करते थे।[20]

उच्च शिक्षा का पर्याप्त प्रचार था। किन्तु यह बताना सभव नही है कि साधारण लोग शिक्षा से कितना लाभ उठाते थे एव देश में कितने प्रतिशत लोग उच्च शिक्षा प्राप्त करते थे। परमारो के समय शिक्षा के लिए बडे—बडे स्कूल, पाठशालाओ की व्यवस्था थी।[21] प्रारम्भिक शिक्षा सम्भवत अक्षरज्ञान से प्रारम्भ होकर विद्याविशेष प्राप्त करने के अधिकारी बनने तक होती थी और उच्च शिक्षा अध्ययन विशेष नीतिशास्त्र धर्मशास्त्र आदि की होती थी।

शिक्षा के विषय–

भारत एक धर्म प्रधान देश रहा है। समाज की धार्मिक आस्था का प्रभाव पाठ्यक्रम पर भी पडता है। प्रारम्भिक शिक्षा के समाप्त हो जाने के बाद विद्यार्थी विशेष शिक्षाओ को प्राप्त होने मे प्रवृत्त होते थे। विशेष शिक्षा का पाठ्यक्रम निम्नलिखित होता था[22]–

वेद – ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद।

वेदाग– शिक्षा, कलप, व्याकरण, निरुक्त, छन्द, ज्योतिष,

शास्त्र – न्याय (तर्कशास्त्र आदि), वैशेषिक, साख्य, योग, मीमासा, वेदान्त (उपनिषद आदि)

पुराण– भागवत अदि।

साहित्य– रस, अलकार, दृश्यकाव्य, नाटक, प्रबन्ध, उपन्यास, आख्यायिका आदि।

अन्य–इतिहास, भूगोल, चित्रकला, वीणावादन,[23] कामशास्त्र,[24] शिल्पशास्त्र, रसायन विज्ञान, औषधि विज्ञान, खगोल विद्या आदि।[25]

शास्त्र विद्या– धनर्वाण, खड्ग, कुन्त, गन्दा, चक्र, शूल, कृपाण आदि युद्ध सम्बन्धी अन्य शस्त्रकलाये।[26]

उपर्युक्त पाठ्यक्रम मे वेद की शिक्षा ब्राह्मणवर्ग के लिए अनिवार्य होती थी।[27] इसे कुछ लोग अर्थ सहित कठस्थ करते थे और कुछ लोग अर्थरहित। इसका पठन–पाठन एक दूसरे से सुनकर चलता था।[28] यह परम्परा इस समय के लिए नवीन नही थी बल्कि वैदिक काल से चली आ रही थी।

इसी से इसे श्रुति भी कहा जाता है। अलबरुनी[29] के अनुसार ब्राह्मण और क्षत्रिय ही वेदाध्ययन के अधिकारी होते थे। किन्तु जहा तक धर्मशास्त्र का सम्बन्ध है वैश्य भी इसका अधिकारी माना जाता है। सभव है उस समय वैश्य वर्ग मे इस विषय की शिक्षा दीक्षा नगण्य हो गयी हो। यह तो स्थिर है। जैसा कि अलबरुनी ने भी कहा है कि शूद्र को वेदाध्ययन करना तो दूर रहा, वह उसके श्रवण का भी अधिकारी नही ता था।

धर्मशास्त्र नीतिशास्त्र, और शस्त्रविद्या की शिक्षा क्षत्रियवर्ग विशेषत युवराजो को दी जाती थी।[30] इसके अतिरिक्त अन्य विषयो मे भी इनका प्रवेश कराया जाता था।

अन्याय विषयो मे लोग अपनी अभिरुचि या पेशा के अनुसार प्रवृत्त होते थे। वाक्पति राजमुज के समय बसताचार्य एक महान दार्शनिक था।[31] भोज स्वय ज्योतिष, खगोलशास्त्र, शिल्प, साहित्य आदि विषयो मे अनेक ग्रन्थो की रचना की थी।[32] उसने कहा है कि नीतिहीन शासको की सुख–सम्पत्ति शीघ्र ही नष्ट हो जाती है।[33]

क– साहित्य

काव्य रचनाः–

शिक्षण पद्धति के समुचित विकास पर ही साहित्य का विकास निर्भर करता है। परमारो ने शिक्षा के विकास के लिए पर्याप्त प्रयास किया। अभिरुचि प्राय. समान रूप से साहित्य की ओर उन्मुख थी। जिसका परिचय भोज आदि परमार वशी राजाओ की कृतियो से प्राप्त होता है। दोषरहित, गुणवान, अलकार सहित, रसयुक्त, काव्य कवि की कीर्ति एव प्रतिष्ठा को बढाता

है।[34] इस तथ्य के परिप्रेक्ष्य मे इस समय साहित्य रचना के सम्बन्ध मे निम्नलिखित प्रकार के विविध विचार किये जाते थे।

दोष विचार– भोज के अनुसार निर्दोष काव्य निर्माण के लिए सोलह दोषो को ध्यान मे रखना आवश्यक होता था। वे थे– असाधु, अप्रयुक्त, कष्ट, अनर्थक, अत्यधिक, अपुष्टार्थ, असमर्थ, अप्रतीत, क्लिष्ट, गूढ, नैयार्थ, सदिग्ध, विरूद्ध अप्रयोजक, वैश्य तथा ग्राम्य।[35] पदवाक्य तथा वाक्यार्थ मे होने वाले दोषो पर ध्यान देने वाला कवि ही दोषरहित काव्य की रचना कर सकता है।[36] इस प्रकार काव्य रचना सम्बन्धी दोष विचार साहित्य रूप की पवित्रता के लिए आवश्यक समझा जाता था।

गुण विचारः– काव्य रचना के दूसरी ध्यान देने योग्य वस्तु गुण है। ये वाह्य अभ्यतर और वैशेषिक भेद से तीन प्रकार के होते थे।[37] वाह्यगुण का सम्बन्ध शब्द से आभ्यतर अर्थ से और वैशेषिक गुण का दोष युक्त रहने पर भी गुणयुक्त बनाने वाला होता है। इन गुणो की सख्या चौबीस थी।[38]

अलंकार विचारः– साहित्य रचना का तीसरा तत्व अलकार है। अलकर की अर्थ होता है आभूषण। आभूषण के बिना जिस प्रकार सुन्दरी युवती का सौन्दर्य भी दर्शको का दृश्य आकृष्ट करने मे असमर्थ रहता है उसी प्रकार अलकार के बिना काव्य चमत्कृति नगण्य सी रहती है। इस क्षेत्र मे राजा भोज की एक विशेष देन थी। जिसका हम अवलोकन करेगे।

अलकार के तीन भेद माने जाते है। शब्द से सम्बन्ध रखने वाला अलकार शब्दालंकार, अर्थ से सम्बन्ध रखने वाले अलकार अर्थालकार तथा दोनो से सम्बन्ध रखने वाले अलकार उभयालकार कहलाते है।

अ– शब्दालंकारः– भोज के अनुसार शब्दालंकारों की संख्या चौबीस होती है।[39] जाति, गति, रीति, वृत्ति, छाया, उक्ति, मुक्ति, गणित, गुम्फना, शय्या, पठिति, यमक, श्लेष, अनुप्रास, चित्र, वाकोतार्थ, पहेली (प्रहेलिका) गूढ़। प्रश्नोत्तर, आध्येय, श्रृव्य, प्रेक्ष्य तथा अभिनीत। इन चौबीस अलंकारों में श्लेष, यमक अनुप्रास और चित्र इन चार शब्दालंकारों से तो हम भलीभांति परिचित है परन्तु इनके अतिरिक्त हम रीति, वृत्ति आदि भी शब्दालंकार की श्रेणी में आते है।[40]

शब्दालंकार में मुख्य अलंकार ज्ञातव्य की दृष्टि से निम्नलिखित माने जाते थे।

चित्रालंकारः– चित्र का अर्थ होता है आश्चर्यकारक वर्ण, स्थान, स्वर, आकार, गति और बन्ध आदि इनके छः भेद होते थे।

(क) वर्ण चित्रालंकारः– इसमें व्यंजन सम्बन्धी अलंकार को वर्ण चित्रालंकार कहते हैं। चार, तीन दो और एक व्यंजनों से बने हुए श्लोक होते थे।[41] ह्रस्व एवं दीर्घ स्वरों आदि की रचनाएं होती थीं।[42]

1. चार व्यजनों वाला श्लोक –

जजौजोजाजिजिज्जाजी तं ततोऽतितताततितुत्।

भा भौ भी भा भिम्मामूरारा रि र रि री र रः ।।360।।

तीन व्यंजनों वाला श्लोक–

देवानां नन्दनो देवो नोदनो वेदनिन्दिनाम्।

दियं दुदाव नादेन दाने दानव नन्दिनः ।।361।।

दो व्यजनो वाला श्लोक–

भूरिभिर्भारिभिर्भीरौर्भूभारैरभिरैभिरे।

मेरीरेभिभर भ्राभैरभी रुभिरिभौरिमा ।।362।।

एक व्यजनो वाला श्लोक–

न नोननुन्नो नुन्नोनो ना नाऽनानानना ननु।

नुन्नो नुन्नो ननुन्नेनो नाऽनेनानुन्न नुन्न ननुन् ।।363।।

– स0 क0, परि0 2, पृ0 275–76

2 ह्रस्व स्वर वाला श्लोक–

ऊरुगु घुगुरू यूत्मु चुकृशुस्तुष्टुवु पुरु।

लुलुमु पुपुषुर्मुत्सु मुमुहुर्तु मुहुर्मुहु ।।377।।

दीर्घ स्वर वाला श्लोक–

वै धै रै नै रै शै रैन्द्रै रै जै रै लै जैनै सै द्वै।।

मै त्रै नै कै धैय्यै वै रै दै स्वै स्वैरैदैवैस्तैस्तै ।।378।।

स0 क0, परि0 2, पृ0 280–81

ख– बन्ध चित्रालंकारः– चित्रालकारो मे वर्ण चित्रालकार के बाद महत्व की दृष्टि से बन्धचित्रालकार विचारणीय है। इसके अनेक भेद होते थे। जैसे–अष्टवलकमलबन्ध, चतुषपत्र कमलबन्ध, पोडसपत्रकमलबन्ध,

षडचक्रकमलबन्ध, तुरगपदबन्ध, द्विचतुषचक्रबन्ध, श्रृगारकबन्ध, विविडित चक्रबन्ध, शरयन्धबन्ध, व्योमबन्ध, मुखबध, एकाक्षरमुरजबन्ध, मुरजप्रस्तारबन्ध, पादनोमूत्रिका बन्ध, आदि।[43]

ग— **प्रहेली रचना** :— प्रहेली रचनाओ का भी कम महत्व नही था। इसके यह भेद माने जाते थे। च्युताक्षरा, दत्ताक्षरा, अक्षरमुष्ठी, बिन्दुमती और अर्थपहेली। एक या दो अक्षर रहित पदो का कथन मे प्रयोग करना च्युताक्षरा पहेली कहा जाता है। वाक्य प्रयोग मे एक या दो अक्षर जोड देने से उसे दत्ताक्षरा पहेली कहा जाता है। जिस पहेली मे कही वर्ण कम दिये जाय और कही बढा दिये जाय तो वह च्युतदत्ताक्षरा पहेली हो जाती थी। एक प्रकार से अक्षरो के समूह का जिस वाक्य मे बार—बार प्रयोग होता है उसे अक्षरयुष्टि पहेली कहते है। सामान्य भाषा मे पहेली बुझौवल के कहा जाता है। उस समय रचना मे शब्दो की योजना कुछ ऐसे तोड मरोड के साथ रखने की विधि भी प्रचलित थी जैसे किसी शब्द से एक अक्षर कम कर दिया, किसी मे एक अक्षर कम कर दिया, किसी मे एक अक्षर बढा दिया। कही—कही तो ऐसे विचित्र शब्दो का विन्यास मिलता है जिनमे से एक—एक वर्णो को हटा कर उनके स्थानो पर नये वर्णो का प्रयोग कर दिया गया है। परन्तु फिर भी अर्थाबोध मे कोई त्रुटि दिखाई नही देती।[44]

उस समय बिन्दुगत श्लोको की भी रचनाये होती थी। जिस रचना मे व्यजन या स्वर वर्णो के स्थान मे बिन्दु का प्रयोग होता है और यात्राये ज्यो की त्यो रहती है उसे बिन्दुमती रचना कहते है। जैसे—

ꢁooा ꢁoo oा oा ꢁoò oꢁò oo ।

oाoò वाoò ꢀि ꢀि oóo oo ôर्वव ।।

ब– **अर्थालकार**– विशुद्ध रूप से अर्थालकार याने जाने वाले अर्थालकारो की सख्या चौबीस है। जाति (स्वभावोक्ति) विभावना, हेतु अहेतु, सूक्ष्म, उकर, विरोध, सम्भव, अन्योन्य, परिवृत्ति, निदर्शना, भेद, समाहित, भ्रान्ति, वितर्क, मीलित, स्मृति, भाव, प्रत्यक्ष, अनुमान, आप्तवचन (आगम) उपमान, अर्थापत्ति और अभाव।[45] इन अलकारो के लक्षण अधिकाशत दडी के लक्षणे की भाति ही है। भोज ने आवश्यकतानुसार केवल सूक्ष्य परिवर्तन करके अच्छे लक्षणो को उद्धत किया है। उक्त सूची मे कुछ नाम नये प्रतीत होते है परन्तु वस्तुत वे प्राचीन अलकारो के नवीन नामकरण मात्र है। भोज के अर्थालकारो के विषय मे कुछ प्रमुख बाते इस प्रकार है–

(1) भोज ने रुद्रट के करणमाला को अपने अहेतु नामक अलकार मे अतर्भूत कर लिया है।

(2) भोज ने दृष्टान्त नामक कोई अलकार नही माना है। बल्कि निदर्शना को ही दृष्टान्त की भाति ग्रहण किया है।

(3) व्यातिरेक को इन्होने भेद के नाम से अभिहित किया है।

(4) भ्राति मे इन्होने इसके समस्त भेदो–भ्रान्ति, भ्रान्तिमान, भ्रान्तिमाला, भ्रान्त्यातिशय और भ्रान्त्याव्यवसाय को अन्त्यर्भूत कर दिया है।

(5) वितर्क, संशय, या सदेह का ही दूसरा नाम है।

(7) मिलित के अतर्गत इन्होने विहित, अविहित, तवगुण और अदतगुण–इन चारो को माना है।

(8) अभिनय, आलेख्य, मुद्रा और प्रतिबिम्ब नामक अलकार चतुष्टय भोज के उपमान के अतर्गत आते है।

(9) रूद्रट के उत्तर एव सार नामक अलकारो को भोज ने एक करके ——— नाम से सम्बोधित किया है।

स– **उभयालकार** – अलकार शास्त्र मे अर्थालकार समझे जाने वाले प्राय सभी अलकारो को भोज ने उभयालकार की कोटि मे परिणित किया है। उनकी भी सख्या 24 होती थी। उपमा, रूपक, साम्य, सशयोक्ति, अपहनुति, समाच्युक्ति, समासोक्ति, उत्प्रेक्षा, अप्रस्तुतस्तुति, तुल्ययोगिता, उल्लेख, सहोक्ति, समुच्चय, आक्षेप, अर्थान्तन्यास, विशेष, परिष्कृति (परिकर) दोपक, द्रम, पर्याय, अतिशय, श्लेष, भाविक और ससृष्टि।[46] अन्यत्र भोज ने शब्दालकार को वाह्य, अर्थालकार को आभ्यन्तर और उभयालकार को वाह्यअभ्यन्तर कहा है।[47]

रस विचार :–

काव्य रचना का चौथा तत्व रस है। जिसे कुछ लोगो ने काव्य की आत्मा माना है।[48] अभिमान, अहकार तथा श्रृगार रस के पर्यायवाचक शब्द माने जाते थे।[49] भाव, जन्मानुबन्ध आदि रस की चौबीस आश्रयभूत विभूतियॉ मानी जाती थी।[50]

रस के विवेचन सम्बन्धी भोज का सिद्धान्त सर्वाधिक नवीन है तथा पूर्वाचायो से पृथक सिद्धान्तो पर अवलम्ति है। यद्यपि यह सही है कि अलकारशास्त्र सम्बन्धी सिद्धान्तो, नियमो या लक्षणो का निर्धारण करने मे भोज ने साधारणत. मम्मट एव दण्डी के मार्गो का अनुसरण किया है। परन्तु उनके रस सिद्धान्त मे उक्त आचार्यद्वय के सिद्धान्तो की अपेक्षा कुछ परिमार्जित प्रगति

परिलक्षित होती है। भोज ने प्रसिद्ध नौ रसो के अतिरिक्त अनेक अज्ञात रसो का भी उल्लेख किया है जैसे– वीर, औद्वत्य, साध्वस आदि।[51] इन रसो मे से रीति, अभर्ष, विषाद एव जुगुप्सा के द्वारा सम्भवत इन्होने श्रगार, रौद्र, करुण तथा वीभत्स की सूचना देनी चाही है परन्तु अन्य रसो की गणना राजा भोज की सर्वथा नई सूझ की परिचायिका है।

साहित्य के शब्द विन्यास पर भी विशेष ध्यान दिया जाता था। वर्णों की रक्षा के लिए उदयादित्य और नववर्मन ने तो स्वय घोषणा ही कर दिया था।[52] धनपाल ने अठारह प्रकार के अक्षरो का विन्यास करने का सकेत किया है।[53]

लिखित अक्षरो को सुखाने के लिए सनहले रग का चूर्ण पदार्थ छिडका जाता था। उससे लेख सुन्दर दिखाई पडते थे।[54] ग्रन्थो के आरम्भ मे मगला चरण लिखने की प्रथा उस समय भी प्रचलित थी।[55] चित्रपट द्वारा शिक्षा देने की विशेष प्रथा का उल्लेख मिलता है। धारा नगरी स्थित शारदा सदन (आधुनिक कमालभौल मस्जिद) की दीवारो पर दो रेखाचित्र उत्कीर्ण है जिनमे व्याकरण के साधारण नियमो का उल्लेख किया गया है।[56] प्रथम चित्र मे नागरी के सस्कृत वर्णाक्षर तथा व्याकरण के सिद्धान्त उत्कीर्ण है। सम्भवत ये दोनो चित्र विद्यार्थियो के निर्देशन के लिए बनाये गये थे। इसी प्रकार का एक रेखाचित्र उज्जैन के महाकाल मदिर मे भी उत्कीर्ण पाया गया है।[57]

शिक्षण संस्थायें

प्रारम्भिक काल मे परिवार ही शिक्षा के केन्द्र होते थे जहॉ बालको को हर प्रकार की शिक्षा दी जाती थी। धीरे–धीरे समाज की प्रगति के साथ–साथ शिक्षा का क्षेत्र बढने लगा। और उसमे दुरुहता और विविधता का समावेश हुआ। परिणाम स्वरूप इसके लिए अलग सस्थाओ का निर्माण होने लगा।

महान विद्यानुरागी राजा भोज ने धारा नगरी मे सस्कृत के पठन–पाठन के लिए भोजशाला नामक एक विशाल शिक्षण सस्था का निर्माण कराया था। उसे शारदा सदन के नाम से भी सबोधित किया जाता था।[58] आजकल इसके स्थान पर कमालमौल मस्जिद विद्यमान है।[59] भोज के समय इस सस्था को शिक्षा का सबसे बडा केन्द्र होने का गौरव प्राप्त था। जहॉ दूर–दूर से विद्यार्थी अपनी बौद्धिक पिपासा शान्त करने के लिए किये जाते थे। इसमे बडे–बडे विद्वान अध्ययन कार्य के लिए नियुक्त थे।[60]

इसी विद्यालय के समीप एक कुआ था जो सरस्वती कूप के नाम से विख्यात था। लोगो की ऐसी धारण थी कि जो व्यक्ति इस कुए का जल पी ले उस पर सरस्वती की कृपा हो जायेगी।[61]

मदिरो एव शैवाचार्य तथा जैन मठो मे भी शिक्षण कार्य होता था। उदयपुर के नीलकठेश्वर मदिर की दालान मे विद्यार्थियो को वेदाध्ययन कराने का उल्लेख मिलता है।[62] इसी प्रकार धारा नगरी के पार्श्वनाथ के जिन बिहार और उज्जैव के शैवमठ इस सदर्भ मे उल्लेखनीय है।[63] आबू मे भी सस्कृत शिक्षा का एक केन्द्र था जहा भारत के विभिन्न कोनो से लोग शिक्षा ग्रहण करने के

लिए जाते थे।[64] जालौर मे कुमार विहार नामक सस्था जैन साहित्य के शिक्षण का मुख्य केन्द्र थी।[65]

शिक्षण कार्य विद्यालयो के अतिरिक्त व्याख्यान मडलियो अथवा व्याख्यानशालाओ से भी होता था।[66] कही–कही सभाओ मे भी लोग काव्य के गुण दोष पर विचार करते थे।[67]

शिक्षण सस्थाओ का आकर्षण एव उपादेयता बढाने के लिए उनकी दीवारो पर शिक्षाप्रद एव व्यवहारोपयोगी श्लोक सूक्तिया और भिन्न–भिनन रचनाए उत्कीर्ण करायी जाती थी। भोजशाला की दीवारो के पत्थरो पर भोज द्वारा रचित कूर्मशतक, नामक दो खण्डो वाले प्राकृत काव्य और भर्तृहरि की कारिका जैसे अन्य कई ग्रन्थ उत्कीर्ण थे।[68] उदयदित्य, नरवर्मन, अर्जुनवर्मन, आदि नरेशो ने उस पर शिलालेख उत्कीर्ण कराये थे। रेउ महोदय ने इस पाठशाला मे श्याम पत्थर की बडी–बडी शिलाओ पर करीब चार–चार श्लोको के समूह खुदवाये जाने का अनुमान किया है।[69] नरवर्मन ने इस पाठशाला के स्तम्भो पर अपने पूर्वज उदयादित्य के बनाये वर्ण, नाम और धातुओ के प्रत्ययो के नाम बन्धचित्र खुदवाया था।[70] अर्जुन वर्मन ने अपने गुरु मदन की बनायी पारिजात मजरी नाटिका शिलाओ पर खुदवायी थी। उस नाटिका में से दो अक प्राप्त भी है।[71]

स्त्री शिक्षा :–

भारतीय शिक्षा का इतिहास स्त्री शिक्षा के अध्ययन के बिना पूर्ण नही होता। तत्कालीन स्त्री शिक्षा के दो प्रकार मिलते है। गृह स्थसत् परिवारो की कुल वधुओ के लिए उपयुक्त शिक्षा, तथा गणिकाओ का उनके योग्य शिक्षा।

सामान्य सत्परिवार की स्त्रियो की व्यक्तिगत प्रतिभा तथा योग्यता के आधार पर उच्च शिक्षा के अध्ययन का अवसर प्राप्त होता था। यद्यपि स्त्रियो के लिए कोई निश्चित पाठ्यक्रम नही निर्धारित था, परन्तु तत्कालीन साहित्यिक ग्रन्थो के अवलोकन से ज्ञात होता है कि वे वेद, उपनिषद, नाट्यवेद, गान्धर्ववेद, गीतवाय, व्याकरण,[72] भाषाविज्ञान, साहित्य, कामसूत्र, राजनीति, शिल्पशास्त्र, गणित,[73] छन्द,[74] आदि विविध विषयो की शिक्षाए प्राप्त करती थी। भोज के समय की कवियित्रि सीता महती पडिता थी। जिसने वेद, रधुवश महाकाव्य, वात्स्यायन के कामसूत्र एव चाणक्य की राजनीति सम्बन्धी ग्रन्थो का अध्ययन किया था।[75] इसी प्रकार भास्कराचार्य की पुत्री लीलावती गणित की पडिता था जिसके नाम पर ही भास्कराचार्य ने (12वी शदी के अत मे) गणित की एक पुस्तक (लीलावती) की रचना की थी।[76]

स्त्रियॉ छन्दो का भी ज्ञानर्जन करती थी। वे अपने विदेश गये हुए पतियो को छन्दबद्ध रचनाओ द्वारा सदेह भेजा करती थी।[77] वे छन्दो के उच्चारण मे निपुण एव प्राकृत भाषा की विशेषज्ञ होती थी।[78]

गणिकाओ की शिक्षा का कुछ और ही क्रम होता था। इन्हे कामसूत्र मे वर्णित चौसठ कलाओ मे निपुणता लास्य नृत्य मे प्रवीणता, काव्य रचना मे चातुरी आदि योग्यताओ से सम्पन्न कराया जाता था।[79] भोज के अनुसार श्रृगार मजरी वार्ता करने मे कुशल, चौसठ कलाओ मे निपुण, प्रश्नोत्तर मे मुखर, लास्यनृत्य मे प्रवीण और काव्य रचना में चतुर थी तथा कामसूत्र आदि पुस्तको को समझने की शक्ति रखती थी।[80] इसी प्रकार रत्नदत्ता की वार्ता से ज्ञात होता है कि उसने युवावस्था मे ही सभी विद्याओ एव कलाओ का ज्ञान प्राप्त कर लिया था। नृत्य मे भी उसने योग्यता प्राप्त की थी।[81] श्रृगारमजरी से

स्पष्ट होता है कि गणिका वर्ग के अध्ययन का क्षेत्र बडा व्यापक था तथा गणिकाय साधारण वर्ग की स्त्रियो से अधिक शिक्षित होती थी।

स्त्रियो मे रचनात्मक प्रवृत्ति होती थी वे किसी भी पद्याश की पूर्ति तत्काल कर लेती थी।[82] एक बार भोज ने धनपाल को यह आदेश दिया कि वह तिलक मजरी मे उसे ही प्रधान पात्र के रूप मे चित्रित करे। कहते है कि धनपाल के वैसा करने से अस्वीकार करने पर भोज ने उसकी वह पुस्तक जलवा दी। राजा के इस कृत्य से धनपाल बहुत दुखी हुआ। उसकी पुत्री बालपडिता को तिलकमजरी का प्रथम भाग याद था। जिसे उसने अपने पिता की सात्वना के लिए लिख दिया। पुन इसका दूसरा भाग स्वय लिखकर तिलकमजरी को उसने पूर्ववत तैयार कर दिया।[83]

भोज का दरबार अनेक विदुषी स्त्रियो की प्रतिभाओ से युक्त था। वे पुरूषो के समान ही प्रखर बृद्धि वाली थी। एव अपनी योग्यताए से शकाओ का समाधान तथा वाद विवाद करती थी। भोज अपने दरबार मे उपस्थित एक ब्राह्मण वधू के सुन्दर शब्दो और परिष्कृत शैली मे वार्तालाप को सुनकार सोचने लगा कि निश्चय ही वाग्देवी की विलासमयी मूर्ति है। नि सन्देह एक अशिक्षित स्त्री इतनी उच्च कोटि की विदुषी नही हो सकती।[84] एक अन्य बूढी ब्राह्मणी की शिक्षा से प्रभावित होकर भोज ने उसे पुरस्कृत किया था।[85] इस प्रकार भोज प्रबन्ध मे अनेक ऐसी स्त्रियो के उल्लेख मिलते है जिनकी वाक्चातुरी और प्रबन्ध रचना से स्वय भोज चकित हो जाता था।

स्त्रियो के प्रश्नोत्तर विद्वतापूर्ण होते थे। जिनके अनेक उदाहरण प्रबन्ध चिन्तामणि में मिलते है। एक ऐसी ही विदुषी के उत्तर से प्रभावित होकर मेरुतुग ने उसे बुद्धि की कोष एव सरस्वती की कृपापात्री आदि कहा है।[86] इस विदुषी स्त्री से अपने प्रश्नो का तत्काल उत्तर पाकर भोज ने उसके प्रत्येक शब्द

का तीन–तीन लाख मुद्राए पुरस्कार मे दी।[87] पुरस्कार की इस मात्रा का वर्णन अतिरजित हो सकता है। किन्तु इससे तत्कालीन स्त्रियो की स्मरणशक्ति, प्रतिभा एव उन्हे प्राप्त होने वाले राजकीय सम्मान का ज्ञान तो होता ही है।

कवि एव लेखको का राज्याश्रय –

शिक्षा एव साहित्य के उन्नयन मे कवियो एव लेखको को प्राप्त होने वाले राज्याश्रय बडे महत्वपूर्ण साबित होते है। समुचित राज्याश्रय और गुण ग्राहकता प्राप्त होने पर ही कवि या लेखक अपनी प्रतिभा का पूर्ण परिचय दे पता है। परमार शासको के प्रशासन मे कवियो एव लेखको को पर्याप्त प्रश्रय प्राप्त था। वाक्पतिराजमजु के राज्याश्रय मे पद्मगुप्त, भट्टहलायुध, धनिक, धनजय, धनपाल, अमितगति, शोभन[88] महोसन,[89] और भल्ल[90] के निवास करने के सकेत मिलते है। पद्मगुप्त धनन्जय और महासेन के तो राजकवि के पदो पर आसीन होने की परम्परा मिलती है।[91] सिन्धुराज के समय भी पद्मगुप्त को राजकवि के नाम से ही सम्बोधित किया जाता था।[92] भोज के समय उत्वट, सीता,[93] प्रभाचन्द्र[94], श्रीचन्द्र[95] श्रुतिकीर्ति[96] और धनपाल ने भरपूर राज्याश्रय प्राप्त किया था। नरवर्मन का आश्रयभूत एव प्रिय लेखकर जिन वल्लभ था।[97] विन्ध्यवर्मा के समय विल्हण और आशाधर ने साहित्य क्षेत्र को प्रकाशित किया। विल्हव, अर्जुन वर्मा और देवपाल का भी समकालिक था।[98] इसी प्रकार आशाधर भी सुभट वर्मन, अर्जुनवर्मन देवपाल और जैनुगीदेव के राज्यकालो मे रह चुका था।[99] अर्जुनवर्मन के राज दरबार का मुख्य लेखक मदन था। जो उसके राजगुरू के पद पर भी आसीन था।[100]

सरस्वती के इन वरद पुत्रो को राजागण उपाधियो से अलकृत एव पुरस्कार द्वारा सम्मानित कर उनके गौरव के साथ अपना भी गौरव बढाते थे। वाक्पतिराज मुज ने अपनी सभा के कवि धनपाल को सरस्वती[101] की उपाधि से

और भोज ने भास्कर भट्ट को विद्यापति की उपाधि से विभूषित किया था।[102] बिल्हण कवि शिरोमणि[103] तथा मदन बाल सरस्वती[104] के विरूदो से अलकृत हुए थे। कवि या विद्वत वर्ग भी आश्रय देने वाले विद्वत प्रेमी राजाओ को विशेष उपाधियो से अलकृत किया करते थे। धनपाल ने वाक्पतिराज मुज से सर्व विद्याब्धि[105] विरुद से तथा पद्मगुप्त ने सिन्धुराज को कवि वान्धव की उपाधि से अलकृत किया था।[106] उदयपुर प्रशस्ति मे भोज की कविराज की उपाधि से विभूषित किया गया हो।[107]

शासक विद्वानो को उनकी विद्वता पर प्रसन्न होकर पुरस्कार भी देते थे। भोज के बारे मे मो यहा तक उल्लेख मिलता है कि वह विद्वानो को एक–एक श्लोक पर एक–एक लाख मुद्राये पुरस्कार स्वरूप देता था।[108] यद्यपि इस लोक विश्वास मे अत्यधिक अतिशयोक्ति प्रतीत होती है परन्तु इसे हम कृतज्ञ कवियो की कोरी कल्पना नही मान सकते। उदयपुर प्रशस्ति भी भोज की दानशीलता का प्रमाण उपस्थित करती है।[109] नरवर्मा ने जिन वल्लभ के व्यापक ज्ञान से प्रभावित एव प्रसन्न होकर उसे सम्मानपूर्वक तीन लाख पारुत्थ (सिक्का) तथा तीन गाव दान मे दिये थे।[110] यह निश्चित प्रतीत होता है कि शास्त्रार्थ आदि विभिन्न अवसरो पर विद्वान पुरस्कृत किये जाते थे।

अनेक परमार शासक स्वय बडे विद्वान एव प्रतिभा सम्पन्न कवि और लेखक थे। वाक्पति राजमुज के लिए उदयपुर प्रशस्ति के कहा गया है कि वक्तुत्वकला, उच्चकवित्व, तर्क प्रतिपादन तथा शास्त्री सिद्वान्तो को जानने वाला श्रीमत वाक्पतिराजदेव के नाम से अभिनन्दित किया जाता था।[111] पद्मगुप्त ने भी भुज के लिए कहा है कि विक्रमादित्य और सात वाहन के बाद सरस्वती ने कवि मित्र (मुज) मे ही आश्रय लिया।[112] मुज की सरस्वती के प्रति अनन्य निष्ठा का यह स्पष्ट प्रमाण है। दक्षिण चालुक्य शासक तैलप के कारागृह

मे कैद होने पर अपने जीवन के अन्तिम क्षणो मे सरस्वती के प्रति दु ख प्रकट करते हुए मुज ने आहे भरते हुए कहा है कि मुज के कवलित कवलित होने पर लक्ष्मी को विष्णु के पास और वीर श्री वीर मदिर मे चली जाएगी परन्तु सरस्वती निराश्रित हो जाएगी।[113] अध्ययन अध्यापन की व्यवस्था स्थिर रखने के लिए शासक वर्ग सदैव तत्पर रहता था। धारा प्रशस्ति के अनुसार वर्णों की रक्षा के लिए उदयदित्य तथा नरवर्मन की तलवारे सदैव तैयार रहती थी।[114] यहॉ वर्ण का अर्थ स्वर और व्यजन आदि वर्णों से लिया गया है।

साहित्यक गोष्ठियॉ एवं शास्त्रार्थ .–

विभिन्न प्रकार की साहित्यक गोष्ठियो के आयोजन मे परमार शासक बडी रूचि लेते थे। इन गोष्ठियो मे विशेषत पद वाक्य विचार, दार्शनिक विचार, ग्रन्थ विशेष से सबधित विचार तथा प्राचीन कवियो के कठस्थ काव्यो के पाठ आदि किये जाते थे।[115] राजा भोज प्रति वर्ष दो बार एक ऐसे उत्सव का आयोजन करता था जिसमे प्रसिद्ध गायक, नर्तक और विद्वान लोग सम्मिलित होते थे। इन्हे वस्त्र धन आदि देकर सम्मानित किया जाता था।[116] इस उत्सव का आयोजन गोष्ठियो के समान ही होता था। जिसमे लोगो का मनोरजन और विद्वानो को अपनी प्रतिभा एव योग्यता प्रदर्शित कर राजाओ द्वारा सम्मान प्राप्त करने का अवसर मिलता था। अबुल फजल कहता है कि भोज ने एक बार अपने दरबार मे पाच सौ विद्वानो को आमन्त्रित किया जिनमे शास्त्रार्थ हुए थे।[117]

नरवर्मन ने भी उज्जैव के महाकालमदिर मे एक बडे शास्त्रार्थ का आयोजन किया था।[118] एक बार उसके दरबार मे दो दक्षिणी पडितो ने वहॉ उपस्थित पंडितो से एक समस्या–"कठे कुठार· कमठे ढकार" – का समाधान पूछा।[119] कहते हैं कि नरवर्मा के कवि जिन वल्लभ ने इस समस्या का समाधान तुरन्त निम्नलिखित पक्तियो मे दिया–

रे रे नृपा । श्री नरवर्मम्न प्रसादनाय क्रियता नतोड् मै

कण्ठे कुठार कमठे ढकारएचक्रे यरुश्वौडग्रखुराग्रधात ।[120]

यह प्रतीत होता है कि समस्या समाधान बुद्धि विलक्षणता की पहचान का सर्वप्रिय माध्यम माना जाता था और राज्य सभाओ अथवा विद्वत सभाओ मे समस्यापूर्ति अथवा अन्य विशेष प्रकार के प्रश्नोत्तरो का क्रम चलता रहता था। तदनुसार किसी श्लोक के पदो मे अर्थ बोध के लिए बिन्दु, यात्रा एव अक्षरो की कमी करके उत्तर पक्षवालो के द्वारा उसकी पूर्ति करवायी जाती थी।[121]

तत्कालीन रचनायें –

वास्तुशास्त्र का शिल्पी किसी प्रासाद के निर्माण के पूर्व दो प्रकार के मानचित्रो का निर्माण करता है – एक भूविस्तार एव दूसरा निर्मेय प्रासाद का आकार प्रकार। ठीक इसी प्रकार साहित्य के क्षेत्र मे काव्य रचना सम्बन्धी विचार भी वाह्य आकार प्रकार के परिलक्षक होते है। दूसरी ओर इन विचारो की आधारभूत शिलाये तत्कालीन रचनाये है। ये रचनाये मूलग्रन्थ, टीकाग्रन्थ तथा फुटकर रूपो मे मिलती है।

मूलग्रन्थ

व्याकरण :–

भोजकृत प्राकृतव्याकरण[122] मे व्याकरण सम्बन्धी नियमो का उल्लेख किया गया है। भोज की दूसरी रचना सरस्वतीकठाभरण[123] भी व्याकरण का एक ब्रहद ग्रन्थ है। जो आठ अध्यायो मे विभक्त है। प्रत्येक अध्याय चार–चार पादों मे विभक्त है। पाणिनी की अष्टाध्यायी के बाद व्याकरण के क्षेत्र मे सरस्वतीकठा भरण को द्वितीय स्थान देने में सभवत कोई आपत्ति न होगी,

व्याकरण के अतिरिक्त सरस्वतीकठाभरण[124] मे अलकारशास्त्र का भी विवेचन है। इसमे काव्य के गुणदोष, शब्दालकार, अर्थालकार, उभयालकार, रसस्वरूप आदि विषयो पर पाच परिच्छदो मे विशद रूप से विचार किया गया है। प्रथम परिच्छेद मे काव्य प्रयोजन, काव्यलक्षण, काव्यभेद, पद, वाक्य एव वाक्यार्थ के क्रमश सोलह दोष और शब्द के चौबीस गुणो का, द्वितीय मे शब्दालकार के चौबीस भेदो का तृतीय मे अर्थालकार के चौबीस भेदो का चतुर्थ मे शब्दार्थ के चौबीस भेदो का और पचम मे रस तथा उनके भेदो का उल्लेख किया गया है।

अलंकार –

भोजकृत श्रृगार प्रकाश[125] अलकार साहित्य का ग्रन्थ है, इसमे इस बात का पूर्णरूप से विवेचन किया गया है कि श्रृगार, अभियान, और अहकार रस के ही पर्यायवाक शब्द है। यह ग्रन्थ कुल छत्तीस प्रकाशो मे विभक्त है। धनिक ने भी काव्यनिर्णय[126] नामक अलकारशास्त्र के एक ग्रन्थ की रचना की है।

ज्योतिषशास्त्र :–

भोजकृत राजमृगाड्क[127] मे मध्यमाधिकार, स्पष्टाधिकार, चन्द्रपर्णाधिकार आदि आठ अध्यायो मे ज्योतिष के सिद्धान्तों का उल्लेख किया गया है। ज्योतिष शास्त्र पर भोज के राजमार्तण्ड[128] नामक एक दूसरा भी ग्रन्थ लिखा। इसमे जन्म से मरणपर्यन्त अनेक शुभ कार्यों के मुहूर्त दिये गये है। इसके रीतिविधि फलम् नामक प्रकरण में सुराचार्य, विशालक्ष और विष्णु के तथा वही पर गण्डयोग मे यवनाधिपति गण्डगिरि, वाराहमिहिर आदि के मत भी दिये गये है।

इसी विषय की भोज की तीसरी पुस्तक आदित्य प्रताप सिद्धान्त[129] है। विद्वजनवल्लभ[130] भी भोज की ही कृति है। इसमे शुभयात्रा बन्धमोक्ष आदि विभिन्न विषयो की चर्चा की गयी है भुजबलनिबन्ध[131] मे भी भोज ने ज्योतिष सम्बन्धी विचारो का उल्लेख किया है। इसमे कुल अठारह अध्याय है– रिष्टाध्याय स्त्रीजात कलक्षणम्, योगाध्याय, व्रतप्रकरण, विवाह, काल शुद्धि निर्णय आदि।

दर्शनशास्त्र :–

आशाधरकृत अध्यात्मरहस्य[132] मे योगकृत तत्वप्रकाश[133] शैव सम्प्रदाय का दार्शनिक ग्रन्थ है। इसमे शैव दर्शनान्तर्गत शैवागम के प्रतीक पति, पशु और पाश की विभिन्न स्थितियो का उल्लेख किया गया है। भोज ने पतजलि के योगसूत्र पर टीका के रूप मे राजमार्तण्ड योग सूत्रवृत्ति[134] लिखी है। उसी ने शैवदर्शन पर शिवत्वरत्नकलिका[135] की रचना की। शैव दर्शन का भोजकृत सिद्धान्तसग्रह[136] एक अनय ग्रन्थ है। देवसेन ने प्राकृत भाषा मे जैन दर्शन पर दर्शनसार[137] की रचना की। अभितगतिकृत पचमग्रह[138] मे जैन दर्शन के सिद्धान्तो का वर्णन है।

राजनीति एव धर्मशास्त्र –

भोज की रचना चाणक्यराजनीतिशास्त्र[139] राजनीतिशास्त्र की पुस्तक है। उसी की दूसरी पुस्तक चारुचार्या[140] है। जिसमे नित्यकर्म शौचविधि, स्नानादि सम्बन्धी विषयो पर विचार किया गया है। युक्तिकल्पतरु[141] नामक भोज की रचना मुख्यत राजनीति का ग्रन्थ है। परन्तु इसमे यत्र तत्र नगर एव नौकाओ आदि की निर्माण विधि का भी उल्लेख किया गया है। इसके अन्य मुख्य विषयो मे अमात्यादि, बल, यान, यात्रा, दूतलक्षण, द्वैध, मत्रिनीति युक्ति

आदि आते है। इसके अतिरिक्त भोज ने पूतमार्तण्ड[142], व्यवहारसमुच्चय[143], और विविधविद्याविचारचतुरा[144] नामक ग्रन्थो का प्रणयन किया है। इनमे से व्यवहारसमुच्चय मे व्यवहार (धर्म और विधि) सम्बन्धी विचारो का चित्रण है। अमितगति ने अमितगतित्रवकचार[145] और धर्मपरीक्षा[146] नामक ग्रन्थो की रचना की है। इनमे क्रमश जैन धर्म का विवेचन और हिन्दू धर्म पर उपहासात्मक ढग से आक्षेप किया गया है। धनपालकृत ऋषभपचशिका[147] मे जैनतीर्थकर ऋषभनाथ की स्तुति की गयी है। आशाधर ने धर्मामृत, नित्यमहोद्योत, राजीमती विप्रलम्भ, और रत्नत्रयविधान की रचना की है जिनमे क्रमश जैनमुनि और श्रावको के आचार जैव तीर्थकरो की पूजाविधि नेमिनाथ की जीवनचर्या और रत्नत्रय की पूजा के महात्म्य का उल्लेख मिलता है।[148] देवेन्द्र ने सिद्ध पचशिका[149] मे आर्यछन्द के पचास प्राकृत श्लोको मे मनुष्य के पारलौकिक जीवन के आनन्द का वर्णन किया है। सत्यपुरीय महावीरउत्सव[150] धनपाल का एक अप्रभ्रश महाकाव्य है। जिसमे जैन महावीर की स्तुति की गयी है। भोज ने सिद्धान्त सारपद्धति मे सूर्य पूजाविधि, प्रायश्चितविधि। आचार्याभिषेकविधि, पादप्रतिष्ठा आदि अनेक विधियो का उल्लेख किया है।[151]

शिल्पशास्त्र :–

मल्लकृत प्रमाणमजरी[152] शिल्पशास्त्र का एक विशेष ग्रन्थ है। इस समय के शिल्पशास्त्र विषय के अन्य ग्रन्थो के मुख्यतया प्रासाद एव देवमदिरो का ही उल्लेख मिलता है। परन्तु प्रमाण मजरी मे ब्राह्मण, क्षत्रिय आदि चारो वर्णों के भवन निर्माण का विस्तृत रूप से उल्लेख किया गया है। भोजकृत समरागणसूत्रधार[153] शिल्पशास्त्र की इस समय की सर्वश्रेष्ठ रचना है। इसमे मुख्यत नगर भवन, और प्रासाद, (मदिर) निर्माण के नियम, प्रतिमा निर्माण के ढग (विभिन्न मुद्राओ मे प्रतिमाओ के निर्माण करने की विधि) का विस्तृत रूप से

उल्लेख किया गया है। इनके अतिरिक्त इसमे चित्रकला की कुछ आवश्यक विधियो एव विभिन्न प्रकार के यत्र (मशीन) निर्माण करने की विधियो का भी उल्लेख है।

काव्य एव नाटक –

देवसेन ने आराधना सागर[154] मे एक सौ पन्द्रह गाथाओ का सग्रह किया है। काव्य एव नाटकवि विषयक के अन्तर्गत प्रभाचन्द्र ने आराधनाकोष,[155] देवेन्द्र ने कर्मग्रन्थ,[156] और भट्टहलायुध ने कविरहस्य[157] नामक ग्रन्थ की रचना की है। भोजशाला से भोज से कूर्मशतक[158] नामक दो प्राकृत काव्य एक शिलालेख पर खुदे हुए उपलब्ध हुए है। प्रत्येक काव्य एक सौ नौ आर्याछन्दो मे लिखित है जिनमे भगवान विष्णु के कच्छपावतार का उल्लेख किया गया है। चम्पूरामायण[159] पाच काण्डो वाली भोज की रचना है। जिसके छठे काण्ड (युद्धकाण्ड) की रचना लक्ष्मण नामक कवि ने की है। जैन धर्म के प्रति भोज की जिज्ञासा तृप्ति के लिए धनपाल ने तिलकमजरी[160] की रचना की। इसमे तत्कालीन सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक स्थितयो का भी यत्र तत्र दिग्दर्शन कराया गया है। धनजय ने दशरूपक[161] नामक नाटक लिखा। पद्मगुप्तपरिमल रचित नवसाहसाकचरित[162] कुल अठारह सर्गो मे विभक्त एक काव्य है। जिसमे सिन्धुराज और नागकन्या शशिप्रभा के विवाह की विस्तृत कथा है। मदन की परिजात मजरी नाटिका[163] नामक ग्रन्थ में कुल् चार खण्ड थे। दुर्भाग्यवश उसके दो ही खण्ड उपलब्ध हुए है। अर्जुनवर्मन एव उनकी पत्नी परिजात मजरी अथवा विजयश्री इस नाटिका के मुख्य पात्र है। प्रहलादनदेव ने पराक्रम पार्थपराक्रमब्यायोग[164] तथा भोज ने महाकाली विजय[165] और विद्याविनोद[166] की रचना की है। भोज की दूसरी रचना श्रृगारमजरीकथा[167] नामक सस्कृत गद्य मे लिखी एक आख्यायिका है। इसमे कुल तेरह कथानक है।

प्रत्येक कथानक मे वेश्याओ के विभिन्न प्रकार के जीवनयापन के ढगो का उल्लेख किया गया है। अमितगति ने सुभाषितरत्न सदोह[168] नामक सुभाषितो का एक सग्रह तैयार किया। यह ग्रन्थ कुल बत्तीस अध्यायो मे विभक्त है। प्रत्येक अध्याय मे बीस अथवा पचीस श्लोको के सग्रह है। इसमे यत्र–तत्र जैन श्रावक धर्म के भी उल्लेख किये गये है। आशाधर ने त्रिषष्ठि स्मृति[169] मे 63 जैन महापुरूषो की कथाये वर्णित की है।

वैद्यकशास्त्र –

भोज ने वैद्यकशास्त्र पर आयुर्वेदसर्वस्व[170] तथा राजमार्तण्ड[171] (योगसार सग्रह) नामक ग्रन्थो की रचना की है। राजमार्तण्ड मे कुल 34 अध्याय (अधिकार) है। जिनमे वृद्ध, युवक एव बालको के प्रत्येक शरीरावयव मे होने वाले विभिन्न रोग के कारणो अथवा निदानो के भी उल्लेख है। इस विषय पर भोज का तीसरा ग्रन्थ विश्रान्त विद्याविनोद[172] है।

भूगोल :–

वाक्पतिराजमुज ने मुजप्रतिदेश व्यवस्था[173] मे भारत की भौगोलिक स्थिति का उल्लेख किया है।

कोशग्रन्थ :–

भट्टहलायुधकृत अभिधान रत्नमाला[174] सस्कृत कोष है। इसके अतिरिक्त भोज ने भी नाममालिका[175] और शब्दानुशासन[176] नामक संस्कृत कोशो का सग्रह किया है। धनपाल ने लच्छीनाममाला[177] नामक प्राकृत भाषा का शब्दकोश तैयार किया है।

टीकाग्रन्थ –

आशाधर ने अष्टाड्गहृदयोद्योत[178] नामक वाणभट्टसहिता की टीका लिखी है। इसी लेखक ने क्रिया कलाप[179] नामक अमरकोष की टीका धर्मामृत पर भव्य कुमुदचन्द्रिका एव ज्ञानदीपिका[180] नामक टीका और भरतेश्वाभ्युदय काव्य पर भरतेश्वराभ्युदयकाव्य[181] नामक टीका ग्रन्थो की रचना की है। इनके अतिरक्त आशाधर ने आराधनासागरटीका,[182] इष्टोपदेशटीका,[183] चतुर्विंशतिस्तवटीका,[184] मूलाराधनाटीका,[185] रुद्रटकृत काव्यालकार की टीका,[186] सटीकसॅहग्रनामस्तव,[187] और सटीक जिनयज्ञकल्प नामक टीका ग्रन्थो की भी रचना की है। प्रभाचन्द्र ने आत्मानुशासन टीका,[188] आदिपुराणटिप्पण,[189] उत्तरपुराणटिप्पण,[190] मूलाधार,[191] रत्नकरण्ड,[192] समाधितन्त्र,[193] सर्वाथसिद्ध और समयसार[194] नामक टीकाग्रन्थो की रचना की है। उज्वट ने यजुर्वेद पर निगमभाष्य[195] नामक टीका और वापसनेहसहिता पर मत्रभाष्य[196] नामक टीका लिखी है। इसी ने ऋग्वेदप्रातिशास्त्र[197] टीका की भी रचना की है। धनपाल ने शोभव के ग्रन्थ चतुर्विंशिका पर चतुर्विंशिका[198] नामक ग्रन्थ लिखा है। धनिक ने दशपावलोक[199] नाम से दशरूपक की टीका लिखी। श्रीचन्द्र ने रविसेनाचार्य विरचित पद्मचरितटीका[200] नामक टीका लिखी है। इसी ने जैनो के महापुराण पर महापुराणटिप्पण[201] नामक टीका की रचना की। भट्टहलायुध ने मृतसजीवनी[202] नामक पिगलछन्दसूत्र की टीका लिखा है। रसिकसजीवनी[203] नामक छमरुशतक के टीका की रचना मालवशासक अर्जुनवर्मन ने की थी। सुल्हण ने केदार विरचित वृत्तरत्नाकर[204] की टीका वृत्तरत्नाकर नामक ग्रन्थ के रूप मे की है।

अन्य ग्रन्थ –

उपरोक्त मूलग्रन्थ एव टीकाग्रन्थो के अतिरिक्त कुछ ऐसे ग्रन्थो का भी नामोल्लेख मिलता है जिनके विषय विभाजन के सम्बन्ध मे साधारणतया कुछ कहना कठिन है। शोभन ने चतुर्विंशिकास्तुति,[205] अमितगति ने चन्द्रप्रज्ञाप्ति, जम्बद्वीपप्रज्ञाप्ति, व्याख्याप्रज्ञप्ति और सार्द्धद्वयद्वीपप्रज्ञाप्ति,[206] वीर ने जम्बूस्वामीचरित,[207] देवसेन ने तत्वसार[208] देवेन्द्र ने धर्मरत्नवृत्ति, सुदर्शनचरित, सिद्धदडीस्तव, श्राद्धजिनकृत्य,[209] प्रभाचन्द्र ने प्रवचनसरोजभास्कर, सगृहमजिका,[210] महासेन ने प्रद्युम्नचरित[211] श्रीचन्द्र ने पुराणसार[212] और भोज ने अश्वशास्त्र पर शालिहोत्र[213] नामक ग्रन्थ की रचना की थी। इस पुस्तक मे अश्वो के शुभाशभ लक्षण तथा गुण–दोष का उल्लेख है। भिन्न–भिन्न ऋतुओ मे अश्वो का किस प्रकार पालन करना चाहिए। इसका भी सकेत किया गया है।

फुटकर रचनायें :–

मूलग्रन्थो एव टीकाग्रन्थो के अतिरिक्त कुछ फुटकर रचनाओ के सदर्भ भी प्राप्त होते है। किन्तु उनके विषय मे यहा यह कहना कठिन है कि ये रचनाये उनके लेखको की किन्ही विशेष पुस्तको से उद्वत है अथवा व केवल उतनी ही मात्र है। जितनी कि उपलब्धियो का सदर्भ प्राप्त है। क्षेमेन्द्र रचित कविकाण्ठाभरण के वाक्पतिराजमुज के नाम से निम्नलिखित श्लोक उद्धत है।

मात्सर्यतीव्रतिभिरावृतदृष्टयो ये,

ते कस्य नाम न खला व्यथयन्ति वेत ।

मन्ये विमुच्य गलकन्दलमिन्दु मौले–

र्येषा सदा वचसि वत्मति कालकूट ।।[214]

क्षेमेन्द्र के औचित्यविचार चर्चा मे भी मुज द्वारा रचित एक श्लोक उपलबध होता है।

अहौ वा हारे वा वलवति रिपौ वा सुहृदि वा,

मगो वा लौष्टे वा कुसुमशयने वा दृषदि वा।

तृणे वा स्त्रैणे वा मम सदृशो यान्ति दिवसा ,

अवचित्यपुण्यारण्यै शिव शिव शिवेति प्रलपत ।।[215]

मुद्रततिलक मे श्री क्षेमेन्द्र ने उत्पलराज के नाम से एक श्लोक का उद्धरण दिया है।[216]

हृतान्जनश्यामरूथस्तैव स्थूला किमित्य श्रृकणा पतन्ति,

मृङ्ग्गाइव व्यायतपङ्क्तयौ ये तनीयसी रोमलता श्रृयन्ति।।

सूत्रस्येवात्र तीक्ष्णाग्र श्लोकस्य लघुना मुखम् ।

कण्र विशति निविध्न सरलत्व च नोज्फति।।

गुर्वक्षरेण सरुद्ध ग्रन्थि युक्तभिवाग्रत ।

करोति प्रथम स्थूल किचित्कर्णकदर्थनाम्।।

वल्लभदेव ने भी अपनी सुभाषितावली में वाक्पतिराजमुज (उत्पलराज) द्वारा लिखित दो श्लाको का उल्लेख किया है।[217]

अहो वा हारे वा कुसुमशयने वा हर्षादि वा,

मणौ वा लौष्टे वा बलवति रिपौ वा सुहृदि वा।

तृणे वा स्त्रैणे वा मम समदृशो यान्ति दिवसा,

कदा पुण्येरण्ये शिवशिव शिवेति प्रलपत ।। 3413

धनोद्यानच्छायापिदमरु पथाछाव दहना–

तुषाराम्नौ वापिमिव विषविपाकादिव सुधाम्।

प्रवृद्धादुन्मादात्प्रकृतिमिव निस्तीर्य विरहाल्लमेय

त्वदमिक्त निरुपमारसा शकर कदा।। 3414

इनके प्रथम श्लोक को क्षेमेन्द्र ने भी अपने ग्रन्थ औचित्य विचार चर्चा मे उदृत किया है।

इनके अतिरिक्त धनिक के दशरूपक की टीका दशरूपावलोक, अर्जुनवर्मा की रसिक सजीवनी एव सारगधर पद्धति मे मुज के नाम से कुछ रचनाओ के सदर्भ मिलते है।[218] परन्तु इनके विषय मे साधारणतया कुछ कहना कठिन है।

वास्तुकला, मूर्तिकला एवं चित्रकला

सास्कृतिक जीवन मे साहित्य के बाद प्रमुख स्थान कला का होता है। जिसके अनेक प्रकार है। जहा तक परमार शासकों का सम्बन्ध है। वे साहित्य के साथ–साथ कला के भी प्रेमी थे। इनके सरक्षण मे वास्तु, मुर्ति एवं चित्रकला की पर्याप्त उन्नति के प्रमाण मिलते है। भोज और उदयादित्य जैसे अनेक सम्राटो ने इस क्षेत्र मे सराहनीय कार्य किये। यद्यपि उनके अधिकाश

मदिर एव प्रासाद मुसलमान मूर्तिमजको ओर आक्रामको ने नष्ट कर दिया, जो बचे है और जो पूर्णत नष्ट नही किये जा सके उनके अवशेष उनकी (परमारो) कीर्ति के ज्वलन्त उदाहरण है।

वास्तुकला

वास्तुकला के इस क्षेत्र को अध्ययन की दृष्टि से दो भागो मे विभक्त किया जा सकता है। धार्मिक वास्तु और लौकिक वास्तु। प्रथम भाग मे देव मदिर, मठ, चैत्य आदि तथा लौकिक मे नगर, दुर्ग, भवन, झील, तालाब आदि आते है। जिनके विवेचन इस प्रकार है–

1 धार्मिक वास्तु –

धार्मिक दृष्टि से परमार शासको ने अन्य समकालीन शासको की तुलना मे अत्यधिक मदिरो का निर्माण कराया, जो कला की दृष्टि से बहुत ही श्रेष्ठ माने गये है। इस समय के स्थापत्य कला की विशिष्टताओ को जानने के लिए कुछ विशिष्ट स्मारको का उल्लेख करना आवश्यक है जो निम्नलिखित है–

उदयपुर का नीलकण्ठेश्वर मंदिर :–

उदयादित्य ने उदयपुर मे नीलकठेश्वर महादेव के मदिर का निर्माण कराया था।[219] इसे उदयेश्वर महादेव भी कहा जाता है। लाल पत्थरो से निर्मित यह मदिर वर्गाकार एक विशाल आगन के मध्य मे स्थित है। इसके शिखर पर एक ओर तो सुन्दर एव बारीक नक्काशीदार देव प्रतिमाए उत्कीर्ण है। दूसरी ओर एक विचित्र मानव का भी चित्र अकित है। इस आकृति को मदिर के निर्माता शिलाकार की मूर्ति माना गया है। वह मानो मदिर के बाहर चारो ओर

एक चहारदीवारी बनी है जिसके बाहरी मुख्य की तरफ सुन्दर नक्काशिया की गयी है। इस प्रकार की भीतरी और लोगो के आराम करने के लिए थोडी–थोडी दूर पर पत्थर की छोटी–छोटी चौकिया (शिलापीठे) बनी है। इस (चहारदीवारी) मे चारो दिशाओ मे चार प्रवेश द्वार है। मदिर मे प्रवेश करने वाला मुख्य द्वार पूर्व दिशा की ओर है। इन सभी द्वारो पर द्वारपालो की प्रतिमाये बनी है।[220]

उपर्युक्त नीलकठेश्वर मदिर आठ अन्य छोटे–छोटे मदिरो से आवृत था। जिनमे से दो तो पूर्णत नष्ट हो चुका है किन्तु छह मदिरो के अवशेष आज भी पाये जाते है। इस मदिर मे बनावट की दृष्टि से गर्भगृह, सभामडप और प्रवेश मडप विशेष उल्लेख है। गर्भगृह मे एक ऊँचे पादपीठ पर एक शिवलिग प्रतिष्ठित है। इस गृह का बहिरग सितारो के समान कई महलो वाला है जिससे गर्भगृह मे अनेक अलकृत कोणे बनी हुई है। जिनमे हिन्दू धर्म के विभिन्न देवी देवताओ की मूर्तिया प्रतिष्ठित है।[221] मदिर के बाहरी हिस्से मे ब्रह्मा, विष्णु, गणेश, कार्तिकेय और अष्टदिग्पालो की मूर्तिया उत्कीर्ण है। शिव और दुर्गा की प्रतिमाये अधिकाश है जो विभिन्न आकृतियो मे बनी है। मदिर के सामने एक हवनकुण्ड भी बना है।[222] स्थापत्यकला की दृष्टि से यह मदिर सर्वाग श्रेष्ठ माना गया है।

वेलगर[223] महोदय के मत मे यह मदिर कलात्मक दृष्टि से गौरवपूर्ण है। इसमें फूलपत्तियो की नक्काशी उदाहरणीय एव अपने ढग का निराली है। ऐसा नही है कि चित्रकारिता के बाहुल्य से मंदिर का सौन्दर्य समाप्त हो गया है। सजावट की प्रभावोत्पादिका शक्ति अन्य उपकरणो के माध्यम से काफी उन्नत है। फर्ग्युसन[224] ने भी इस मदिर के प्रत्येक अवयव मे आकर्षक और बारीक नक्काशी पायी है जो पूर्णत प्रशशनीय है। इस श्रेणी के

ऐसे बहुत ही कम मदिर है जिनमे इस समय की मदिर कला का अच्छा ज्ञान प्राप्त हो सके।

ऊणा नगर के मदिर –

आधुनिक इन्दौर राज्य के दक्षिणी हिस्से को ऊणा के नाम से सम्बोधित किया जाता था। यह नगर परमारो के समय कला की दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण स्थान बन गया था। मालवा के शासको के सरक्षण मे यहा करीब एक दर्जन मदिरो का निर्माण हुआ। यहॉ के मन्दिरो को देखकर यह कहा जा सकता है कि खजुराहो का छोडकर उत्तरी भारत मे ऐसा कोई स्थान नही है जहॉ प्राचीन मदिरो के इतने अधिक अवशेष एक साथ उपलब्ध होते हो। यद्यपि यहॉ के मदिरो की नक्काशी आदि खजुराहो की अपेक्षा बहुत अधिक उत्कृष्ट नही है फिर भी कुछ हद तक ऊणा की तुलना खजुराहो से की जा सकती है। वहॉ हिन्दू और जैन दोनो सम्प्रदायो के मदिरो उपलब्ध है।[225] यहॉ का चौबारादेरा मदिर वास्तुकला की दृष्टि से सराहनीय है। अन्य मदिरो की तरह इसके भी मध्य मे खम्भो पर अवलम्बित तक एक विशाल सभा मडप है। ग्वालियर के सास बहू मदिर की तरह ही इसमे मडप के तीनो तरफ तीन द्वारा मडप (पोचर्स) है। इसके शिखर का कुछ अश ध्वस्त हो गया है। मण्डप के चार गोल सुन्दर नक्काशीदार स्तम्भो के निचले हिस्सो मे स्त्रियो की आकृतियॉ उत्कीर्ण है तथा ऊपर लिटल बना है। इसी लिटल के ऊपर गुम्बदाकार शिखर है। यह शिखर आबू पर्वत पर स्थित वास्तुपाल तेजपाल द्वारा निर्मित दिलवाडा के जैन मदिर की तरह ही उत्कृष्ट माना जाता है।[226] मण्डप के समीप ही एक छोटे सस्ते (गौलरी) से जुटा हुआ गर्भगृह है। गर्भगृह के रास्ते की उत्तरी दीवार पर उदयदित्य की सर्वबन्ध रचनाये खुदी है।[227] मण्डप के सम्मुख प्रवेश द्वार के लिटल पर गणेश, ब्रह्मा, शिव, विष्णु और सरस्वती की मुर्तिया अंकित की गयी

है। गर्भगृह मे शिव और सप्त मातृकाओ की प्रतिमाये प्रतिष्ठित है। शिव प्रतिमा की प्रधानता होने के कारण ही यह मदिर शिव मदिर माना गया है।[228]

चौबारादेरा का उत्तर दिशा मे महाकालेश्वर शिव का एक विशाल मदिर है जिसके गुम्बर का ध्वसावशेष आज भी उपलब्ध है। इसमे दक्षिण दिशा की ओर एक द्वारमडप है। मेहराबे भी बनी है जो क्रमश गर्भ गृह के भीतरी द्वार और सभा मण्डल के बीच वाले स्थल को अलकृत करती है। मण्डल मे ब्रह्मा, शिव तथा एक शिरविहीन नन्दी की प्रतिमा है। शिखर मे यत्रतत्र दरारे हो गयी है जिससे गर्भगृह की दीवारे गिरने की अवस्था मे कुछ झुकी (मसकती) हुई सी प्रतीत होती है। गर्भ गृह के तीनो ओर चमुण्डा, नटेश और त्रिपुरारि की प्रतिमाये प्रतिष्ठित है।[229]

ऊणा मे भी नीलकण्ठेश्वर महादेव का एक मदिर था जिसके मडल शिखर और दालाने (द्वारमडप) अब नष्ट हो गयी है। पुजारियो ने इन दलानो के स्थानो पर अपनी छोटी–छोटी झोपडिया बना ली है। मडप से गर्भगृह मे प्रवेश करने वाले द्वारा का लिटल भी टूटा हुआ है लेकिन समीप वाली दलान दो छोटे–छोटे पत्थरो के खम्भो पर अवलम्बित है। गर्भगृह के सामने वाले दोनो द्वारो के लिटलो पर सुन्दर नक्काशिया की गयी है। जिनमे एक पर सप्तमातृकाओ के साथ नर्तक की मुद्रा मे शिव की प्रतिमा उत्कीर्ण है। गर्भगृह मे एक शिवलिग प्रतिष्ठित है।[230]

नीलकष्ठेश्वर के समीप ही भूमि की सतह के नीचे गुप्तेश्वर महादेव का एक छोटा मदिर है। इसके गर्भगृह की सतह नीकश्ठेश्वर महादेव के गर्भगृह की सतह से तीस फीट नीचे है। इसका शिखर समाप्त हो चुका है। गर्भगृह के सामने वाली फर्श पर पत्थर की ईटे बिछायी गयी है। जिसके आकार एव विस्तार से ऐसा प्रतीत होता है कि यहा एक छोटा सा मण्डप था।[231]

ऊणा मे गोलेश्वर नामक एक अन्य प्रसिद्ध जैन मदिर इसके सभामण्डल के सम्मुख अन्य मदिरो की तरह कोई द्वार मण्डप नही है बल्कि वर्गाकार एक कमरा है गर्भगृह की फर्श मण्डल से करीब दस फीट नीची है जिसमे सभा मण्डल से जाने के लिए कुछ सीढिया बनी है। खजुराहो के पार्श्वनाथ मदिर की तरह ही इसका गुम्बद कई छोटे–छोटे शिखरो से आवृत है। गर्भगृह से बने हुए एक पादपीठ पर एक ही पक्ति मे तीन दिगम्बर जैन मूर्तिया खडी मुद्रा मे प्रतिष्ठित है।[232]

नेगवर के मदिर समूह–

सिद्धनाथ मदिर हर्दा स्टेशन से बारह मील दूर नर्मदा नदी के किनारे यह नगर स्थित है।[233] कला की दृष्टि से यहा का सिद्धेश्वरमदिर उत्तरी भारत का एक उत्कृष्ट नमूना माना जाता है। इसमे सिद्धेश्वर नामक शिव की प्रतिमा प्रतिष्ठित है। नदी के किनारे स्थित होने के कारण बाढ के प्रभाव को रोकने के लिए इसकी नीव खूब दृढ बनायी गयी है। इस मदिर मे भी कलात्मक दृष्टि से सुन्दर, शिखर युक्त, गर्भगृह तथा भव्य नक्काशीदार खम्भो पर अवलम्बित गुम्बदवाला सभामण्डल है। गर्भगृह मे शैवागम के प्रतीको, भैरव, ताण्डवशिव, ब्रह्मा, ब्रह्माणी, महिषा सुरमर्दिनी आदि की मूर्तिया उत्कीर्ण है। मण्डल की भीतरी छत मे कमलपुष्पो के बीच विभिन्न भगिमाओ मे स्त्रियो की प्रतिमाये है। सभा मण्डल तथा दालान के बाहरी हिस्से मे भी सुन्दर–सुन्दर प्रतिमाए उत्कीर्ण है।[234] उदयपुर के नीलकण्ठेश्वर मदिर के शिखर के तरह से इसके शिखर का भी निर्माण किया गया है। इन दोनो शिखरो मे चित्रकारिता बडी ही सूक्ष्म और बडे आकार मे की गयी है। जो परमारकालीन वास्तुकला की विशेषता है।

विष्णु का अपूर्ण मंदिर.–

सिद्धनाथ मदिर की उत्तरी दिशा मे विष्णु का एक अपूर्ण मदिर है। यह केवल एक टीला सा दिखाई पडता है। इसके शिखर मण्डप आदि का कोई स्पष्ट रूप नही मिलता। इसके प्रवेशद्वार मे कई मूर्तिया उत्कीर्ण है जिनमे अधिकाशत विष्णु की ही प्रतीत होती है।[235] जिनसे यह प्रमाणित होता है कि यह विष्णु का ही मदिर रहा होगा।

मोदी गॉव का शिव मदिर –

मोदी नामक परगना मे मुख्य स्थान मोदी नामक गॉव का था। जिसका वास्तु कला की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थान था। यहॉ पर शिव मदिर का एक जीर्ण अवशेष मिला है जिसके अन्य भाग तो नष्ट हो गये है लेकिन गर्भगृह अभी भी सुरक्षित है। प्रवेश द्वार के लिटल पर लकुलिश शिव की प्रतिमा उत्कीर्ण है।[236] ऐसा विश्वास था कि कला की दृष्टि से यह मदिर मालवा मे एक दर्शनीय स्थल रहा होगा।

भोजपुर का शिव मंदिर –

आधुनिक भोपाल राज्य मे भोजपुर नामक गाव का नामोल्लेख मिलता है। जिसे राजा भोज ने अपने नाम पर बसाया था। यहा पर शिव मदिर कला की दृष्टि से सराहनीय था। इस वर्गाकार मदिर का गुम्बद शुण्डाकृतिवाले चार नक्काशीदार प्रशस्त खम्भो पर अवलम्बित है। मदिर के अन्य भाग अस्पष्ट है।[237]

भिलसा का बीज मदिर –

भिलसा बीज मदिर नामक एक मस्जिद है जिसके एक स्तम्भ पर नरवर्मा का एक लेख उत्कीर्ण पाया गया है। उससे यह ज्ञात होता है कि वह चरयिका देवी का उपासक था। इस लेख का देखने से यही आभास होता है कि यह मस्जिद चरयिका देवी का ही मदिर था। इसकी दीवार पर उदयदित्य का भी का लेख पाया गया है।[238] जिससे यह कहा जा सकता है कि यह मस्जिद अपने वास्तविक रूप मे मूलत एक हिन्दू मदिर था। जिसे मुगलो की ध्वसलीला ने मस्जिद के रूप मे परिणत कर दिया।

अर्बुदमण्डल के मंदिर:–

आबू शाखा के परमार शासक भी अनेक देव मदिरो के निर्माता थे। इतिहास साक्षी है कि इनकी राजधानी चन्द्रावती मे 108 मदिर थे। किन्तु अब अधिकाश कालकवलित हो चुके है।

कयाद्रा का अपेश्वर मंदिर :–

सिरोही राज्य मे वासा नामक स्थान से सोलह मील दूर कयाद्रा गाव स्थित है जिसके पश्चिम मे अपेश्वर महादेव का एक मदिर है। इसमे भी गर्भगृह, सभामण्डप और दालाने बनी है। सभामण्डल के मध्य अष्टभुजाकार स्वरूप मे आठ खम्भो पर एक गुम्बद बना है। मदिर के उपगृह के लिटल पर गणेश की प्रतिमा उत्कीर्ण है। गर्भगृह मे एक शिवलिग तथा लिग के पीछे पडने वाली दीवार पर त्रिमूर्ति की एक प्रतिमा बनी है। जिसके तीन मुख और छह भुजाये है। मदिर के सामने तोरणद्वार भी है। गर्भगृह के चारो तरफ कई अन्य छोटे–छोटे मदिर है। उनमे से एक मदिर की ताखाओ मे गणेश, कार्तिकेय, और लकुलिश शिव की दूसरे मे विष्णु, सिंहवाहिनी अम्बिका एव शिवपार्वती और

तीसरे मदिर मे सूर्य की मूर्ति प्रतिष्ठित है। इन मदिर के शिखर ईटो से बने है और ऊपर सगमरमर के मसाले का पलस्तर किया गया है।[239]

मुगथला का मधुसूदन मंदिर :–

आबू सडक से दक्षिण पश्चिम की ओर करीब पाच मील की दूरी पर यह मुगथला नामक गाव स्थित है। इसके उत्तर पश्चिम दिशा मे एक मील की दूरी पर यह मदिर स्थित है। इसके चारो तरफ एक चहारदीवारी और सामने की ओर एक तोरण बना है। विमलशाह के मदिर की तरह ही इसके अन्यान्य भागो की बनावट है। इसमे एक छोटा मदिर, गुधमडप (एक विशाल मडप) और दालान है। इसका शिखर गुर्जर ढग (लाट शैली) का है।[240]

दिलवाडा का जैन मंदिर –

नक्काशी आदि की दृष्टि से जैनियो की यह उत्कृष्टि कृति अत्यन्त प्रसिद्ध है। इसके दालान की छतो मे कमलपुष्पो पर आसीन देवी देवताओ की मूर्तिया उत्कीर्ण की गयी है।[241] यहॉ के विमलशाही और तेजपाल के मदिर महत्वपूर्ण स्थान रखते है। यद्यपि ये दोनो मदिर बाहर से तो साधारण ही दिखाई पडते है परन्तु भीतर इनके खम्भो, दीवारो एव गुम्बदो पर विलक्षण नक्काशिया की गयी है।[242] फर्ग्यूसन के अनुसार इन मदिरो की तुलना मे अन्यत्र कही भी कोई मदिर नही उपलब्ध है।[243]

मदिर निर्माण के आधार भूत सिद्धान्त :–

मदिरो का निर्माण दिशाओ के क्रम से किया जाता था। इस विषय मे भोज ने दिशाओ के क्रम से देवताओ के स्थापन का निम्नलिखित उल्लेख किया है।[244]

दिशाये	देवमदिर
पूर्व	विष्णु, सूर्य, इन्द्र और धर्मराज
आग्नेय	सावित्री और हनुमान
दक्षिण	गणेश, मातृकाये, भूत एव यमराज
नैर्ऋत्य	भद्रकाली
पश्चिम	वरुण और विश्वकर्मा
वायव्य	कात्यायनी
उत्तर	स्कन्द, सोम और कुबेर
ईशान	लक्ष्मी और अग्नि

ये देवमदिर नगर के वाह्य और आभ्यान्तर दोनो भागो मे निर्मित किये जाते है।[245]

वैदिक कालीन यशवेदियो ने ही कालान्तर मे हिन्दू मदिर का रूप धारण किया।[246]

पाद टिप्पणी

1 विशुद्धानद पाठक – उ0भ0 का राज0 इतिहास, पृष्ठ 597

2 Carpus Inscrıptıonum Indıcarum Vol VII P 47-48

3 I A VOL XI, P 220, VOL XIV P 160 VOL VI P 51-53
VOL XIX P 349,VOL XVI, P 254, EI VOL XIX, P-236
VOL XVII,P 322,VOL XXI,P-44,VOL XXXIII, P-135
VOL II, P 180, VOL XXII,P 59,IHQ VOL VIII, P-311,
BOM.Gaz VOL I, Part I, P 472, JASB VOL VII, P 736

4 परम भट्टारक महाराजधिराज परमेश्वर श्रीकृष्णराजदेवपादानुध्यात परमभट्टारक महाराजाधिराज परमेश्वर श्री वैरिसह पादनुध्यात ---- श्री सीयमदेव पादानुध्यात ---- श्रीमद्वागपति राजदेव -----
IA V VOL XIV, P 160, VOL VI, p 51, 53
VOL XIX, P 352, VOL XVI, P 254, EI VOL XVIII, P 322,
VOL II, P.48 VOL VOL XXXIII, P 135, IHR VOL VIII
P 311, JASB.VOL.VII, P 736

5 IA VOL. XIV, P 160

6 I bıd, VOL VI, P 51, EI VOL.XVII, P 322

7 IA VOL XIX, P.349

8 I bid, VOL XVI, P 160, EI VOL.XIX, P 242

9 भूमि य. प्रतिग्रहणाति यस्य भूमि प्रयच्छति उमौ तो पुष्प कर्माणौ नियतौ स्वर्ग गामिनौ।
हर्त्ता हारियता भूमि मद बुद्धिस् तमोवृत स वद्धौवारुणै पाशोस्तिर्यन्योनै प्रजायते।
स्वदत्तां परदत्ता वायौ हरेतवसधरा षष्ढि वर्षसहग्राणी विष्ट्यां जायते कृति ।
EI.VOL XVI, P.255, EI. VOL IX, P 123

10 I A VOL XIV, P 160, VOL XIX, P 348, 352, VOL VI, P 48
EI VOL XVII, P 320, VOL XI, P 181, VOL III, P 48,
IHQ VOL VIII, P 311

11 इति कमलदलाम्बु बिन्दुलोलवियमनुचिन्त्य मनुष्य जीवित च, सकल–भिदमुदाकृतम च बुद्धवा नहि पुरुषै परिकीर्तयौ विलोप्या इति।
IA VOL XIV, P 160, VOL XIX, P 349, VOL VI, P 48, 53, EI VOL XVIII, P 320, VOL XI, P 311, VOL 111, P 48

12 भूमि य प्रतिगृहणाति यस्य भूमि प्रयच्छित उमौ तौ पुण्यकर्माणौ नियतौ स्वर्ग गामिनौ।
हर्ता हारयिता भूमि मद बुद्धिस तमोवृत स वृद्धौ वारुणै पाशेस्तिर्यग्योने प्रजायते।
स्वदत्ता परदत्ता वायो हरेत वसुधरा, षष्ठिवर्ष सहग्राणी विष्ठाया जायते कृभि ।
IA VOL XVI, P 255, VOL XIX, P 253, EI VOL IX,
P 123, VOL XIX, P 69, JASB.VOL VII, P 738
देवी भागवत, नवमस्कन्ध, अध्याय 9–10 से उद्धृत है।

13 EI VOL.XVII, P 320, VOL VIII, P 48, IA VOL XIV,
P 160, VOL VI, P 48, 53 IHq.VOL VIII, P.305

14 ऋवैदिक आर्य, पृ0 147

15 वही, पृ0 147

16 Educational System of the Ancient Hindu's, P 18

17 भोज प्रबन्ध, श्लो0 34 (पृ0 32)

18 ति0 म0, पृ0 64–65 ।

19 वीरमित्रोदय, सस्कार प्रकाश, पृ0 322–25,
मानसोल्लास–3/12/1284–86, ABORI, VOL XXXVI, P 362

20 B P Majumdar, P 149 Smrıtı Chandrıka, P 66-67

21 दृष्टव्य – इसी परिच्छेद मे "शिक्षण सस्थाये"

22 ति0 म0, पृ0 9 ।

23 ति0 म0, पृ0 65 ।

24 श्रृ0 म0, भूमिका, पृ0 12 ।

25 विशेष विवरण के लिए दृष्टव्य, इसी परिच्छेद मे तत्कालीन रचनाये।

26 मानसोल्लास, 3/12/1286–1294,

27 दृष्टव्य परिच्छेद (वर्ण एव जाति व्यवस्था)

28 Sachau VOL I, P 125

29 I bıd, P 125

30 द्रष्टव्य, प्रथम परिच्छेद, (युवराजो की शिक्षा प्रशिक्षा)

31 EI VOL. VI, P 51

32 द्रव्टव्य इसी परिच्छेद मे भोज की रचनाये ।

33 नीतिहीन नरेन्द्राणा नश्यन्ताशु सुसम्प्रद ।

34 निर्दोष गुणवत्काव्यमलङ्कारैरलकृतम् ।
रसान्वित कवि कुर्वन् कीर्ति प्रीतिं च विन्दति ।।
स0 क0, परि0 1, पृ0 2

35 असाधु चाप्रयुक्त च कष्टं चानपर्थक च यत् ।
अन्यार्थक मपुष्टार्थससमर्थ तथैव च।
अप्रतीतस्थ क्लिष्ट गूढ नेयार्थमेव च।
सदिग्ध च विरुद्ध च प्रौक्तऽपयोजकम् ।
वैश्य ग्राम्यमिति स्पष्टा दोषा स्यु ।।
स0 क0 परि0 1, पृ0 3

36 एव पदाना वाक्याना वाक्यार्थानान्च य कवि ।
दोषान् हेयतया वेनिस काव्य कतुमहिति।

37 त्रिविधाश्च गुणा काव्ये भवन्ति कवि सम्मत ।
वाह्याश्चाभ्यन्तराश्चैव ये व यैशेषिका इति।

स0 क0 परि0 1, पृ0 49

38 श्लेष प्रसाद समता माधुयर्य सुकुमारता ।
अर्थव्यक्तिस्तथा कान्तिरूदारत्वमुदात्तता।।
ओजस्तधान्यदौजित्य प्रेयानथ सुशब्दता।
तद्वत समाधि सौदयपन्न ग्राम्मीर्ययमथ विस्तर ।।
सक्षेप समितत्वन्द भाविकत्व गतिस्तथा।
रीतिरूक्तिस्तथा प्रौढिरथैषा लक्ष्यलक्ष्णौ ।।

स0 क0, परि0 1, पृ0 50 ।

39 जतिर्गती रीतिवृत्तिच्छायामुदौक्ति युक्तय ।
मणितिर्गुम्फना शय्या पठितिय।मकानि च।।
श्लेषानुप्रास चित्राणि काकोवाक्य प्रहेलिका।
मूढ प्रश्नोत्तराध्यये भव्य प्रेक्ष्याभिनीतय ।।
चतुर्विंशतिरित्युक्ता शब्दालकार जातय ।

स0 क0, परि0 2, पृ0 140–41

40 विशेष विवरण के लिए द्रष्टव्य राघवन श्रृगार प्रकाश

41 चार व्यजनो वाला श्लोक –
ज जौ जो जा जि जि ज्जा जी त ततोऽतितताततितुत् ।
भा भौ भी भा भि भू भा भू रा रा रि र रि री र र ।।360।।

तीन व्यजनो वाला श्लोक–

देवाना नन्दनो देवो नादनौ वेदनिन्दिनाम् ।

दिय हुदाव नादेन दाने दानव नन्दिन ।।361।।

दो व्यजनो वाला श्लोक–

भूरिभिर्भारिमिर्मी रौ भूर्भारैरभिरैभिरे ।

मेरीरेभिभिर भ्राभैरभी रुभिरिभैरिमा ।।362।।

एक व्यजनो वाला श्लोक –

न नोननुन्नो नुन्नोनो ना नाऽनानानना ननु ।

नुन्नो नुन्नो ननुन्नेनो नाऽनेनानुन्न नुन्ननुन् ।।363।।

– स0 क0, परि0 2, पृ 275–76,

42 ह्रस्व स्वर वाला श्लोक –

ऊरुगु घुगुरू यूतमु चुकृशुस्तुष्टुवु पुरु ।

लुलुमु पुपुषुर्मुत्सु मुमुहुर्तु मुहुर्मुहु ।।377।।

दीघ स्वर वाला श्लोक–

वै धै रै नै रै शै रै न्दै रै जै रै लै जैनै सै ह्वै ।

मै त्रै नै कै धैय।यै वै रै दै स्वै स्वैरै दैवैस्तैस्तै ।।378।।

स0 क0 परि0 2, पृ0 280–81 ।

43 द्रष्टव्य, द्वितीय परिशिष्ट ।

44 स0 क0, परि0 2, पृ0 426–27 ।

45 जातिर्विभावना हेतुरहेतु सूक्ष्ममुत्तरम् ।

विरोध सम्भवौऽन्योन्य परिवृत्तिनिर्दर्शनम ।।2।।

भेद समाहित भ्रान्तिवितर्कौ मीलित स्मृति ।

भाव प्रत्यक्षपूर्णाणि प्रमाणानि च जैसिन। ।।3।।

सं० क०, परि० 3, पृ० 437 ।

46 स० क०, परि० 4, पृ० 397, श्लो० 2–4 ।

47 राघवन, श्रृगाार प्रकाश, पृ० 389 ।

48 वाक्य रसात्मक काव्य,

साहित्य दर्पण, प्रथम परिच्छेद, पृ० 19 ।

49 स० क०, परि० 5, पृ० 538 ।

50 वही, पृ० 539–40, श्लो० 9–12 ।

51 स० क०, पृ० 413–14 ।

52 The Swords of King Udayaditya and Naravarman were equally ready for the protection of the Vernas and the letters of the alphabet.

JBBRAS VOl. XXI, P 351

53 ति० म०, पृ० 179 ।

54 वही, पृ० 57

55 उदाहरण के लिए द्रष्टव्य–युक्तिकल्पतरु, तिलकमजरी, समरागण सूत्रधार, आदि।

56 Pro. Rep ASI Western Circle, 1913, P 55

57 Bhandarkar's Report on the Search for Sanskrit Manuscripts. 1882, P 220

58 EI VOL. VIII, P 101

59 JBBRAS. VOL XXI, P 341-45

60. E I VOL. VIII P. 101

61 रेउ, राजा भोज, पृ० 89 ।

62 JASB, VOL. IX, P.5 8, ARASI, 1918-19, Part 1 P-17

63. IA. VOL. XI, P. 221-22
64. द्वयाश्रव्य महाकाव्य सोलहवां, 75
65. EI. VOL. XI. P.55
66. ति0 भं0, पृ0 55,
67. वही, पृ0 57,
68. EI. VOL. VIII, P. 243-60,
69. रेउ, राजाभोज, पृ0 88–89,
70. वही पृ0 88–89,
71. EI. VOL. VIII, P.101-22,
72. ति0 भं0, पृ0 215, P.C. Tawney, P. 63
73. Great Women of India, P.295
74. संदेशरासक, पृ0 80, 82, 89, 90
75. PC. Tawney, P. 63 63-64
76. Great Women of India, P. 295
77. संदेह रासक, पृ0 80–82
78. वही, पृ0 89–90
79. श्रृं मं0, पृ0 12–15
80. श्रृं मं0, पृ0 12–15
81. वही, पृ0 62
82. PC. Tawney, P. 41-41
83. PC. Tawney, P. 61
84. भोज प्रबन्ध, (बल्लालकृत्त), श्लो0 169–170, (पृ0 163)
85. वही, श्लो0, 168 (पृ0 161)
86. PC. Tawney, P. 66-67

87 PC Tawney, P 40

88 D C Gangulı, History of the Parmara Dynasty, P 63,
भारत के प्राचीन राजवश, पृ0 104–6 । नाथूराम प्रेमी, पृ0 282

89 नाथूराम प्रेमी, पृ0 275

90 प्रमाण मजरी, पृ0 24

91 D C Gangulı, History of the Parmara Dynasty, P 285, 289

92 भारत के प्राचीन राजवश, पृ0 104, नवसाहसाक चरित प्रथम सर्ग ।

93 D C Gangulı, History of the Parmara Dynasty, P 282, 291,

94 नाथूराम प्रेमी, पृ0 275

95 अपभ्रश जैनिग्रन्थ प्रशस्ति सग्रह, पृ0 286

96 अपभ्रश जैनिग्रन्थ प्रशस्ति सग्रह, पृ0 7

97 भारत के प्राचीन राजवश, पृ0 145

98 वही, पृ0 155

99 History of Parmara Dynasty

100 भारत के प्राचीन राजवश, पृ0 159

101. ति0, म0, पृ0 6, श्लो0 53

102 EI VOL I, P 340

103 ABORI, VOL.XI, P 63

104 भारत के प्राचीन राजवश, पृ0 159, अमरू शतक, पृ0 2

105 य सर्वविद्याब्धिना श्री मुजेन ——————
ति0 म0 पृ0 6

106 नवसाहसाकचिरत, प्रथम 8

107. EI. VOL. I, P 235, Verse 18

108. बल्लालकृत, भोज प्रबन्ध, पृ0 58, 61, 221, 239

109 साधित दिहित वत्त, ज्ञात तद्यन्न केनचित् ।
किमन्यत्कविराजस्य श्री भोजस्य प्रशस्यते।।18।।

- E I VOL I P 235

110 अपभ्रश काव्यत्रयी, पृ0 33

111 वक्तृत्यौच्च कवित्व तयर्ककलन प्रज्ञातशास्त्रागम ।
श्रीमदवाक्पतिराजदेव इति य सदभि सदा कीत्यते।।13।।

- EI VOL I P 235

112 अतीत विक्रमादित्ये गतेऽस्त सातवाहने।
कविमित्रे विशत्राम यस्मिन् देवी सरस्वती ।।93।।

नवसाहसाक चरित् ग्यारहवा सर्ग

113 प्रति0 मू0 पाठ, पृ0 25,
P.C Tawney, P 35,

114 JBBRAS VOL XXI, P 351

115 ति0 म0, पृ0 85।

116 Hıstory of the Rıse of Muhamadan Power ın Indıa, Introductıons, P 76

117 Aın-I-Akbarı, VOL 11, P 216

118 भारत के प्राचीन राजवश, पृ0 144,

119 सिधी जैनग्रन्थमाला, ग्रन्थाक, 42, पृ0 13,

120 सिधी जैनग्रन्थमाला, ग्रन्थाक, पृ0 13

121 ति0 म0, पृ0 88।

122 Catalogus Catalogorum, VOL I, P 418

123 यह ग्रन्थ तीन खडो मे प्रकाशित है। त्रिवेन्द्र सस्कृत सीरीज, ग्रन्थाक 117, 127, 140,

124 काव्य माला सीरीज, ग्रन्थाक, 94,

125 यह ग्रन्थ अपने सभी प्रकाशो के साथ अभी पूर्णत प्रकाशित नही हुआ है। इसके कुछ ही प्रकाश यत्र तत्र प्रकाशित हुए है। प्रथम आठ प्रकाशो का सपादन जी0आर0जोयसर महोदय ने 1955 मे इन्टरनेशनल एकेडमी ऑफ सस्कृत रिसर्च मैसूर से किया है। बाइसवे तेइसवे और चौबीसवे प्रकाश यतिराम स्वामी ऑफ मेलकोट (माउन्टरोड मद्रास 1926) द्वारा प्रकाशित हुए है। ग्यारहवा प्रकाश डॉक्टर सस्कृत ने "थीपरीज ऑफ रस एण्ड ध्वनि" नामक ग्रन्थ मे प्रकाशित हुआ है। डॉ0 पी0 राघवन ने अपने शोध प्रबन्ध "भोजम् श्रृगार प्रकाश" पृ0 513–42 मे कुछ प्रकाशो का विस्तृत रूप से उल्लेख किया है।

126 भारत के प्राचीन राजवश, पृ0 105,

127 सपादक के0 माधवकृष्णशर्मा, प्रकाशित – अड्यार लाइब्रेरी बुलेटिन 1940।

128 सपादक – खेमराज श्री कृष्णराज, प्रकाशित श्री वेकटेश्वर प्रेस बम्बई, 1953।

129 Catalogus Catalogorum, VOL 1, P. 418

130 महामहोपाध्याय कुपुस्वामी द्वारा सम्पादित, गवर्नमेन्ट ओरिएन्टल मैनुस्क्रिप्ट लाइब्रेरी, मद्रास की सस्कृत पुस्तको की सूची, भाग, 3, खण्ड 1 बी, पृ0 370, 6–7।

131 कुप्पुस्वामी द्वारा सम्पादित गवर्नमेन्ट ओरिएटल लाइब्रेरी मद्रास की सस्कृत पुस्तको की सूची भाग 4, खण्ड 1 ए, पृ0 45, 62–63।

132 Bhandarkar's Report on the Search For Sanskrit Manuscripts 1883-84, P. 104-5.0

133 त्रिवेन्द्रम संस्कृत सीरीज, ग्रन्थाक 68,

134 हरिदास संस्कृत ग्रन्थमाला, ग्रन्थाक 83,

135 रेउ, राजाभोज, पृ0 237,

136 Catalogus Catalogorum, VOL I, P 418,

137 नाथूराम प्रेमी, पृ0 175, टिप्पणी, 1,

138 वही, पृ0 279,

139 कलकत्ता ओरिएन्टल सीरीज, ग्रन्थाक 2,

140 रेउ, राजा भोज पृ0 236।

141 सपादक ईश्वरचन्द्र शास्त्री, कलकत्ता, 1917,

142 भारत के प्राचीन राजवश, पृ0 119,

143 रेउ, राजा भोज, पृ0 पृ0 236।

144 वही पृष्ठ – 261

145 नाथूराम प्रेमी, पृ0 280।

146 भारतीय जैन सिद्धान्त प्रकाशिनी सस्था, 9 विश्वकोशलेन, बाघ बाजार, कलकत्ता 1922, से यह ग्रथ प्रकाशित हुआ है।

147 नाथूराम प्रेमी, पृ0 410,
Peterson's Fourth Report, Introduction, P 62

148 भारत के प्राचीन राजवश, पृ0 157,

149 नाथूरामप्रेमी, पृ0 410, Peterson's Fourth Report, Interoduction, P 57, IA. VOL XI, P 255.

150 नाथूराम प्रेमी, पृष्ठ 410

151 रेउ, राजा भोज, पृष्ठ 263

152 सम्पादक, डॉ0 कुमारी प्रियबालाशाह, बडौदा 1958,

153 यह ग्रन्थ गायकवाड ओरियन्टल सीरीज बडौदा से दो भागो मे 1924, 1925, मे प्रकाशित हुआ।

154 नाथूराम प्रेमी, पृ0 175,
Peterson's Fourth Report, Instroduction, P 56,

155 नाथूराम प्रेमी, पृ0 290,

156 Peterson's Fourth Report, Instroduction, P 57,

157 भारत के प्राचीन राजवश, पृ0 106,

158 EI VOL VIII, P 241

159 सपादक – वासुदेव लक्ष्मण शास्त्री, पणशीकर, निर्णय सागर प्रेस, बम्बई 1997।

160 काव्यमाला सीरीज, ग्रन्थाक 85।

161 निर्णय सागर प्रेस, बम्बई 1957।

162 चौखम्बा विद्याभवन सस्कृत ग्रन्थमाला, ग्रन्थाक 66, वाराणसी, 1963।

163 EI VOL VIII P 96

164 गायकवाड ओरियटल सीरीज ग्रन्थाक 4,

165 भारत के प्राचीन राजवश, पृ0 120, रेउ, राजाभोज, पृ0 237।

166 वही पृष्ठ 120, 237

167 सिधी, जैन ग्रन्थमाला, ग्रन्थाक 30।

168 काव्यमाला सीरीज, ग्रन्थाक 82।

169 भारत के प्राचीन राजवश पृ0 157।

170 भारत के प्राचीन राजवश पृ0 120।

171. आयुर्वेदीय ग्रन्थमाला, ग्रन्थाक 4 ।

172 भारत के प्राचीन राजवश, पृष्ठ 120, रेउ राजाभोज पृ0 237

173. Asiatic Researches, VOL IX P. 176

174 सरस्वती भवन प्रकाशन माला ग्रथाक 12 (प्रकाशन व्यूरो सूचना विभाग उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

175 डेकन कालेज पोस्ट ग्रेजुएट एण्ड रिसर्च इन्स्टीट्यूट, पूरा, 1953,

176 Catalogus Calalogorum, VOL I P 418

177 श्री शादीलाल जैन, आर0सी0 एच0 बर्ड एण्ड को 239 अब्दुल रहमान स्ट्रीट, बम्बई–3, 1960।

178 नाथूराम प्रेमी, पृ0 290, भारत के प्राचीन राजवश, पृ0 157, Bhandarkar's Report on the Search For Sanskrit' Manuscripts, 1983-84, P 104

179 नाथूराम प्रेमी, पृ0 290, भारत के प्राचीन राजवश, पृ0 157,

180. भारत के प्राचीन राजवश, पृ0 157,

181 वही, पृ0 157,

182 नाथूराम प्रेमी, पृ0 346,

183 वही, पृ0 346,, भारत के प्राचीन राजवश, पृ0 157,

184 वही, पृ0 346, वही, पृ0 157,

185 भारत के प्राचीन राजवश, पृ0 157,

186 नाथूराम प्रेमी, पृ0 346,

187 नाथूराम प्रेमी, पृ0 346, भारत के प्राचीन राजवश, पृ0 157,

188 नाथूराम प्रेमी, पृ0 289–90 ।

189 वही, पृ0 289–90।

190 वही, पृ0 289–90 ।

191 वही, पृ0 288।

192 वही, पृ0 290।

193. वही, पृ0 290।

194 वही, पृ0 290।

195 Peterson's Fourth Report, Introductıon, P 17,

196 Bhandarkar's Report on the Search For Sanskrıt Manuscrıpts. 1882-83, P 3

197 Peterson's Fourth Report, Introductıon, P 17,

198 Hıstory of theParmara Dynasty, P 283

199 Ibıd P 285

200 नाथूराम प्रेमी, पृ0 286,

201 वही, पृ0 287।

202 काव्यमाला सीरीज, ग्रन्थाक 91।

203 हरिदास सस्कृत ग्रन्थमाला, ग्रन्थाक 268 (चौरखम्बा सस्कृत सीरीज वाराणसी 1966)।

204 हरिदास सस्कृत ग्रन्थमाला, ग्रन्थाक 55,

205 सपादक एव प्रकाशित – जैकोबी, जेड0 डी0 एम0 जी0 32 (1878) पृ0 509–34।

206 नाथूराम प्रेमी, पृ0 281,

207 अपभ्रश जैनिग्रन्थ सग्रह छठवा प्रशस्ति

208 नाथूराम प्रेमी, पृ0 175, Peterson's Fourth Report, Introductıon, P 56,

209 Peterson's Fourth Report, Introductıon, P 57,

210 नाथूराम प्रेमी, पृ0 290।

211 वही, पृ0 275।

212 नाथूराम प्रेमी, पृ0 286।

213 Deccan College Postgraduate, and Research Institute Poona, 1953

214 कविकण्ठाभरण, द्वितीय सधि।

215 औचित्य विचारचर्च, पृ0 131 ।

216 मुद्रातितिलक द्वितीय विन्यास, पृ0 37।

217 सुभाषितावली, श्लोक–3414,

218 Hıstory of the Parmara Dynasty, P 276

219 JASB VOL IX P 548

220 The Caltural Herıtage of Madhya Bharat, P 102

221 The struggle for Empıre, P 603

222 Hıstory of the parmara Dynasty, P 261

223 ARASI, VOL VII, P 86

224 Hıstory of the Indıan and Eastern Archıtecture, Vol II P 147

225 Pro Rep ASI, Western Cırlce 1919, P 61-62

226 Pro Rep ASI, Western Cırcle 1919, P 62 Hıstory of Indıan and Eastern Archıtecture, Vol, II, P 42

227 सर्प के आकार मे रचनाये की गयी है।

228 Pro Rop. ASI, Western Circle 1919, P 62, the cultural Heritage of Madhya Bharat, P 133.

229 इसी मदिर की उत्तर पश्चिम दिशा की ओर समीप ही बल्लभेश्वर महादेव का एक छोटा मन्दिर है, इसका भी शिखर टूट गया था लेकिन कुछ समय बाद इसके स्थान पर गुम्बद का निर्माण कर दिया गया। Pro Rep. ASi, Western Cırcle, 1919, P 62-63. -

230 I bıd, P 63,

231 I bid, P 63,

232 I bid, P. 63,

233 Pro Rep. ASI, Western Cırcle, 1921, P 98-106

234 I bıd, P 98-102

235 I bıd, P 102,106

236 Pro Rept ASI Western Cırcle 1920, P 100-102,

237 Imperıal Gazetteer of Indıa, Vol VIII, P 121

238 JAOS VOL VII, P 35

239 Pro Rep ASI Western Cırcle, 1907, R 24-25

240 I bıd, P 26

241 I bıd, P 27

242 EI VOL IX, P 155, VOL VIII, P 218

243 Hıstory of Indıan and Eastern Archıtecture, VOL 11, P 41

244 स0 सू0, दसवा अध्याय

245 स0 सू0, दसवा अध्याय

246 वैदिक कालीन यज्ञवेदी ने निम्नलिखित क्रम से आधुनिक मदिर का रूप धारण किया–

(ı) (वैदिकी वेदी) (ıı) डालमेन (पाषाणपट्टिका) (ııi) अस्थायी देवम् (ıv) गिरि (v) आधुनिक मदिर त्रिवेन्द्रनाथ शुक्ल, भारतीय स्थापत्य, पृ0 214

अध्याय–5

परमार कालीन आर्थिक जीवन

परमार कालीन आर्थिक जीवन

आर्थिक उन्नति के बिना अपेक्षित सामाजिक एव सास्कृतिक विकास सभव नही है। वस्तुत आर्थिक समृद्धि सास्कृतिक विकास का आधार होती है। परमार शासको का प्रशासन मालवा, वागड, मेवाड के कुछ हिस्से उत्तरी गुजरात और बरार के विस्तृत भूभाग पर विद्यमान था। इन सकेतिक भूभागो मे असमान जलवायु होने के कारण आर्थिक दशा का स्वरूप भी असमान ही था।

प्रशासन एव सभयता सस्कृति के विचार के क्षेत्र मे नगर एव ग्रमो का विशेष महत्व होता है। परमारो ने उज्जैन, धारा मान्डू उदयपुर, भिलसा, शेरगढ, अर्थुणा, जालौर ओर किराडू आदि अनेक नगरो का निवेशन किया था। तत्कालीन अभिलेखो पर दृष्टिपात करने से यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि उस समय के नगर एव ग्राम काफी उन्नत दशा मे थे। इस उन्नति के आधार अनेक प्रकार के उद्योग थे।

उद्योग

देश की आर्थिक दशा मे उद्योग धन्धे रीढ का काम करते है। यह अवश्य है कि अपनी प्रकृति एव कार्यो की दृष्टि से आर्थिक विकास के साथ उद्योग धन्धो मे अनेक विविधताए है। भारत के कृषिप्रधान देश होने के कारण कृषि उद्योग को राज्य का प्रश्रय प्राप्त था।

1. **कृषि उद्योग** – परमार प्रशासन मे कृषि सर्वाधिक महत्वपूर्ण आजीविका थी प्राचीन परम्परा के अनुसार समाज मे वर्णव्यवस्था के साथ कार्य व्यवस्था भी अलग–अलग विभक्त थी। यद्यपि धर्मशास्त्र के नियमो के अनुसार वैश्य जाति के लोगो को ही वाणिज्य एव कृषि करने का अधिकार प्राप्त था। परन्तु परमार युग मे कृषि कार्य वैश्यो के अतिरिक्त शूद्र भी करते

थे।[1] ब्राह्मण वर्ग दान मे प्राप्त भूमि पर खेती करने के लिए अन्य जाति के लोगो को नियुक्त करता था। जो सम्भवत शूद्र वर्ग के होते थे।

साधारतया कृषि उद्योग के उपकरणो के विषय मे कुछ कहना कठिन है। कृषि मे जुताई के लिए हल बैलो जैसे पुराने साधनो का उपयोग होता था।

उपज – इस समय की मुख्य उपजो मे धान गेहूँ, जौ, मूग, मसूर, चना, उरद, कोदो (एक प्रकार का मोटा अन्न) और तिल की गणना की जाती थी।[2] व्यापारिक दृष्टि से अफीम, नील, गन्ना और कपास की उपज महत्वपूर्ण थी।[3] इसके अतिरिक्त नारियल, सुपाडी और मजिष्ठा आदि की भी उपज के उल्लेख मिलते है।[4]

सिचाई व्यवस्था – उपज की वृद्धि के लिए प्राकृतिक साधनो के अतिरिक्त कृत्रिम साधनो का भी उपयोग किया जाता था। परमार प्रशासक प्राचीन शासको की भाति तालाब, नहर, कुए आदि का निर्माण कराना अपना कर्त्तव्य समझते थे। इस कर्तव्य के मूल मे सिचाई व्यवस्था मुख्य रूप से निहित होती थी वाक्पतिराजमुज ने मुजसागर नामक एक तालाब, भोज ने भोजसागर तालाब तथा एक विस्तृत झील और उदयादित्य ने उदयसागर का निर्माण कराया था।[5] नरवर्मन के समय भी एक तालाब का निर्माण किया गया था।[6] महाकुमार रहिश्चन्द्र ने बावली, कुये एव तालाबो से युक्त भूमि दान दी थी।[7] इसी प्रकार आबू के परमार शासक पूर्णपाल की बहिन लाहिणी ने भी एक तालाब का निर्माण कराया था।[8] राजाओ के अतिरिक्त जन सामान्य भी इस ओर पर्याप्त सक्रिय था। उदयादित्य के शासनकाल मे जन्न नामक एक तेली (पटेल) ने एक तालाब का निर्माण कराया था।[9] अन्य अभिलेखो मे थिमडाये (मारवाडी कुआ) और हरहट्ट जैसे सिचाई के उपकरणो को दान देने के उल्लेख मिलते है।[10]

2 **स्थानीय उद्योग धन्धे** – विदेश व्यापार के साथ स्थानीय उद्योगो को भी पर्याप्त प्रश्रय प्राप्त था। उपलब्ध साहित्य एव अभिलेखो के अनुसार उनका विवरण निम्नलिखित है –

वस्त्रोद्योग – यह भारत का सबसे प्राचीन उद्योग माना जाता है। परमारकालीन उद्योगो मे भी इसका मुख्य स्थान था। भोज के विवरणो मे कौषेय, कर्पास वार्क्ष और दूकल नाम चार प्रकार के वस्त्रो के उल्लेख मिलते है।[11] क्षीरस्वामी ने इन्हे दूसरे शब्दो मे रेशमी, सूती, और वृक्षो की छाल से बने हुए वस्त्रों के नाम से अभिहित किया है।[12] कच्चे माल, उनके प्रकार और स्थान विशेष एव अन्य भिन्नताओ के कारण उपर्युक्त वस्त्रो मे भिन्नताओ का होना स्वाभाविक था। इसी भिन्नता के कारण ही ये वस्त्र चार जाति के माने जाते थे। दक्षिण पूर्वी समुद्रतट पर रहने वाले कृमि सफेद तथा बारीक रेशे उत्पन्न करते थे। उन देशो से निर्मित वस्त्र ब्राह्मण जातीय कहलाते थे। पश्चिमी समुद्रतट के पीले और सफेद वर्ण के रेशो से निर्मित वस्त्र क्षत्रिय जातीय कहलाते थे। और सर्वसाधारण स्थानो पर पाये जाने वाले कृमियो के मोटे रेशो से बने रेशमी वस्त्र शूद्र जातीय माने जाते थे।[13] इसी प्रकार ऊनी वस्त्र भी चार प्रकार के होते थे।[14] ऊची नीची जातियो के कच्चे माल से बनने वाले वस्त्र उपयोगिता की दृष्टि से हेय माने जाते थे।[15] भोज ने तो यहॉ तक कहा कि ऐसे वस्त्र हानिकारक होते है।[16]

काष्ठ उद्योग – अन्य प्रश्रय प्राप्त व्यवसायो की तरह काष्ठ व्यवसाय भी कम महत्वपूर्ण न था। काष्ठ व्यवसायिओ का एक स्वतत्र वर्ग था जो उपयोगानुसार सिहसान, खटिया, पीठ और मचियॉ आदि बनाता था।

सिंहासन – भोज[17] के अनुसार उस समय राजाओ के लिए सामान्यतया चार हाथ लम्बे तथा चौडे और चार ही हाथ ऊँचे परिमाण के- शुद्ध काष्ठ के सिहासन बनते थे। उनमे सोलह मोढे (पाये) ओर चढने के लिए दो सीढियॉ बनी होती थी।[18] ये सिहासन आठ प्रकार के होते थे, जो सूर्य, चन्द्र आदि भिन्न–भिन्न ग्रहो की दशाओ में उत्पन्न राजाओ के लिए उपयोगी माने जाते थे। उनका नाम क्रमश पद्म, शख, गज, हस, सिह, भृग, मृग, और हय होता था।[19] इन सिहासनो का निर्माण सम्बन्धी विविध विधियो तथा नाप एव उनमे जटित होने वाले रत्नो आदि का विवरण निम्न लिखित है –

गृहदशा भेद से सिहासन निर्माण[20] –

दशा	नाम	काष्ठ	गोडा (पाया)	पुतलियॉ	धातु, रत्न	वस्त्र	चिह्न	फल
1	2	3	4	5	6	7	8	9
सूर्य	पद्म	गाम्भारी	16	12	सोना, पद्मराग	लाल	कमल	यशदायक
चन्द्र	शख	भद्र	16	27	चादी, स्फटिक	सफेद	शख	सुखदायक
सोम	गज	पनस	16	16	सोना, मूगा	लाल	गज	साम्राज्य दायक
मगल	हस	शाल	16	21	सोना, पुष्पराज	पीला	हस	अनिष्टकारक
बुध	सिह	चन्दन	16	21	सोना, हीरा, मोती	सफेद	सिह	भूमिदायक
वृहस्पति	भृग	चम्पक	16	22	सोना, मरकतमणि	नीला	भौरा	शत्रुनासक
शुक्र	मृग	नीम	16	40	सोना, इन्द्र नील	नीला	हिरण	विजय दायक
शनि	हय	मेसर	16	75	सोना, विविध	विचित्र रग	अश्व	विजयदायक

खटिया – काष्ठ से बनी घरेलू उपयोगी वस्तुओ मे खटिया का विशेष महत्व है। परमारो के समय, विजया, पुष्टि, क्षमा, तुष्टि, सुखामन, प्रचण्डा, और सर्वतोभद्रा नामावली आठ प्रकार की खटियाओ का उल्लेख मिलता है।[21] ये प्रकार नाप की विभिन्नताओ के कारण होते थे।

सिरहाने की पाटी को व्युपथान और पैताने (पैर की ओर की पाटी) को निरुपक तथा बगल की दोनो पाटियो को आलिगन के नाम से सम्बोधित किया गया है चार–चार हाथ के आलिगन क्रमश दो–दो हाथ के व्युपथान और निरुपक तथा एक–एक हाथ के चार पायो वाली चारपाई होती थी। इन उपकरणो के नाप का आकलन करने पर इनसे बनी हुई खटिया सोलह हाथ की मानी जाती थी। इसके अतिरिक्त 18 से 30 हाथ तक के नाप वाली खटियाओ का भी उल्लेख मिलता है।[22] विशेष विवरण अग्रलिखित विवरणिका ,द्वारा प्राप्त किया जा सकता है[23] –

आठ प्रकार की खटियाएं

स0	नाम	आलिगन	व्युपथान	गोडा (पाया)	कुल योग	विशेष फल
1	2	3	4	5	6	7
1	मगला	4,4 हाथ	2,2 हाथ	1X4 हाथ	16 हाथ	सामान्य फल
2	विजया	4 1/2, 4 1/2 "	2 1/2, 2 1/2 "	1X4 "	18 "	ऐच्छिक फलदायक
3	पुष्टि	5, 5 "		1 1/4 X 4 "	20 "	धनधान्य दायक
4	क्षमा	" " "	3, 3 "	1 1/2 4 "	22 "	सामान्य
5	तुष्टि	6 6 "	" " "	" " "	24 " -	रोगनाशक
6	सुखासन	6 1/2, 1/2	" " "	4 1/2,4 1/2 "	26 "	——
7	प्रचडा	7, 7	" " "	" " "	28 "	——
8	सर्वतोभद्रा	8, 8	4, 4	꣸ ꣸ ꣸	30 "	ऐच्छिक फलदायक

इन उपर्युक्त खटियाओ मे 16 हाथ वाली खटिया सर्वसाधारण के लिए उपयोगी समझी जाती थी और अन्य खटियाए सूर्य आदि ग्रहो की दशाओ मे उत्पन्न राजाओ के लिए ही उपयोगी होती थी।[24]

पीठ – पीठ निर्माण के लिए गाम्मारी, पनस, चन्दन, बबूल, और पलास की लकडियॉ उपयुक्त समझी जाती थी।[25]

डोली – सोना, चॉदी, तॉबा आदि धातुओ से जडी हुई विभिन्न प्रकार की डोलियो का निर्माण एव उनका विक्रय किया जाता था। परिमाणो की भिन्नता के कारण ये विजया, मगला, क्रूरा आदि छ प्रकार की होती थी। जो निम्नलिखित तालिका मे देखी जा सकती है।[26]

क – चतुर्थ प्रकार की खटिया के गोडो की नाप का कोई स्पष्ट उल्लेख नही मिलता। इस सम्बन्ध मे "सर्वविशतिका" मे इतना ही उल्लेख है परन्तु यह अनुपपन्न है। भोज द्वारा निर्दिष्ट प्रथम तीन प्रकार की खटियाओ के आधार पर गम्भीरता से विचार करने पर तीन हाथ न होकर बाइस हाथ ही ठीक प्रतीत होती है।

ख – यद्यपि भोज ने आठ प्रकार की खटियाओ का निर्देश किया है परन्तु विवरण छ प्रकार के ही मिलते है। छठे और सातवे (सुखासन, प्रचण्डा) खटियाओ की नाम आदि का उल्लेख नही है। यहॉ उपर्युक्त अन्य खटियाओ के परिमाणो के आधार पर इनकी योजना प्रस्तुत की गई है।

डोली निमार्ण भेद

सख्या	नाम	मध्य का नाम	दोनो पार्श्वो का नाम
1	2	3	4
1	विजया	4 हाथ	2 1/2, 2 1/2 हाथ
2	मगला	3 1/2 "	2,2 "
3	क्रूरा	4 "	2 1/2, 2 1/2 "
4	शिवा	4 1/2 "	3, 3 "
5	क्लेशा	5 "	3 1/2, 3 1/2 "
6	शुभा	5 1/2 "	4, 4 "

इस विवरणिका से ज्ञात डोलियो की नाम के अतिरिक्त एक और विशेषता यह थी कि यात्रा के समय इनमे सकेत सूचक पट्ट लगाये जाते थे। जिससे डोलारुढ व्यक्ति के गम्य स्थल का सकेत मिलता था। भोज ने इन सकेत पट्टो के सम्बन्ध मे कहा है कि प्रस्थान करने वाली दोलाओ मे हाथी, युद्ध मे सिह, भ्रमण मे हिरन, क्रीडा मे भ्रमर शत्रु राज्य मे प्रवेश के लिए सर्प और दानकार्य मे जाने वाली दोलाओ मे बैल का चित्र अकित किया जाना चाहिए।[26]

इस प्रकार बनी हुई दोलाओ के छाजनवार और बिना छाजनवार होने के भेद से दो प्रकार होते थे। छाजनवार दोलाये वर्षा और युद्धस्थल आदि प्रतिकूल परिस्थितियो के लिए उपयुक्त होती थी।[27]

पुन ये दोलाये भारवाहको की दृष्टि से कई प्रकार की होती थी। चार व्यक्तियो द्वारा वहन की जाने वाली दोला को चतुर्दोला और आठ व्यक्तियो द्वारा वहन की जाने वाली को अष्टदोला कहा जाता था।[27] डोला निर्माण के लिए चम्पक, पनस, नीम, चन्दन आदि की नकडियो का उपयोग किया जाता था।[28]

नौका – जलमार्ग से यात्रा करने के लिए नौकाओ की आवश्यकता सर्वविदित है। अन्य उद्योगो की तरह उस समय नौका निर्माण की कला भी खूब उन्नत अवस्था मे थी। राजा भोज ने नौकाओ के लिए निम्नलिखित काष्ठ भेद बताया है।[29]

काष्ठ भेद

वर्ण	विशेषता
ब्राह्मण	हल्का, मुलायम, सुघट
क्षत्रिय	दृढ, हल्का, अघट
वैश्य	कोमल, भारी
शूद्र	दृढ और भारी

इनमे क्षत्रिय वर्ण की लकडी से निर्मित नौका सर्वश्रेष्ठ मानी जाती थी मिश्रित वर्ण के काष्ठो से भी नौका बनाने का प्रचलन था किन्तु उसे श्रेष्ठ नही माना जाता था। किसी एक वर्ण की लकडी से बनी नौकाए ही उत्तम समझी जाती थी।[30]

बनावट की दृष्टि से नौकाये सामान्य और विशेष दो प्रकार की होती थी।

सामान्य – सामान्य नौकाए दस प्रकार की होती थी जो निम्नलिखित विवरणिका मे दृष्टव्य है –

सामान्य बनावट

सख्या	नाम	लम्बाई	चौडाई	ऊँचाई
1	2	3	4	4
1	छुद्रा	10 हाथ	2 1/2 हाथ	2 1/2 हाथ
2	मध्यमा	15 "	7 1/2 "	5 "
3.	भीमा	20 "	10 "	5 "
4	चपला	25 "	12 1/2 "	5 "
5	पटला	30 "	15 "	5 "
6	अभया	35 "	17 1/2 "	5 "
7	दीर्घा	40 "	20 "	5 "
8	पत्रपुटा	4 45 "	22 1/2 "	- 5 "
9	गर्भरा	50 "	25 "	5 "
10	मन्थरा	55 "	27 1/2 "	5 "

इनमे कुछ और कुछ अशुभ मानी जाती। जैसे, भीमा अभया और गर्भरा नामक नौकाए शुभ होती थी।

विशेष – विशेष प्रकार की नौकाओ के दो भेद होते थे। दीर्घा और उन्नता/दीर्घा नौका नाप भेद से दस प्रकार की होती थी। दो राजहस्त लम्बी, लम्बाई के आठवे हिस्से के बराबर चौडी तथा लम्बाई के दसवे हिस्से के समान ऊँची परिमाण की नौका दीर्घा कहलाती थी। इसी प्रकार एक–एक राजहस्त वृद्धि के क्रम से तरणि, लोला, गत्वरा, गामिनी, तरि, जपाला, प्लाविनी, धारिणी, और बैगिनी नामक दस प्रकार की नौकाए होती थी जिनका विवरण निम्नलिखित तालिका मे देखा जा सकता है, प्रत्येक राजहस्त 10 साधारण हाथ के बराबर होता था। [31]

दीर्घा नौकाएं [32]

सख्या	नाम	लम्बाई	चौडाई (ल0 का 1/8)	ऊँचाई (ल0 का 1/10)
1	2	3	4	5
1	दीर्घिका	20 हाथ	2 1/2 हाथ	2 हाथ
2	तरणि	30 "	3 3/4 "	3 "
3	लोला	40 "	5 "	4 "
4	गत्वरा	50 "	6 1/4 "	5 "
5	गामिनी	60 "	7 1/2 "	6 "
6	तरि	70 "	8 3/4 "	7 "
7	जधाला	80 "	10 "	8 "
8	प्लाविनी	90 "	11 1/4 "	9 "
9	धारिणी	100 "	12 1/2 "	10 "
10	बैगिनी	110 "	13 3/4 "	11 "

इनमे लोला गामिनी और प्लाविनी नौकाये कष्टकारक मानी जाती थी।[33]

उन्नता नौका भी परिमाणो के क्रम से पॉच प्रकार की होती थी, परन्तु उनकी लम्बाई, चौडाई और ऊँचाई समान होती थी। इसके पाच प्रकारो को निम्नलिखित तालिका मे देखा जा सकता है –

उन्नता नौकायें [34]

1 राजहस्त = 10 हाथ

सख्या	नाम	लम्बाई	चौडाई	ऊँचाई
1	2	3	4	5
1	ऊर्द्धवा	20 हाथ	20 हाथ	20 हाथ
2	अनुर्द्धवा	30 "	30 "	30 "
3	स्वर्णमुखी	40 "	40 "	40 "
4	गाभिणी	50 "	50 "	50 "
5	मन्थरा	60 "	60 "	60 "

इनमे अनुर्द्धवा और गर्भिणी नामक नौकाएं निकृष्ट श्रेणी की समझी जाती थी।[35]

उपरोक्त सभी प्रकार की काष्ठ नौकाओ को विभिन्न रगो एव सोना, चादी आदि धातुओं से अलकृत किया जाता था। चार मस्तूलो वाली नौका को सफदे रग से, तीन वाली को लाल, दो वाली को पीले और एक मस्तूल वाली नौका को नीले रग से रगा जाता था।[35] साथ ही नौकाओ के अग्र भाग मे सिह, वृषभ, सर्प, गज मेढक और मनुष्य के मुख की आकृतिया बनायी जाती थी।[36] आजकल भी नौकाओं के अग्रभाग मे सिह, वृषभ, और मनुष्य की आकृतियॉ पाई जाती है।

उपर्युक्त सामान्य और विशेष प्रकार की नौकाओ के पुन दो भेद होते थे – सगृह और निगृह। सगृह नौकाये भी तीन प्रकार की होती थी – सर्वमदिर, मध्यमदिर तथा अग्रमदिर। जिस नौका के पूरे हिस्से मे कमरा बना होता था, उसे सर्वमदिर, जिसके मध्य भाग मे कमरा हो उसे मध्यमदिर और जिसका केवल अग्रभाग मे कमरा हो उसे अग्रममन्दिर नौका कहा जाता था।[37] मध्य मन्दिर नौकाये आजकल भी पायी जाती है, जिन्हे "बजरा" के नाम से सम्बोधित किया जाता हे। काष्ठ से निर्मित कघी जैसी अन्य छोटी–2 वस्तुओ की भी चर्चाए प्राप्त होती है।[38]

शीशे का व्यवसाय – काच का भी एक स्वतत्र उद्योग होता था। गिलास और दर्पण इसके मुख्य निर्माण थे। दर्पण के विषय मे कुछ विशेष उल्लेख मिलते है। नापभेद से ये भिन्न–भिन्न नाम के होते थे। जिनका उपयोग वर्ण विशेष के लोग करते थे। एक वित्ता परिणाम का भव्य नामक दर्पण होता था। इस प्रकार चार–चार अगुल वृद्धि के क्रम से सुख, जय, क्षेम नामक दर्पणो का उल्लेख मिलता है। जिनका उपयोग ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्यो के लिए विहित था। चार अगुल परिमाण वाला वर्गाकार विजया नामक दर्पण सभी वर्णो के लोगों के लिए उपयुक्त समझाा जाता था।[38] इसके अतिरिक्त मनुष्य की लम्बाई के बराबर, उसकी आधी तथा चौथाई लम्बाई के शीशे (दर्पण) बनते थे।[39] काच की कघी का भी उल्लेख मिलता है।[40] जो इस युग की एक विशेषता थी।

धातु उद्योग – इस क्षेत्र मे भी पर्याप्त उन्नति हुई। लोहा, सोना, चॉदी, पीतल, आदि धातुओ की विभिन्न चीजे बनती थी।

लोहे के कई प्रकार के औजारो का निर्माण किया जाता था। इनमे भाला, कवच, बर्छी, बाण और खड्ग मुख्य थे।[41] इस समय के खड्गो की निर्माण विधि से सबन्धित कुछ विशेष बारीकियो का उल्लेख मिलता है। कलि, उन्ड्र आदि कई प्रकार के लौह भेद माने जाते थे। खड्ग निर्माण के

लिए केवल बज्र नामक लोहे का ही उपयोग किया जाता था।[42] इतना ही नही इसके निर्माण मे सूक्ष्मातिसूक्ष्म दृष्टि रखी जाती थी क्योकि अग, रूप, जाति, नेत्र, अरिष्ट और ध्वनियो के अनुसार ही शुभ और अशुभ खड्गो की पहचान होती थी।

लोग आभूषणो के बडे शौकीन थे। स्त्री पुरुष दोनो ही उसका उपयोग करते थे। सोने, चॉदी के विभिन्न प्रकार के आभूषण बनते थे जिन्हे शरीर के विभिन्न अगो मे धारण किया जाता था।[43] ताबा, पीतल आदि का भी स्वतत्र व्यवसाय था। इससे विभिन्न प्रकार के बर्तन बनते थे। बर्तन व्यवसायी को ठठेरा कहा जाता था।[44]

रत्नोद्योग – राजकीय प्रसाधनो मे रत्नो का विशेष महत्व होता है। विवेच्यकाल मे भी जौहरी विभिन्न प्रकार के रत्नो का व्यवसाय करते थे। जिनमे से कुछ मुख्य रत्नो का विवरण निम्नलिखित है। हीरा – यह ब्राह्मण, क्षत्रिय वैश्य और शूद्र जाति के क्रम से क्रमश श्वेत रक्त, नील और पति वर्ण का होता था।[45] मूगा – यह भी चार वर्णो का माना जाता था। लाल ब्राह्मण सिदूरिये रग का क्षत्रिय, पलास के फूल की तरह आभा वाला वैश्य और रक्त कमल के वर्ण का शूद्र जातीय मूगा समझा जाता था।[46] इसी प्रकार मोती, वैद्वर्य, इन्द्रनीलमणि, पुष्पराज और स्फटिकमणि के भी रगों के आधार पर कई प्रकार होते थे।[47]

हाथी दॉत का व्यवसाय – इससे पीठ और कघी जैसी वस्तुओ का निर्माण किया जाता था।[48]

सीगो की भी कंघियॉ बनती थी जिनके लिए हिरण और भैस की सीगो का अधिक उपयोग किया जाता था।[49]

लोग श्रृगार मे अपने मुख्य रूप से इत्र का उपयोग करते थे।[50] जिससे स्पष्ट होता है कि लोग इत्र बनाने की कला से भली प्रकार परिचित थे।

बास का व्यवसाय – बास की डोलची, पिटारी जैसी वस्तुए बनती थी। किन्तु इनका निर्माण करने वाले शूद्र अथवा अन्त्यज थे और गावो से अलग रहकर अपना कार्य करते थे।[51]

शिल्प व्यवसाय – विभिन्न शिल्पियो के अपने स्वतत्र वर्ग होते थे। भोज[52] से ज्ञात गृहनिर्माण विधि को देखने से उस समय के लोगो की शिल्पकला मे निपुणता का ज्ञान प्राप्त होता है।

इन उपर्युक्त व्यवसायो के अतिरिक्त मोची, बढई, मालाकार, रगरेज, दर्जी, तेली, मछुये और धोबी आदि वर्गों के लोगो के अपने स्वतत्र व्यवसाय थे।

3. वाणिज्य

कृषि के अतिरिक्त वैश्य एव कुछ अन्य लोग व्यापार मे सलग्न थे जिन्हे बनिया या वेष्ठिन कहा था।[53] व्यापार दो प्रकार का होता था। स्थानीय एव विदेशी/स्थानीय व्यवसाय के अतर्गत व्यवसायी राज्य के भीतर के गावो एव नगरो मे अपनी दुकाने खोलकर दैनिक आवश्यकता की वस्तुओ एव उस स्थान से सम्बन्धित अन्य वस्तु विशेष को खरीदते और बेचते थे।[54] छोटे–छोटे गावो मे जहॉ तहॉ साप्ताहिक या विशेष पर्वों पर बाजारे लगती थी जिनमे समीपवर्ती व्यवसायी भी भाग लेते थे। इस प्रकार की बाजारे स्थानीय प्रशासको के नियन्त्रण मे आयोजित की जाती थी। जिससे इनमे भाग लेने वाले व्यवसायी चुगी विक्रीकर आदि विभिन्न करो को चुकाते थे।[55] तत्कालीन साहित्यिक प्रमाणो से यह भी ज्ञात होता है कि बडे–बडे व्यापारी देशी व्यापार के साथ–साथ विदेशी व्यापार भी करते थे। वे जहाजों द्वारा विदेशी व्यापार भी करते थे। वे जहाजो द्वारा सिहलद्वीप तथा सुवर्णभूमि जैसे अनेक सथानो में व्यापारिक वस्तुओ को खरीदने और बेचने जाते थे।[56] पेरीप्लस के अनुसार भडौच का बन्दरगाह इस दृष्टि से अत्यन्त महतवपूर्ण

माना जाता था। अपनी भौगोलिक स्थिति मे यह बन्दरगाह मालवा से होकर प्रवाहित होने वाली नर्मदा नदी एव समुद्र के सगम स्थल पर बना था। यहॉ से व्यापारी लोग भारत के भीतरी हिस्सो से लायी हुई अनेक वस्तुओ को विदेशो मे समुद्री मार्ग से भेजते थे। पेरीप्लस के अनुसार ओजैन (उज्जैन) से व्यापारिक वस्तुए भडोच भेजी जाती थी।[57] यहॉ उज्जैन से तात्पर्य मालवा से है।[58] लाटदेश पर परमारो का पूर्णत अधिकार होने के कारण भडौच के बन्दरगाह पर भी इनका अधिकार था।[59] जिसे बनाये रखने के लिए कई बार परमार शासको को चालुक्यो तथा यादवो से मुठभेडे लेनी पडी थी।

मगध, सौराष्ट्र, कलिग नेपाल तथा वाराणसी से भी परमारो के व्यापारिक सम्बन्ध थे।[60] तत्कालीन साहित्य मे चीनशुक शब्द के प्रयोग से यह प्रतीत होता है कि इनका व्यापार क्षेत्र चीन देश तक विस्तृत था।[61]

व्यापारिक वस्तुए – मजीठ, गुड, नमक, जौ, चीनी, सूत, कपास, नारियल, मक्खन तिल का तेल, सुपाडी और पशुओ के चारे एव अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुए व्यापार विनिमय मे प्रयुक्त होती थी।[62] मगध, सौराष्ट्र, कलिग, नेपाल और वाराणसी से तलवारो का व्यापार होता था। एवं चीन देश से रेशमी कपडे आयात किये जाते थे।[63]

व्यपार प्रणाली – विदेशो से व्यापार करने के लिए व्यापारी अपने अलग–अलग गिरोह बनाकर यात्रा करते थे।[64] शेरगढ शिलालेख मे एक तैलकराज का उल्लेख मिलता है जो तेली समाज का मुखिया था।[65] इसी प्रकार नाविको का भी अपना सगठन (श्रेणी) होता था। तारक चन्द्रकेतु द्वारा नाविको का मुखिया बनाया गया था।[66]

ख. मुद्रा व्यवस्था

मानवीय आवश्यकताओ की पूर्ति हेतु विनिमय के लिए मुद्रा का विशेष महत्व होता है। इसके परिज्ञान से ही किसी देश की आर्थिक नीति एव

उसकी दशा का पूर्ण ज्ञान हो सकता है। परमार कालीन समाज मे विनिमय के इस माध्यम को दीनार, द्रम, रूपक, कार्यापण और पण आदि कई नामो से सबोधित किया जाता था। ये मुद्राये धातु भेद से चार प्रकार की होती थी। – स्वर्णमुद्राये धातु भेद से चार प्रकार की होती थी – स्वर्णमुद्राये, रजत मुद्राये, ताम्र मुद्राये और मिश्रित धातु की मुद्राये। इन मुद्राओ के सापेक्षिक अनुपात मे अनेक भिन्नताये होती थी। ये भिन्नताए आर्थिक नीति के अनुसार धातुओ की मिलावट की दृष्टि से होती थी।

परमारयुग के उपलब्ध सिक्को का आनुपातिक दृष्टि से विवरण प्रस्तुत किया गया है –

दीनार – मेरुतुग ने उज्जैन के विक्रमादित्य एव भोज के सदर्भ मे दीनार नामक सिक्के का उल्लेख किया है।[67] ठयकुरपेरू के अनुसार यह सोने का एक सिक्का था। जो मूल्य मे चार माशो के बराबर होता था।[68]

पारुत्थद्रम – यह मुद्रा चॉदी की बनती थी।[69] नरवर्मन ने जैन विद्वान जिनवल्लभ की विद्वता पर प्रसन्न होकर पुरस्कार स्वरूप उसे तीन लाख पारुत्थद्रम दिया। किन्तु त्यागशील सन्यासी ने केवल दो पारुत्थद्र लेना ही स्वीकार किया था।[70] सी0डी0 दलाल के मतानुसार यह एक विशेष प्रकार का सिक्का होता था। जिसे श्रेष्ठ पारुत्थद्रम और श्रीमत पारुत्थद्रम के नाम से भी अभिहित किया जाता था।[71]

समीक्षात्मक दृष्टि से विचार करने पर पारुत्थद्रम का मूल्य आठ सामान्य द्रम के बराबर ज्ञात होता है।[72] चूँकि एक द्रम 65 ग्रेन का होता था,[73] अत एक पारुत्थद्रम = 65 × 8 = 520 ग्रेन का माना जाएगा।

द्रम – परमार युग का सर्वप्रमुख सिक्का माना जाता था।[74] द्रम ग्रीक द्रम शब्द का ही शुद्ध रूप है जिसका वजन लगभग 65 ग्रेन होता था।[75] इस सिक्के की धातु के विषय मे पर्याप्त मतभेद है। इस सिक्के की धातु के

विषय मे पर्याप्त मतभेद है। पुष्पानियोगी के अनुसार ने यह सोना चादी और ताबे का होता था।[76] अशोक कुमार मजुमदार और अल्टेकर के मत मे यह केवल साने ओर चॉदी से ही निर्मित होता था।[78] किन्तु डॉ0 डी0 आर0 भण्डारकर उसे केवल चॉदी का ही सिक्का मानते है।[79] लल्लनजी गोपाल एव मिराशी महोदय ने भी भडारकर के मत का समर्थन किया है।[80]

इस सन्दर्भ मे एक उल्लेखनीय बात यह है कि उस समय चॉदी और ताबे के सिक्को का खूब प्रचलन था। सोने के सिक्को के बहुतकम उल्लेख मिलते है। केवल उदयादित्य ने अपने शासन काल मे सोने के सिक्के चलाये थे।[81] अत यह कहा जा सकता है कि द्रम चॉदी का सिक्का होता था। गणितसार के अनुसार एक द्रम का मूल्य पॉच रुपक के बराबर माना जाता था।[82]

रूपक – यह चॉदी का सिक्का होता था।[83] जिसके मूल्य के बारे मे मतभेद पाया जाता है। बी0एन0 पुरी के अनुसार इसका मूल्य द्रम के चतुर्थांश से बीसवा हिस्से (1/4 से 1/20) तक के बीच का होता था।[1] गणितसार के अनुसार यह द्रम का पाचवा भाग (1 द्रम = 5 रुपक) होता था।[84] इस रूपक का ही एक भेद अर्द्धरूपक था जो मूल्य मे रूपक का आधा माना जाता था।[85] चूँकि एक द्रम मे बीस विशोपक होते है,[86] और गणितसार के अनुसार रूपक एक द्रम के पॉचवे हिस्से के बराबर माना जाता था। अत एक रूपक का मूल्य चार विशोपक माना जाना चाहिए।

टंक – मेरुतुग ने भोज प्रबन्ध के सन्दर्भ में टक नामक सिक्के का उल्लेख किया है।[87] यह सिक्का चॉदी का होता थां तथा वजन मे 172 8 ग्रेन के बराबर होता था।[88] अल्टेकर के अनुसार इसका वजन एक तोला होता था।[89]

कार्षापण – भोज ने एक स्थलपर कार्षापण नामक सिक्के का उल्लेख किया है।[90] यह भी चॉदी की ही एक मुद्रा थी परन्तु मूल्य मे यह टक से छोटी होती थी।[91] इसका वजन एक कर्षण अथवा 80 रत्ती होता था।[92]

बराह – शेरगढ शिलालेख मे इस सिक्के का नामोल्लेख है।[93] इसका वजन 60 ग्रेन के लगभग होता था।[94]

विशोपक – जयसिह के पेन्हरा शिलालेख मे इस सिक्के का उल्लेख मिलता है।[95] डॉ0 भडारकर के अनुसार यह ताबे का सिक्का होता था, तथा मूल्य मे द्रम का बीसवा (1/20 द्रम = 1 विशोपक) हिस्सा माना जाता था। छवकुकपेरू ने भी बीस विशोपक को एक द्रम के बराबर माना है।[95] मीराशी के मतानुसार द्रम का बीसवा भाग होने के कारण ही इसे विशोपक के नाम से पुकारा जाता था। [96] वागड के परमार शासक चामुडराज के अर्थुणा शिलालेख मे वृषविशोपक नामक एक सिक्के का उल्लेख मिलता है।[97] मालवा के शासक उदयादित्य के शेरगढ शिलालेख मे इसका केवल वृषभ के नाम से उल्लेख किया गया है।[98] यह विशोपक का ही एक भेद होता था। इसी कारण इसे वृषभ और वृषि वृषभशोपक के नाम से पुकारा जाता था।

पण – यह सम्भवत. ताबे का सिक्का होता था, जो विशोपक का ही एक भेद माना जाता था। एक पण का मूल्य पॉच कौडी के बराबर होता था।[99]

कपर्दक वोडी – कपर्दक वोडी नामक अन्य सिक्के का उल्लेख शेरगढ शिलालेख मे मिलता है। एक पर्णशाला मे धूप जलाने के लिए एक कपर्दक वोडी दान दिये जाने का उल्लेख है।[99] सम्भवत यह भी ताम्बे का ही सिक्का होता था, जिसका मूल्य चार पण या बीस कौडी के बराबर होता था।[101]

उपर्युक्त विवरण के आधार पर परमारकाल की मुद्रा व्यवस्था निम्नलिखित तालिका मे स्पष्ट रूप से देखी जा सकती है।

क्रम स0	दीनार	धातु	मूल्य
1	दीनार	सोना	4 माशा
2	पारुत्थद्रम	चॉदी	8 द्रम
3	द्रम	चॉदी	5 रुपक
4	रूपक	चॉदी	4 विशोपक
5	टक	चॉदी	1 तोला
6	कार्षापण	चॉदी	80 रत्ती
7	वराह	चॉदी	60 ग्रेन (वजन)
8	विशोपक	ताम्बा	1/20 द्रम
9	पण	ताम्बा	5 कौडी
10	कपर्दकवोडी	ताम्बा	5 पण या 20 कौडी

इनके अतिरिक्त ठवकुरपेरु[102] ने अपने द्रव्य परीक्षा नामक ग्रन्थ मे इस समय की कुछ विशेष प्रकार के सिक्को का उल्लेख किया है जो मिश्रित धातु के होते थे। सम्भवत इनमे आनुपातिक दृष्टि से जितनी चादी होती थी उतना ही उनका मूल्य माना जाता था। वजन मे ये मुद्राये प्राय 1 टक 10 यव के बराबर होती थी।[103] पेरु द्वारा निर्दिष्ट मुद्राओ का विवरण निम्नलिखित सारणी मे देखा जा सकता है।

क्र0 स0	मुद्राओ के नाम	वजन	चॉदी की मात्रा
1	शिवगुढा मुद्रा (1)	---	100 सिक्के मे 1 तोला 3 माशा
2	खाल्गा मुद्रा (1)	---	100 सिक्के मे 1 तोला 8 माशा
3	गलहुलिया मुद्रा (1)	---	100 सिक्के मे 1 तोला 8 माशा
4	जकारिया मुद्रा (1)	---	100 सिक्के मे 1 तोला 8 माशा
5	कौकदिया मुद्रा (2)	---	100 सिक्के मे 1 तोला 8 माशा
6	दियालपुरीय मुद्रा (3)	---	100 सिक्के मे 1 तोला 8 माशा
7	कुण्डलिया मुद्रा (4)	---	100 सिक्के मे 1 तोला 8 माशा
8	कौलिया मुद्रा (5)	---	100 सिक्के मे 1 तोला 8 माशा
9	छद्यलिया मुद्रा (5)	---	100 सिक्के मे 1 तोला 8 माशा
10	सैलदित्तोगद मुद्रा (7)	---	100 सिक्के मे 1 तोला 8 माशा
11	जनिया चित्तौरी मुद्रा (8)	---	100 सिक्के मे 1 तोला 8 माशा

इसमे प्रथम चार सिक्को के वजन बारे मे कोई स्पष्ट उल्लेख नही मिलता है।

इन मुद्राओ के अतिरिक्त ठवकुरपेरू ने इस समय की कुछ मुहरो का भी उल्लेख किया है, जिनके नाम थे– वापडा, मलीट, सिहमार, और चौरमार। ये चॉदी की होती थी तथा खजाने मे इनका सचय प्राय द्रव्य को एकत्र करने की दृष्टि से किया जाता था। उपयुर्क्त चारो मुहरो का मूल्य क्रमश 14 तोला, 14 तोला 3 माशा, 13 तोला और 13 तोला चॉदी होता था। मलीट और चौरमार का वजन एक टक होता था। परन्तु वापडा एव सिहमारा के बारे मे कोई सपष्ट ज्ञान नही है।[104]

ग. मापतौल और बाट

ऐतिहासिक पृष्टिभूमि मे समय विशेष एव स्थान विशेष के आर्थिक दशा को समझने के लिए मापतौल के प्रणाली का ज्ञान आवश्यक होता है। विभिन्न पहलुओं के माप तौल की योजना भिन्न समयो मे भिन्न–भिन्न रही है। यहॉ परमार प्रशासनिक माप–तौल को दृष्टि मे रखते हुए उपलब्ध विवरणो का निर्देश दिया गया है।

माप

दूरी नापने के माप – दूरी की नाप मे सर्वप्रथम रेणु का नाम आता है। रथ के चलने से उडने वाले कणो को रेणु कहते है।[105] भोज के अनुशार –

1 रेणु = 1 बालाग्र (बाल की नोक)

8 बालाग्र = 1 लिक्षा (सिर का एक विशेष प्रकार का जूॅ (लीख)

8 लिक्षा = 1 यूका (बडा जूॅ)

8 यूका = 1 यवमध्य

बालाग्रो आदि का उल्लेख कौटिल्य ने भी किया है।[106] सामान्यतया आठ यवमध्यो (जौ का मध्य भाग) का एक अगुल होता है। किन्तु परमार समय मे अगुल के तीन प्रकार के मापो का उल्लेख मिलता है।[107]

8 यवमध्य = ज्येष्ठ अगुल

7 " = मध्यम अगुल

6 " = कनिष्ठ अगुल

अगुल के गणना भेद के अनुसाार लम्बाई नापने के विभिन्न नाप निम्नलिखित है –[108]

1 अगुल	प्रमाण	नाप को	मात्रा
1 "	"	"	क्ला
2 "	"	"	पर्व
3 "	"	"	मुष्ठि
4 "	"	"	तल
5 "	"	"	करपाद
6 "	"	"	दिष्टि
7 "	"	"	तूणि
8 "	"	"	प्रादेश
9 "	"	"	शयताल
10 "	"	"	गोकर्ण
11 "	"	"	प्रादेश
12 "	"	"	शयताल
14 "	"	"	गोकर्ण
21 "	"	"	प्रादेश
106 "	"	"	शयताल

चौबीस अगुल प्रमाण नाप को एक हस्त कहा जाता है। हस्त तीन प्रकार के होते थे।

8 अगुल प्रमाण का प्राशय (ज्येष्ठ) हस्त

7 " " " साधारण (मध्यम) हस्त

6 " " " मात्राशय (लघु) हस्त

पुरो एव ग्रामो आदि के देवमदिरो, भवनो आदि के निर्माण और गलियो आदि मे, विभागीकरण मे "प्राशय" नाम हस्त का प्रयोग किया जाता था। तलो की ऊँचाई, स्तम्भो, जलृहो और सुरगादि मे 'साधारण' तथा कूप और वापी के प्रमाणो को नापने के लिए "मात्राशय" नामक हस्त का उपयोग किया जाता था।[109]

हस्तमापो के अतिरिक्त दूरी नापने की तीन और विधियॉ प्रचलित थी।

1 कृषि भूमि की नाप विधि

2 राज एव पुर निवेश की मापविधि

3 मार्ग मापन प्रणाली

(1) हल – परमार अभिलेखो मे भूमि माप के रूप मे हल शब्द का उल्लेख मिलता है। इसे भूहल और हलबाह नामो से भी सम्बोधित किया जाता था।[110] भोज ने चार हल, यशोवर्मा ने दो भूहल तथा-आबू शासक धारावर्ष ने दो हलवाह भूमि दान दी थी।[111] पाणिनी[112] पतजलि[113] और बाणभट्ट[114] जैसे प्राचीन ग्रन्थकारो ने भी भूमि नाप के सम्बन्ध मे हल शब्द का उल्लेख किया है। पुष्पानियोगी के अनुसार एक दिन मे एक हल द्वारा जोती गयी भूमि को एक हल भूमि कहा जाता था।[115] परन्तु एक हल से कितनी भूमि जोती जाती थी, यह अस्पष्ट है।

उपरोक्त कथनो की समीक्षा से यह बात स्पष्ट है कि एक ओर काणे महोदय के अनुसार 6 बैलो द्वारा एक दिन मे जोती गयी भूमि को एक निवर्तन कहा जाता था।[116] दूसरी ओर मिताक्षरा मे 200 हाथ वर्गाकार भूमि को एक निवर्तन कहा गया है।[117] पुष्पानियोगी के अनुसार एक हल यानी दो बैलो द्वारा जाती गयी भूमि को एक हल भूमि कहा गया है।[118] इन कथनो की परस्पर सामन्जस्यपूर्ण समीक्षा से यह प्रतीत होता है कि –

6 बैलो से – हल से – जोती जाने वाली भूमि – काणे

= 200 हाथ वर्गाकार भूमि – मिताक्षरा

= 1 निवर्तन

चूँकि एक हल मे दो बैल होते है ओर एक हल से जोती गयी भूमि एक हल भूमि होती हे, इसलिए 200 हाथ वर्गाकार तृतीयाश 66 2/3 वर्गाकार हाथ भूमि दो बैलो वाले एक हल के लिए उपयुक्त है। इस प्रकार यह स्पष्ट होता है कि एक हल भूमि = 66 2/3 हाथ होती थी।

निवर्तन – तत्कालीन अभिलेखो मे भूमिनाप के सदर्भ मे निवर्तन भूमि का एक ब्राह्मण को दान दी।[119] निवर्तमान नामक यह नाप कोई नवीन नाप नही था, बल्कि भूमि नाप के सदर्भ मे इसका उल्लेख पहले से ही पाया जाता है। कौटिल्य ने भी निवर्तमान शब्द का उल्लेख किया है। तद्नुसार[120] –

4 अरत्नि = 1 दण्ड

10 दण्ड = 1 रज्जु

3 रज्जु = 1 निवर्तन होता था।

बोधायन धर्मसूत्र मे भी भूमिनाप के लिए निवर्तन का उल्लेख मिलता है।[121] काणे महोदय के अनुसार 6 अथवा 8 बैलो ,द्वारा एक दिन मे जोती गयी भूमि को एक निवर्तन कहा जाता था। निवर्तन शब्द की व्युत्पत्ति की

ओर सकेत करते हुए उन्होने कहा है कि "नि" उपसर्ग "वृ" धातु से निष्पन्न निवर्तन शब्द का अर्थ एक दिन मे जोती जाने वाली भूमि है।[122] मिाक्षरा के अनुसार 200 हाथ वर्गाकार भूमि को एक निवर्तन कहा जाता है।[123] अन्य प्रमाणो से भी स्पष्ट होता है कि एक निश्चित नाप वाली वर्गाकार भूमि को निवर्तन कहा जाता था।[124]

(2) भोज ने पुर एव ग्राम निवेश की दृष्टि से भूमि नाप की एक अन्य विधि निर्दिष्ट की है। जो निम्नलिखित है –

24 अगुल = 1 हस्त[125]

10 हाथ 1 राजहस्त[126]

10 राजहस्त = 1 राजदण्ड[127]

10 राजदण्ड = 1 राजछत्र

10 राजदण्ड = 1 राजकाण

10 राजदण्ड = 1 राजपुरुष

10 राजदण्ड = 1 राजप्रधानी

10 राजदण्ड = 1 राजक्षेत्र

(3) मार्ग आदि की दूरी नापने के लिए निम्नलिखित सकेत मिलते है।[128]

100 धनु = 1 क्रोश

2 क्रोश = 1 गव्यूति

1 गव्यूति = 1 योजन

बाट – विवेच्य काल मे वस्तुओ को तोलने के लिए विभिन्न प्रकार के बाटो के उल्लेख मिलते है।

कर्ष – आबू शासक चमुडराज के अर्घुणा शिलालेख मे कर्ष का नामोल्लेख मिलता है।[129] सस्कृत साहित्य मे इसका उल्लेख सोना, चादी और ताबा तालने के बाट के रूप मे मिलता है। [130] कार्षापण नामक सिक्के का वजन एक कर्ष होता है।[131] शुक्रनीतिसार के अनुसार कर्ष का वजन जैसा कि अधोलिखित विवरण से स्पष्ट है। 10 माशा होता था[132] –

10 गुजा = 1 माशा

10 माशा = 1 कर्ष

10 कर्ष = 1 पदार्थ

10 पदार्थ = 1 प्रस्थ

परमारकाल मे कर्ष नामक बटखरे का उपयोग सोना चादी आदि धातुओ को तोलने के लिए नही बल्कि मक्खन और तेल तौलने के लिए किया जाता था।[133]

पालिका – तत्कालीन अभिलेखो मे पालिका नामक एक दूसरे बटखरे का भी उल्लेख मिलता है।[134] इसे "पल" के नाम से ाी अभिहित किया जाता था।[135] प0 गौरी शकर हीराचन्द ओझा के अनुसार यह छ तोला वजन का तेल तौलने वाला एक बाट होता था।[136] इसका उपयोग तेल, घी, और मक्खन तौने के लिए किया जाता था।[137]

घटक – यह भी मक्खन, घी और तेल नापने का एक पात्र था।[138]

द्रोण – द्रोण नामक मात्रा माप का भी उल्लेख मिलता है।[139] इसका उपयोग विशेष अन्न तौलने के लिए किया जाता था।[140] इसके वजन मे बारे मे मतभेद है। मनु[141] के अनुसार द्रोण आठ सेर वजन का एक बटखरा होता था। परन्तु कौटिल्य[142] ने भिन्न वजन वाले चार प्रकार के द्रोणो का उल्लेख किया है। जो निम्मलिखित है –

200 पल = आयमान द्रोण (राजकीय आय को मापने योग्य)

187 1/2 पल = व्यवस्थित द्रोण (सर्वमान्य के लिए उपयोगी)

175 पल = भावनीय द्रोण (भृत्यभोगी)

162 1/2 पल = अत पुर भाजनीय द्रोण (अन्त पुर के लिए उपयोगी)

कौटिल्य ने उपर्युकत चारो प्रकार के द्रोणो का विभाजन साढ बारह पल के अतर से किया है। परमार कालीन पार–नारायण शिलालेख के सम्पादक विश्वेश्वरनाथ शास्त्री ने द्रोण का वजन 32 सेन आका है।[143]

खारी – आबू शासक प्रताप सिह के पारनारायण शिलालेख मे खारी का उललेख मिलता है।[144] कौटिल्य के अनुसार एक खारी का वजन सोलह द्रोण के बराबर होता था। परन्तु उपर्युक्त चार प्रकार के द्रोणो मे यहॉ उन्होंने जिस द्रोण कस सकेत किया है इसका स्पष्टीकरण नही है। बानेर्ट महोदय ने एक खारी का वजन चार द्रोण के बराबर माना है।[145] उपर्युक्त पारनारायण लेख के सम्पादक प0 विश्वेश्वरनाथ शास्त्री ने खारी को 36 सेर वजन का बाट माना गया है।[146]

कुडव – तत्लकालीन अभिलेखो मे कुडव का उल्लेख मिलता है।[147] जो बारह मुट्ठी का अन्न नापने वाला एक पात्र होता था।[148]

से – यह भी एक प्रकार का बाट था जिसका उपयोग प्राय. अन्न तौलने के लिए ही किया जाता था।[149] पंडित रामकरण के अनुसार से 15 सेर वजन का एक बाट था।[150] परन्तु भडारकर महोदय ने इसका वजन चार माणा आका है।[151]

माणी[152] – इसका भी उपयोग सभवत अन्न मापने के लिए ही किया जाता था। यह आठ पल वजन वाला एक बाट था।[152] परन्तु श्रीधर के अनुसार एक माणी का वजन चार हारी के बराबर माना जाता था।[153]

